15-JD-Dec-25:29-dummy-1 12/15/2025 9:02 AM Page 1

# जबलपुर दर्पण

RNI-MPHIN64079
Post-J2/RNP/31/2021-2023
Emai l-jabalpurdarpan@gmai l.com
Emai l-jdnews@gmai l.com
-9425829211/7974653740
www.jabalpurdarpan.in
जबलपुर,सोमवार 15 दिसम्बर 2025
@jabalpurdarpan #jabalpurdarpan
पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए
वर्ष-11 अंक-121

## मप्र भाजपा को मिला नया प्रदेश अध्यक्ष

# अश्वनी पराँजपे बनी भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष

नगर प्रतिनिधि ■ जबलपुर दर्पण
www.jabalpurdarpan.in

संस्कारधानी आशीर्वाद की भूमि है जिसने यहां पूरी कर्तव्य निष्ठा से कार्य किया है उसे संस्कारधानी में जरूर आशीर्वाद दिया है बहन को प्राप्त आशीर्वाद में सभी बहनों के सहयोग के साथ सभी भाइयों का भी पूर्ण सहयोग रहा है, भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने जबलपुर की बेटी को सम्मान देकर जबलपुर की कार्यकर्ताओ का मान बढ़ाया है इसके लिए मैं केंद्रीय और प्रदेश के नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करती हूं यह बात भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष का पदभार ग्रहण के पश्चात प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती अश्विनी परांजपे राजवाड़े ने स्वागत रैली के समापन अवसर पर भाजपा संभागीय कार्यालय रानीताल में कार्यकर्ताओं



को संबोधित करते हुए कही।श्रीमती अश्विनी परांजपे के पदभार ग्रहण करने के पश्चात प्रथम नगर आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पिसनहारी की मडिया में भव्य स्वागत कर उनकी अगवानी की इसके पश्चात स्वागत रैली त्रिपुरी चौक से पंडा की मडिया, शाहीनाका, संजीवनी नगर से कछपुरा ब्रिज होते हुए यादव कॉलोनी से रानीताल चौक से भाजपा कार्यालय पहुंची, कार्यालय में श्रीमती पराँजपे के स्वागत हेतु अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया जिसमें भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, विधायक अशोक रोहाणी, अभिलाष पांडे, नीरज सिंह, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज बिज, प्रभात साहू, जीएस ठाकुर, संदीप जैन, रजनीश यादव, सुषमा जैन प्रीति बाजपेई, रत्ना श्रीवास्तव, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रूपा राव की उपस्थिति में भाजपा कार्यकर्ताओ और महिला मोर्चा की बहिनों ने अभूतपूर्व अभिनंदन किया।

इस अवसर पर अभय सिंह ठाकुर, राजेश मिश्रा, कैलाश साहू, जय सचदेवा, रोहित जैन, प्रणीत वर्मा, श्रीराम शुक्ला, कमलेश अग्रवाल, कमलेश अग्रवाल, सुषमा जैन, रजनी यादव, प्रीति बाजपेई, रत्ना श्रीवास्तव, मधुबाला राजपूत, माधुरी सोनकर, मालती चौधरी, पूजा पटेल, प्रिया तिवारी, लश्मी चक्रवर्ती, शारदा कुशवाहा, अंशुल यादव, सोनिया सिंह, प्रतिभा भापकर, रजनी साहू,आत्मिका सिंह, अर्चना अग्रवाल, रोशनी बबेले, नूपुर लखेरा, दीपिका चौहान, नीतू सिंह, मोना साहू, दीपमाला केसरवानी, तनुश्री सिंह, विभा उपाध्याय, कल्पना तिवारी, दीपमाला सोनकर, सोनू बचवानी, राहुल रजक, सपन यादव, श्रीकान्त साहू, रवि शर्मा आदि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बांग्लादेश में चुनाव से पहले भड़की हिंसा, नकेल कसने के लिए 'ऑपरेशन डेविल हंट-2'

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश में मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने अगले वर्ष फरवरी में होने वाले चुनावों से पहले नए सिरे से भड़की हिंसा को रोकने की आवश्यकता का हवाला देते हुए देश भर में 'ऑपरेशन डेविल हंट' का दूसरा चरण शुरू करने का निर्णय लिया है।

हाल ही में 'इंकलाब मंच' के नेता शरीफ उस्मान हादी पर गोली चलाकर उनकी हत्या करने की कोशिश के बाद अवैध हथियारों के इस्तेमाल से होने वाली विध्वंसक गतिविधियों को रोकने के उद्देश्य से अंतरिम सरकार ने शनिवार को देशव्यापी सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने का आदेश दिया। ढाका में पत्रकारों को संबोधित करते हुए अंतरिम सरकार के गृह मामलों के सलाहकार जहांगीर आलम चौधरी ने कानून-व्यवस्था की स्थिति पर हुई कोर कमेटी की बैठक के बाद इस निर्णय की घोषणा की।

### मुस्लिम लीग-माओवादी एजेंडे पर चलते हुए कांग्रेस अराजकता का मंच बन गई : सुधांशु त्रिवेदी

नई दिल्ली ■ जबलपुर दर्पण
www.jabalpurdarpan.in

भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी पार्टी के कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं। दरअसल, विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ कांग्रेस ने रविवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में महारैली का आयोजन किया। इस दौरान रैली में पहुंचे कार्यकर्ताओं ने पीएम मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया। इसका वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल हो रहा है। भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, ₹राम विरोधी कांग्रेस पार्टी की रामलीला मैदान में हुई कुंठाग्रस्त और घुसपैठियों का समर्थन करने वाली रैली में, आदत के चलते और निराशा में, एक बार फिर प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ अपशब्दों का इस्तेमाल किया गया। एक बार फिर उनके कार्यकर्ताओं द्वारा पीएम मोदी की मृत्यु की कामना और कब्र खुदने जैसे शब्दों के नारे लगाते हुए वीडियो सामने आए हैं। ये दर्शाता है कि कांग्रेस पार्टी अब मुस्लिम लीग-माओवादी एजेंडे पर चलते हुए एक राजनीतिक दल से अराजकता का मंच बनती जा रही है।"

उन्होंने कहा कि आपको राहुल गांधी की तारीफ करनी है तो करिए, मगर प्रधानमंत्री मोदी के विरुद्ध इस तरह की अमर्यादित भाषा का प्रयोग करना निंदनीय है।

उन्होंने कहा कि जहां राहुल गांधी भारत की राजनीति और अपनी पार्टी के सर्वाधिक असफल नेता साबित हुए हैं। वहीं, पीएम मोदी भारत की राजनीति और भाजपा के सर्वाधिक सफल और कर्मठ नेता साबित हुए हैं।

उन्होंने एक कहावत का जिक्र करते हुए कहा, "अगर आप चांद पर थूकेंगे तो थूक आपके चेहरे पर ही गिरेगा।'

### दिल्ली-एनसीआर में गहराया स्मॉग का संकट

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण की स्थिति पहले से 'गंभीर' थी, लेकिन रविवार को यह और बिगड़ गई। शहर पर जहरीली धुंध की मोटी परत छा गई, जिससे हवा खतरनाक स्तर तक दूषित हो गई और कई इलाकों में देखने की क्षमता बहुत कम हो गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, रविवार सुबह सात बजे दिल्ली का औसत एयर क्वालिटी इंडेक्स 461 दर्ज किया गया। एक दिन पहले यह आंकड़ा 431 था।

इससे साफ है कि राजधानी में वायु प्रदूषण का संकट लगातार गहराता जा रहा है। दिल्ली के सभी 40 वायु गुणवत्ता जांच केंद्रों पर हवा को 'गंभीर' श्रेणी में पाया गया। कई इलाकों में सूचकांक लगभग अधिकतम स्तर तक पहुंच गया। रोहिणी सबसे ज्यादा प्रभावित इलाकों में रहा, जहां सूचकांक 499 दर्ज हुआ।

#### प्रधानमंत्री कार्यालय का नाम सेवा तीर्थ रखना अनुचित..

### जरूरत पड़ी तो न्यायालय जाएंगे : स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद

मेरठ ■ जबलपुर दर्पण
www.jabalpurdarpan.in

ज्योतिष पीठाधीश्वर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती प्रधानमंत्री कार्यालय का नाम सेवा तीर्थ रखने को लेकर नाराज दिखाई दिए। कहा कि राजनैतिक और धार्मिक शब्दावली दोनों अलग-अलग हैं। प्रश्न किया कि प्रधानमंत्री कार्यालय में कौन सा तीर्थ है, जहां जाने से पाप धुल सकते हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय में विभिन्न धर्मों के लोग नौकरी करते हैं। चमड़े के जूते पहनकर जाते हैं। ऐसे में उस स्थान का नाम तीर्थ क्यों रखा गया। तीर्थ तो पवित्र और धार्मिक शब्दावली से जुड़ा नाम है। ऐसे में प्रधानमंत्री कार्यालय का नाम सेवा तीर्थ रखना अनुचित है। जरूरत पड़ी तो इस मामले में न्यायालय में भी जाएंगे। उन्होंने कहा कि गोरक्षा के लिए शपथ और संकल्प लेने के लिए गोमाता के समर्थन में बिहार में 243 सीटों पर प्रत्याशी खड़े किए। चुनाव में 45 प्रत्याशियों ने अपने नाम वापस ले लिए। चुनाव में 198 प्रत्याशी चुनाव लड़े। औसतन प्रत्येक विधानसभा में प्रत्याशी को करीब तीन हजार वोट मिले। इसी तरह आगामी उत्तर प्रदेश व पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव में प्रत्येक सीट पर गोसेवक के रूप में प्रत्याशी खड़े किए जाएंगे। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती शहर में तीन दिवसीय प्रवास पर हैं। शनिवार को गांधी आश्रम के पास श्री कृष्णबोधाश्रम दंडी आश्रम में चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण करने के बाद मवाना रोड स्थित डिफेंस कालोनी में सुदीप अग्रवाल के निवास पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए अयोध्या राम मंदिर में ध्वजारोहण समारोह को लेकर सवाल उठाए।

### अमेरिका की ब्राउन यूनिवर्सिटी में गोलीबारी, दो लोगों की मौत

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के रोड आइलैंड राज्य स्थित प्रतिष्ठित ब्राउन यूनिवर्सिटी में शनिवार को हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है और उनकी हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। प्रोविडेंस शहर के मेयर ब्रेट स्माइली ने आशंका जताई है कि हताहतों की संख्या बढ़ सकती है। पुलिस के अनुसार, हमलावर अभी तक फरार है। बताया गया है कि आरोपी काले कपड़े पहने हुए था और पैदल ही घटनास्थल से भाग गया। पुलिस ने जांच के दौरान एक व्यक्ति को हिरासत में लिया था, लेकिन उसका इस घटना से कोई संबंध नहीं पाया गया।

#### सीबीआई की चार्जशीट में खुले कई राज

### 1000 करोड़ की साइबर ठगी का 'चीन' कनेक्शन, 111 फर्जी कंपनियों का भी जिक्र

नई दिल्ली ■ जबलपुर दर्पण
www.jabalpurdarpan.in

केंद्रीय जांच ब्यूरो ने एक बड़े रैकेट का भंडाफोड़ किया है। सीबीआई ने 17 लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया है। ये गिरोह लोगों से ऑनलाइन धोखाधड़ी करते थे और उनको लूटने का काम करते थे। सीबीआई की चार्जशीट से पता चलता है कि इस गिरोह के तार विदेश तक जुड़े थे। दरअसल, जांच एजेंसी ने अंतरराष्ट्रीय साइबर अपराध में शामिल चार विदेशी नागरिकों और 58 कंपनियों सहित 17 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है। इस मामले के तीन मुख्य आरोपियों को अक्टूबर में गिरफ्तार किया गया था। जांच के अनुसार, ये साइबर ठग फर्जी लोन, फर्जी निवेश योजनाएं का लालच देकर लोगों को अपनी जाल में फंसाते थे।चार्जशीट के अनुसार, यह नेटवर्क पोंजी योजनाओं और मल्टी-लेवल मार्केटिंग मॉडल के साथ-साथ फर्जी ऐप और नौकरी के प्रस्तावों के माध्यम से लोगों को धोखा दे रहा था।गौरतलब है कि सीबीआई ने भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र से मिली जानकारी के आधार पर मामला दर्ज किया गया था। लगातार मिल रही साइबर अपराधों की शिकायतों के बाद ये कदम उठाया गया। जांच के दौरान पाया गया कि साइबर जालसाजों ने एक अत्यधिक जटिल, तकनीक का इस्तेमाल किया।

#### घने कोहरे का कहर

### आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर 20 वाहन टकराए



उत्तर प्रदेश ■ जबलपुर दर्पण
www.jabalpurdarpan.in

उत्तर प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में घने कोहरे की चादर छाई हुई है, जिसके चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। दृश्यता बेहद कम होने के कारण यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ है, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कोहरे के कारण कई स्थानों पर सड़क दुर्घटनाएं भी हुई हैं, जिसमें कई लोग घायल हो गए और कुछ लोगों की मौत हो गई। हादसे के चलते मार्गों पर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गईं। आइए विस्तार से पढ़ें पूरी खबर और जानें अपडेट्स- बदायूं से सैदपुर मांस की सप्लाई करने जा रहा पिकअप वाहन रविवार सुबह सिविल लाइन थाना क्षेत्र में गांव सिलहरी के पास पलट गई। सड़क पर मांस बिखर जाने के बाद ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया और हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने भीड़ को शांत करते हुए सड़क से वाहन को हटवाया और यातायात सुचारु कराया। गनीमत रही कि हादसे में कोई घायल नहीं हुआ। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर कोहरे के कारण आगरा के थाना डौकी क्षेत्र में किलोमीटर 14.200 पर एक-एक करके आपस में 10 गाड़ियां भिड़ गईं। रविवार सुबह करीब नौ बजे आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर कोहरे के कारण एक के बाद एक आपस में 10 गाड़ियां टकरा गईं, जिससे रोड पर वाहनों की रफ्तार थम गई। सूचना पर डौकी पुलिस व यूपीडा टीम मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त वाहनों को क्रेन की सहायता से रोड से हटवाया गया।

### ऊर्जा संरक्षण सबसे पर्यावरण अनुकूल और एनर्जी का सबसे विश्वसनीय स्रोत : राष्ट्रपति मुर्मू

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार 2025 और ऊर्जा संरक्षण पर राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता के पुरस्कार प्रदान किए। राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ऊर्जा संरक्षण सबसे पर्यावरण अनुकूल और ऊर्जा का सबसे विश्वसनीय स्रोत है। ऊर्जा संरक्षण केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि आज की सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ऊर्जा बचाना केवल कम उपयोग करना नहीं है, बल्कि ऊर्जा का बुद्धिमानी, जिम्मेदारी और कुशलता से उपयोग करना है।

उन्होंने कहा कि जब हम बिजली के उपकरणों का अनावश्यक उपयोग करने से बचते हैं, ऊर्जा-कुशल उपकरणों को अपनाते हैं।

#### "वोट चोरी" के आरोपों को लेकर कांग्रेस का बड़ा प्रदर्शन

### रामलीला मैदान में जुटे शीर्ष नेता, लोकतंत्र पर खतरे का लगाया आरोप

नई दिल्ली ■ जबलपुर दर्पण
www.jabalpurdarpan.in

कांग्रेस पार्टी ने आज दिल्ली के रामलीला मैदान में कथित "वोट चोरी" और चुनावी प्रक्रिया में गड़बड़ियों के आरोपों को लेकर बड़ा प्रदर्शन किया। पार्टी का आरोप है कि चुनावों में गंभीर अनियमितताएं हो रही हैं और सरकार व चुनाव आयोग की कथित मिलीभगत से लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर किया जा रहा है।कांग्रेस के अनुसार इस रैली का उद्देश्य जनता को इन मुद्दों पर जागरूक करना और लोकतंत्र की रक्षा के लिए दबाव बनाना है। पार्टी नेताओं ने चुनावी पारदर्शिता और निष्पक्षता को लेकर सवाल उठाते हुए केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला।इस प्रदर्शन में कांग्रेस के कई वरिष्ठ और प्रमुख नेता शामिल हुए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने रैली को संबोधित किया। उनके साथ प्रियंका गांधी वाड्रा, के.सी. वेणुगोपाल, जयराम रमेश और सचिन पायलट भी मंच पर मौजूद रहे।पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी की उपस्थिति ने रैली को और अधिक राजनीतिक महत्व प्रदान किया।रैली से पूर्व कांग्रेस के सभी वरिष्ठ नेता कांग्रेस मुख्यालय 'इंदिरा भवन' में एकत्र हुए, जहां से वे रामलीला मैदान पहुंचे। बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने भी इस प्रदर्शन में भाग लिया।कांग्रेस नेताओं ने अपने संबोधन में कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए निष्पक्ष चुनाव अनिवार्य हैं ।

### मानवता के लिए सोनू सूद द्वारा किया गया कार्य भुलाया नही जा सकता : उप मुख्यमंत्री

रीवा ब्यूरो ■ जबलपुर दर्पण
www.jabalpurdarpan.in

उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि मानवता के लिए सोनू सूद द्वारा किया गया कार्य भुलाया नहीं जा सकता है। कोरोना काल में सोनू सूद ने हजारों-हजारों लोगों को मदद की। उन्होंने रीवा के लोगों को उनके घर पहुंचाने का कार्य किया। हमें सोनू सूद द्वारा किये गये कार्यों पर गर्व है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल रेवा फिल्म फेस्टो-2025 के समापन कार्यक्रम में शामिल हुए।



राजकपूर की 101वीं जयंती पर कृष्णाराजकपूर आडिटोरियम में तीन दिवसीय रेवा फिल्म फेस्टो-2025 के समापन अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने अभिनेता सोनू सूद का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि रीवा के लोग रिश्ता बनाना ही नहीं रिश्ता निभाना भी जानते हैं। उन्होंने कहा कि कोविड काल में जब रीवा, सीधी, मऊगंज एवं हनुमना के बड़ी संख्या में लोग मुंबई में फंस गये थे और जीवन मरण के लिये संघर्ष करते रहे थे तब मैंने एक ट्वीट किया था और सोनू सूद ने तीन बसों की व्यवस्था कर लोगों को उनके घर तक पहुंचाने का कार्य किया। सोनू सूद द्वारा किये गये कार्य प्रशंसनीय हैं। सोनू सूद जी की लोकप्रियता इतनी है कि हजारों-हजारों की संख्या में लोग आडिटोरियम के अंदर तथा बाहर खड़े हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि डेज सोसायटी द्वारा राजकपूर जी की जयंती पर किया गया आयोजन अविस्मरणीय रहेगा।

राजकपूर आडिटोरियम कलाकारों के लिए एक महत्वपूर्ण स्थल बन गया है जहां कलाकार आत्मा भरने का कार्य कर रहे हैं। इससे पूर्व कलाकारों एवं अतिथियों का स्वागत किया गया। तीन दिवसीय आयोजन में पूजा चोपड़ा, विन्ध्या तिवारी, पारूल भटनागर, स्नेहल आचार्य, मान्या सिंह, शांतनु शुक्ला, अविनाश सिंह परिवार तथा हास्य कलाकार रोहित प्यारे ने अपनी प्रतिभा के रंग बिखेरे। समापन अवसर पर विधायक दिव्यराज सिंह, विधायक नरेन्द्र प्रजापति, अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, जिला भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी सहित हजारों की संख्या में स्थानीय लोग एवं युवा उपस्थित रहे।

#### केरल स्थानीय निकाय चुनाव के बाद हिंसा

### कई सीपीएम, बीजेपी और कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर केस

केरल ■ जबलपुर दर्पण
www.jabalpurdarpan.in

केरल में स्थानीय निकाय चुनावों के परिणाम घोषित होने के बाद विभिन्न दलों के कार्यकर्ताओं द्वारा सड़कों पर उतरकर जश्न मनाने के हुई हिंसक झड़पों में पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है. पुलिस ने बताया कि लगभग सभी प्रमुख दलों- सीपीएम, बीजेपी और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के खिलाफ विभिन्न घटनाओं में मुकदमे दर्ज किए गए हैं. कई आरोपियों को हिरासत में लिया गया है और स्थिति अब नियंत्रण में है. पुलिस का कहना है कि घटनाओं को बढ़ने से रोका गया और कानूनी कार्रवाई की जा रही है.कन्नूर जिले के पनूर क्षेत्र में सीपीएम कार्यकर्ताओं पर मुस्लिम लीग कार्यालय पर पत्थरबाजी करने का आरोप लगा है, जिसके लिए मुकदमा दर्ज किया गया।

इसी जिले के कनन्नवम क्षेत्र में बीजेपी कार्यकर्ताओं के खिलाफ भी उपद्रव करने के मामले में केस दर्ज हुआ. वहीं, कोझिकोड जिले के इरमाला में सीपीएम कार्यकर्ताओं द्वारा कांग्रेस कार्यालय पर हमले और तोड़फोड़ की घटना सामने आई. रात में हुई इस घटना में कांग्रेस कार्यालय क्षतिग्रस्त हो गया. इसके बाद यूडीएफ कार्यकर्ता भी वहां पहुंच गए, लेकिन पुलिस ने समय पर हस्तक्षेप कर स्थिति को बिगड़ने से रोक लिया. सीपीएम कार्यकर्ता पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## खास खबर

**अमेरिका में ट्रंप की टैरिफ नीतियों से महंगाई और लिविंग कॉस्ट बढ़ने की शिकायतों के बावजूद उनके समर्थक मजबूती से उनके साथ खड़े हैं. समर्थकों का मानना है कि मौजूदा मुश्किलें अस्थायी हैं और ट्रंप के पास ₹कोई जादू की छड़ी नहीं है₹. मिड-टर्म चुनावों से पहले महंगाई एक बड़ा सियासी मुद्दा बनी हुई है.**

#### महंगाई से टूटी कमर,

### खाने से लेकर गैस-तेल सबके दाम आसमान पर...

नई दिल्ली ■ जबलपुर दर्पण
www.jabalpurdarpan.in

अपने नेता के प्रति अटूट समर्थन और उसकी नीतियों को हर हाल में सही ठहराने की प्रवृत्ति सिर्फ भारत तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पूरी दुनिया में लगभग एक जैसी ही दिखाई देती है. चाहे किसी नेता की नीतियों की वजह से आम लोगों की जेब पर सीधा असर क्यों न पड़ रहा हो, फिर भी समर्थकों का भरोसा डगमगाता नहीं.अमेरिका में इस समय कुछ ऐसा ही माहौल देखने को मिल रहा है, जहां राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीतियों के चलते महंगाई और लिविंग कॉस्ट बढ़ने की शिकायतें आम हैं, लेकिन इसके बावजूद उनके समर्थकों का जोश और समर्थन बरकरार है.अगर आप ट्रंप समर्थकों से बातचीत करें और उनसे यह जानने की कोशिश करें कि टैरिफ और आर्थिक नीतियों ने उनकी रोजमर्रा की जिंदगी को कैसे प्रभावित किया है, तो अक्सर जवाब मिलेगा, ₹राष्ट्रपति के पास कोई जादू की छड़ी नहीं है. समर्थक यहीं नहीं रुकते, बल्कि वे इन नीतियों के संभावित फायदों की लंबी सूची भी गिनाते हैं. कई समर्थकों का मानना है कि ट्रंप का टैरिफ और डी-रेगुलेटरी एजेंडा भले ही फिलहाल मुश्किलें पैदा कर रहा हो, लेकिन लंबे समय में यह रोजमर्रा के खर्चों को कम करेगा.डेनवर के पास रहने वाले डेली, जो एक ह्यूमन रिसोर्स आउटसोर्सिंग फर्म में काम करते हैं, मानते हैं कि ₹टैरिफ को लेकर बार-बार बदलते फैसलों₹ से बाजार में अनिश्चितता बढ़ी है और कुछ चीजों की कीमतें ऊपर गई हैं. हालांकि, उनके मुताबिक कुछ क्षेत्रों में राहत भी मिली है. उदाहरण के तौर पर वह बताते हैं कि उन्होंने हाल ही में सिर्फ 1.74 डॉलर प्रति गैलन की दर से पेट्रोल खरीदा. कुल मिलाकर वे जीवनयापन की लागत संभालने के मामले में ट्रंप को 10 में से 8 अंक देते हैं. ट्रंप समर्थक का कहना है कि ₹कोई भी राष्ट्रपति जादू की छड़ी घुमा कर सब कुछ ठीक नहीं कर सकता,₹ लेकिन उन्हें भरोसा है कि ट्रंप की नीतियां आगे चलकर फायदा पहुंचाएंगी. अमेरिका में अगले साल होने वाले कांग्रेस के मिड-टर्म चुनावों को देखते हुए महंगाई और कॉस्ट ऑफ लिविंग्स मतदाताओं के लिए बड़ा मुद्दा बन चुकी है. रिपब्लिकन पार्टी खासतौर पर चिंतित है कि अगर कीमतें इसी तरह ऊंची बनी रहीं तो उन्हें सत्ता बनाए रखने में मुश्किल हो सकती है. ट्रंप ने पिछले साल चुनाव प्रचार के दौरान महंगाई पर लगाम लगाने का वादा किया था, लेकिन हाल के महीनों में उनके बयान बदलते नजर आए हैं. कभी वे महंगाई की समस्या को ₹फर्जी₹ बताते हैं, तो कभी इसके लिए पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन को जिम्मेदार ठहराते हैं, वहीं दूसरी ओर यह भी कहते हैं कि उनकी आर्थिक नीतियां अगले साल अमेरिकियों को फायदा पहुंचाएंगी.रॉयटर्स ने फरवरी से अब तक देशभर के 20 ट्रंप समर्थकों से हर महीने बातचीत की है. इन लोगों से यह भी पूछा गया कि वे लिविंग कॉस्ट को लेकर ट्रंप प्रशासन के रवैये को 1 से 10 के पैमाने पर कैसे आंकते हैं. इनमें से छह लोगों ने 5 या उससे कम अंक दिए, जबकि सिर्फ एक समर्थक ने 8 से ऊपर का स्कोर दिया. इसके बावजूद बहुसंख्यक समर्थक राष्ट्रपति के साथ मजबूती से खड़े दिखे।

#### चूल्हे की चिंगारी से झोपड़ी में लगी आग

### मासूम की जिंदा जलकर मौत, 2 वर्षीय भाई और पिता झुलसे

दमोह ■ जबलपुर दर्पण
www.jabalpurdarpan.in

रात के समय चूल्हे से उठी चिंगारी ने एक परिवार की खुशियों को पल भर में तबाह कर दिया। झोपड़ी में अचानक लगी आग से एक मासूम बच्चे की जिंदा जलकर मौत हो गई, जबकि उसके साथ सो रहा दो वर्षीय भाई और दोनों बच्चों को बचाने का प्रयास कर रहे पिता गंभीर रूप से झुलस गए।प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना देर रात की है, जब परिवार झोपड़ी के भीतर सो रहा था। खाना बनाने के बाद चूल्हे की आग पूरी तरह बुझी नहीं थी। इसी दौरान चिंगारी ने झोपड़ी में रखे सूखे सामान को अपनी चपेट में ले लिया और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया।आग की लपटों से घिरे बच्चों को बचाने के लिए पिता झोपड़ी में घुस गए। उन्होंने किसी तरह छोटे बेटे को बाहर निकाल लिया, लेकिन बड़ा मासूम आग की चपेट में आ गया और उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पिता और छोटा बेटा दोनों आग में झुलस गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण चूल्हे की चिंगारी बताया जा रहा है।प्रशासन द्वारा पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता देने की बात कही गई है।

### बच्चा चोरी के शक में दो साधुओं की बर्बर पिटाई

**जौनपुर।** जिले में बच्चा चोरी के संदेह में दो साधुओं के साथ की गई बर्बरतापूर्ण मारपीट का मामला सामने आया है। यह घटना शनिवार को नगर कोतवाली क्षेत्र के फैजबाग के पास हुई, जहां अफवाह के आधार पर उग्र भीड़ ने कानून को अपने हाथ में ले लिया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, गालों और माथे पर भभूत लगाए साधु शहर में दान मांगते हुए घूम रहे थे। इसी दौरान एक युवक अपनी छोटी बच्ची को लेकर उनके पास पहुंचा और साधुओं पर बच्ची को डराकर ले जाने का आरोप लगाने लगा। साधुओं द्वारा आरोपों से इनकार करने पर युवक उनसे उलझ गया, जिसके बाद मौके पर भीड़ इकट्ठा हो गई।युवक द्वारा "बच्चा चोर" कहे जाने के बाद भीड़ ने दोनों साधुओं पर हमला कर दिया। किसी ने बेल्ट से पीटा तो किसी ने लाठी से वार किया, वहीं कई लोग लात-घूंसे बरसाते नजर आए।

15-JD-Dec-25:29-dummy-1 12/15/2025 9:02 AM Page 2



# प्रभारी मंत्री ने किया छिंदवाड़ा जिले में साप्ताहिक जैविक / प्राकृतिक हाट बाजार का शुभारंभ

छिंदवाड़ा ब्यूरो■जबलपुर दर्पण
www.jabalpurdarpan.in



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार प्रदेश के प्रत्येक जिले में जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने तथा आम नागरिकों को शुद्ध, विषरहित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से साप्ताहिक जैविक / प्राकृतिक हाट बाजार प्रारंभ किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज छिंदवाड़ा जिले में गुरैया सब्जी मंडी परिसर में साप्ताहिक जैविक / प्राकृतिक हाट बाजार का शुभारंभ प्रदेश के लोक निर्माण विभाग एवं जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह द्वारा किया गया।शुभारंभ अवसर पर प्रभारी मंत्री श्री राकेश सिंह ने हाट बाजार में लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण किया और जैविक एवं प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों से सीधे संवाद किया। प्रभारी मंत्री की प्राकृतिक एवं जैविक उत्पादों के प्रति विशेष रुचि इस बात से स्पष्ट हुई कि उन्होंने विभिन्न स्टॉलों पर जाकर स्वयं प्राकृतिक खेती से उत्पादित सेमी, पपीता, जैविक गुड़, चना, घुइयां के पत्ते, कुटकी, देशी लौकी सहित अनेक उत्पाद खरीदे। इसके साथ ही उन्होंने अपने मोबाइल फोन से यूपीआई के माध्यम से डिजिटल भुगतान कर खरीदे गए उत्पाद का भुगतान भी किया। इस अवसर पर अमरवाड़ा विधायक कमलेश प्रताप शाह, महापौर नगर निगम छिंदवाड़ा विक्रम अहके, शेषराव यादव,भारिया विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष दिनेश अंगारिया , विजय पांडे, टीकाराम चंद्रवंशी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं कलेक्टर हरेंद्र नारायन, पुलिस अधीक्षक अजय कुमार पाण्डेय, सीईओ जिला पंचायत अग्रिम कुमार, उप संचालक कृषि जितेन्द्र कुमार सिंह, एसडीएम छिंदवाड़ा सुधीर जैन सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थेउप संचालक कृषि श्री जितेन्द्र कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि इस साप्ताहिक जैविक / प्राकृतिक हाट बाजार का मुख्य उद्देश्य जिलेवासियों को एक निर्धारित स्थान एवं निश्चित दिन पर शुद्ध, विषरहित अनाज, दालें, मिलेट्स (श्रीअन्न), विभिन्न प्रकार की सब्जियां, फल, जैविक वनउपज, कच्ची घानी का शुद्ध तेल, शहद, जैविक गुड़ सहित अनेक जैविक उत्पाद सहज रूप से उपलब्ध कराना है। साथ ही जैविक एवं प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों को अपने उत्पादों के विक्रय हेतु एक स्थायी एवं सुनिश्चित विपणन मंच प्रदान करना भी इसका प्रमुख उद्देश्य है।उन्होंने बताया कि आज आयोजित पहले जैविक / प्राकृतिक हाट बाजार में जिले के पंजीकृत 50 किसानों द्वारा अपने उत्पाद विक्रय हेतु लाए गए थे। शहरवासियों ने बड़ी उत्सुकता के साथ जैविक एवं प्राकृतिक उत्पादों की खरीदारी की। स्थिति यह रही कि शाम 5 बजे तक लगभग सभी किसानों के अधिकांश उत्पाद विक्रय हो गए। आज कुल 261 नागरिकों द्वारा जैविक एवं प्राकृतिक उत्पाद खरीदे गए। वहीं नरसिंहपुर जिले से आए किसानों के जैविक गुड़ एवं तुअर दाल की भी विशेष रूप से अच्छी बिक्री हुई।हाट बाजार में जैविक सब्जियां, जैविक फल, जैविक अनाज, मिलेट्स (ज्वार, बाजरा, मक्का), जैविक दालें, कच्ची घानी का तेल, जैविक गुड़, जैविक हल्दी, शुद्ध प्राकृतिक घी, शहद, मशरूम, चिया सीड्स, वनोपज, वर्मी कम्पोस्ट, जीवामृत एवं जैविक कीटनाशक सहित विभिन्न उत्पाद उपलब्ध कराए गए।

## बैंक सीईओ व उपायुक्त ने किया धान खरीदी केन्द्रो का निरीक्षण

**बालाघाट ।** कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक मृणाल मीना के मार्गदर्शन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित बालाघाट अभिनव सिंह बघेल एवं राजेश उइके उपायुक्त सहकारिता बालाघाट, पटले वेयर हाउस द्वारा धान खरीदी केन्द्र परसवाड़ा और मगरदर्रा का औचक निरीक्षण किया गया।इस दौरान केन्द्रो में तौली गई धान के बोरो का वजन करवाया गया। इसके अलावा नमी मापक यंत्र के माध्यम से धान की नमी की जानकारी ली गई। खरीदी केन्द्रो में पहुंचे किसानों से भी चर्चा की गई। धान उपार्जन कार्य में लगे कर्मचारियों को अधिकारियों द्वारा निर्देशित किया गया कि धान उपार्जन नीति के अनुरूप खरीदी का कार्य किया जावे। समय-समय पर अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया जायेगा यदि लापरवाही पाई जाती है तो निश्चित तौर कार्यवाही प्रस्तावित की जावेगी। खरीदी केन्द्रो की पंजीयां, पंजीयन, बारदारो, पेयजल, किसानों की बैठने की व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरो का जायजा लिया गया।

## आदिवासी अंचल में दुग्ध क्रांति की नई पहल

## बैहर में दुग्ध शीतलीकरण संयंत्र का हुआ शुभारंभ

बालाघाट ब्यूरो■जबलपुर दर्पण
www.jabalpurdarpan.in

दुग्ध उत्पादकों को सशक्त बनाने और दुग्ध गुणवत्ता को संरक्षित रखने की दिशा में बालाघाट दुग्ध संघ ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। जिले के बैहर विकासखंड में आदिवासी छात्रावास के समीप, मलाजखंड रोड स्थित दुग्ध शीतलीकरण संयंत्र (बल्क मिल्क कूलर) को 13 दिसंबर 2025 से विधिवत प्रारंभ कर दिया गया है। शुभारंभ के पहले ही दिन क्षेत्र की 6 दुग्ध सहकारी समितियों से लगभग 642 लीटर दूध का संकलन किया गया है। कलेक्टर श्री मृणाल मीना के मार्गदर्शन में नया बैहर-बिरसा मिल्क रूट प्रारंभ किया गया है। अब तक बालाघाट से अधिक दूरी होने के कारण दूध के परिवहन में समय लगता था, जिससे गुणवत्ता प्रभावित होने की आशंका बनी रहती थी। इसी समस्या के समाधान के लिए यह दुग्ध शीतलीकरण संयंत्र स्थापित किया गया है, जिससे समितियों से संकलित दूध का त्वरित शीतलीकरण संभव हो सकेगा और दुग्ध की गुणवत्ता बनी रहेगी। यह संयंत्र 2000 लीटर क्षमता वाले बल्क मिल्क कूलर के रूप में स्थापित किया गया है, जिसे जबलपुर दुग्ध संघ द्वारा आईडीएमसी प्राइवेट लिमिटेड, गुजरात से क्रय किया गया है। इस संयंत्र की लागत लगभग 8 लाख रुपये बताई गई है। उल्लेखनीय है कि बैहर एवं बिरसा विकासखंड बालाघाट जिले के आदिवासी बहुल एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्र रहे हैं। ऐसे क्षेत्र में दुग्ध शीतलीकरण संयंत्र और नया मिल्क रूट शुरू होना न केवल दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देगा, बल्कि स्थानीय किसानों और पशुपालकों के लिए रोजगार एवं आय के नए अवसर भी सृजित करेगा। दुग्ध संघ के इस प्रयास से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में ठोस पहल होगी। आने वाले समय में दुग्ध संकलन की मात्रा बढ़ने के साथ ही यह संयंत्र आदिवासी अंचल में आर्थिक सशक्तिकरण का केंद्र बनकर उभरेगा।

## जल संचय अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत बुरीकलां में श्रमदान से किया गया बोरी बंधान

**छिन्दवाडा ।** म.प्र. जन अभियान परिषद भोपाल के आदेशानुसार जिला कलेक्टर हरेंद्र नारायन के निर्देशानुसार म.प्र. जन अभियान परिषद छिंदवाड़ा के जिला समन्वयक अखिलेश जैन व ब्लॉक समन्वयक संजय बामने की उपस्थिति में विकासखंड जुन्नारदेव के सेक्टर क्रमांक-3 पालाचौरई की नवांकुर योजना में चयनित संस्था पंख सामाजिक विकास संस्थान जुन्नारदेव की सदस्य सुश्री विनीता पंद्राम के साथ मिलकर जल संचय अभियान के अंतर्गत मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम अंतर्गत बीएसडब्ल्यू/एमएसडब्ल्यू के अध्यनरत छात्र- छात्राओं ने जल संरक्षण के उद्देश्य से ग्राम पंचायत बुरीकलां में रैनीधाम रोड़ में स्थित गहरा नाला पर बोरी बंधान किया गया। जल ही जीवन है के संदेश को आगे बढ़ाते हुए बुरीकला रेनीधाम के पास 70 से अधिक बोरियों के माध्यम से बोरी बांध बनाया गया।

## मोहखेड़ क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में अवैध शराब के अड्डों पर आबकारी की दबिश, चालू भट्टियों को किया गया नष्ट

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर हरेंद्र नारायन के निर्देशानुसार सहायक आबकारी आयुक्त बी.आर.वैद्य के मार्गदर्शन में शहर के आबकारी अमले द्वारा शुक्रवार को सुबह और दोपहर के वक्त विकासखंड मोहखेड़ क्षेत्र के ग्राम नरसला, सिंगपुर और मोरदेई में जंगल में बहने वाले नालों के किनारे भारी मात्रा में प्लास्टिक की पन्नी, प्लास्टिक की कैन और रबर के ट्यूबों में भरा महुआ लहान आबकारी दल द्वारा बरामद किया गया, जिसे विधिवत नष्ट किया गया। इन्हीं स्थानों पर चालू भट्टियां भी टीम को मिली जिन्हें तोड़ दिया गया।

मौके पर रबर के ट्यूब में बरामद अवैध हाथभट्टी मदिरा को आबकारी द्वारा कब्जे में लिया गया। इस दौरान मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34 के तहत कुल 05 प्रकरण दर्ज कर 1800 किलोग्राम महुआ लहान नष्ट किया गया। साथ ही 30 लीटर हाथ भट्टी मदिरा आबकारी द्वारा कब्जे में ली गई।

## विधायक ने प्रभारी मंत्री के साथ बैठक मे किया सहभागिता

सिवनी ब्यूरो■जबलपुर दर्पण
www.jabalpurdarpan.in



सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन ने प्रभारी मंत्री के साथ आयोजित बैठक मे सहभागिता किया। दोपहर 12:00 बजे ग्राम बींझावाडा स्थित जिला पंचायत सभा कक्ष मे राजस्व मंत्री मध्यप्रदेश शासन एवं जिला प्रभारी मंत्री करण सिंह वर्मा की अध्यक्षता मे यशस्वी मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव की सरकार द्वारा प्रदेश के विकास के लिए किये गये प्रयासों एवं उपलब्धियों से अवगत कराने व आगामी कार्य योजना पर विचार विमर्श करने हेतु आयोजित जिला विकास सलाहकार समिति सिवनी बैठक मे भाजपा विधायक दिनेश राय मुनमुन ने सहभागिता किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों अधिकारियों, कर्मचारियों की उपस्थिति रही। इसके पश्चात विधायक दिनेश राय मुनमुन जी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम बेरढाना के इंदिरा आवास कालोनी मैदान मे केशरी नंदन दंगल समिति के तत्वावधान मे आयोजित विशाल ईनामी दंगल मे अतिथि के रूप मे सम्मिलित हुए। जहां पर परासिया विधायक सोहन लाल वाल्मीकि एवं केवलारी विधायक रजनीश सिंह की अतिथि के रूप मे गरिमामय उपस्थिति रही। इस दौरान कार्यक्रम मे आयोजन समिति एवं ग्रामीण जनों द्वारा बाजेगाजे के साथ आगवानी कर साफा पहनाकर फूलमालाओं से आत्मीय स्वागत किया गया। वहीं विधायक दिनेश राय मुनमुन ने पुष्प वर्षा कर उपस्थित कुश्ती प्रेमियों का अभिवादन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या मे कुश्ती प्रेमियों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

### प्रभारी मंत्री ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी दो वर्ष की उपलब्धियों की जानकारी

## राज्य के साथ-साथ प्रभारी मंत्री ने छिंदवाड़ा जिले की विकास उपलब्धियों की जानकारी भी की साझा

छिंदवाड़ा ब्यूरो■जबलपुर दर्पण
www.jabalpurdarpan.in



राज्य सरकार के कार्यकाल के दो वर्ष पूरे होने पर प्रदेश और जिले के विकास, निवेश और कल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियों को साझा करने के लिए आज प्रदेश के लोक निर्माण विभाग एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री राकेश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। इस अवसर पर अमरवाड़ा विधायक कमलेश प्रताप शाह, महापौर नगर निगम विक्रम अहके, शेषराव यादव, कलेक्टर हरेंद्र नारायन, एसपी अजय कुमार पांडेय, सीईओ जिला पंचायत अग्रिम कुमार, उप संचालक जनसंपर्क सुश्री नीलू सोनी सहित अन्य अधिकारी और प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के सम्माननीय पत्रकार उपस्थित थे।प्रभारी मंत्री राकेश सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में पिछले दो वर्षों में राज्य ने निवेश आकर्षित करने, इन्फ्रास्ट्रक्चर और सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। प्रदेश में निवेश लाने के प्रयासों में मध्यप्रदेश पूरे देश में तीसरे स्थान पर है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा विदेश यात्राओं के माध्यम से लगातार निवेश को बढ़ावा दिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार गरीब कल्याण की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लोगों तक सहायता पहुँचा रही है। महिलाओं के लिए लाडली बहना योजना में वित्तीय सहायता बढ़ाकर 1,500 रुपये कर दी गई है। सड़क, भवन और अन्य इन्फ्रास्ट्रक्चर में लगातार सुधार हुआ है और राज्य नक्सल मुक्त बन चुका है। सरकार अब विरासत और विकास के विजन के साथ आगे बढ़ रही है।छिंदवाड़ा जिले की उपलब्धियों पर प्रभारी मंत्री ने जानकारी देते हुये बताया कि जिले में राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं और विकास कार्यक्रमों का सकारात्मक असर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास, जनजातीय कल्याण, राजस्व, किसान कल्याण, शिक्षा और पर्यटन सहित सभी क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है, जिससे जिले की समग्र विकास दर लगातार बढ़ रही है।उन्होंने बताया कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के तहत 5,727 आवास पूर्ण हो चुके हैं, जिससे देश/प्रदेश में जिले का प्रथम स्थान रहा है। प्रधानमंत्री आवास प्लस योजना के तहत 35,154 आवास पूर्ण किए जा चुके हैं, जिससे राज्य में जिले का आवास पूर्णता में प्रदेश में द्वितीय स्थान रहा है।

## सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग ने वारासिवनी बालिका छात्रावास का किया निरीक्षण




बालाघाट ब्यूरो■जबलपुर दर्पण
www.jabalpurdarpan.in

सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती शकुंतला डामोर ने शनिवार, 13 दिसंबर को वारासिवनी कॉलेज स्थित बालिका छात्रावास का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्रावास में बालिकाओं के लिए संचालित कोचिंग कक्षाओं की व्यवस्था का अवलोकन किया तथा छात्रावास की अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की भी जानकारी ली। श्रीमती डामोर ने छात्रावास में रह रही बालिकाओं से संवाद कर उन्हें शिक्षा के महत्व, आत्मनिर्भरता एवं सुरक्षित भविष्य के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कोचिंग कक्षाओं के माध्यम से बालिकाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं एवं शैक्षणिक प्रगति के लिए निरंतर प्रयास करने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती दीपमाला मंगोदिया भी उपस्थित रहीं। दोनों अधिकारियों द्वारा छात्रावास की बालिकाओं को बाल विवाह के विरुद्ध जागरूक रहने तथा अपने क्षेत्र में किसी भी बालिका का बाल विवाह न होने देने की शपथ दिलाई गई। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कहा कि बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए छात्रावासों में उपलब्ध सुविधाओं को निरंतर सुदृढ़ किया जा रहा है।

## शासकीय प्राथमिक शाला चितालखोली के शिक्षक पर निलंबन की कार्यवाही

बालाघाट ब्यूरो■जबलपुर दर्पण
www.jabalpurdarpan.in

सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती शकुंतला डामोर ने बिरसा विकासखंड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला चितालखोली में पदस्थ प्राथमिक शिक्षक राजकुमार सोनवाने के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय कार्यालय प्राचार्य, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गढ़ी, विकासखंड बैहर निर्धारित किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बिरसा विकासखंड के अंतर्गत कचनारी संकुल की शासकीय प्राथमिक शाला चितालखोली में पदस्थ शिक्षक राजकुमार सोनवाने के बिना किसी पूर्व सूचना के अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने संबंधी समाचार पत्रों में प्रकाशित खबर पर संज्ञान लेते हुए सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कचनारी के प्राचार्य को जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे।

जांच अधिकारी द्वारा मौके पर उपस्थित होकर की गई जांच में यह तथ्य सामने आया कि संबंधित शिक्षक प्रायः बिना किसी पूर्व सूचना के शाला से अनुपस्थित रहते हैं। जांच में यह भी पाया गया कि माह जुलाई 2025 में वे पूरे माह अनुपस्थित रहे तथा माह सितंबर 2025 में मात्र तीन दिन ही शाला में उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त शिक्षक द्वारा शालेय पंजियों का संधारण भी नियमानुसार नहीं किया जा रहा था। शाला में दाखिल-खारिज पंजी, उपस्थिति पंजी, परीक्षाफल पंजी, टीसी वितरण पंजी तथा मध्यान्ह भोजन वितरण पंजी संधारित नहीं पाए गए।

## आलमारी-कूलर सुधारने के बहाने दिनदहाड़े चोरी करने वाला गिरोह गिरफ्तार

छिंदवाड़ा ब्यूरो■जबलपुर दर्पण
www.jabalpurdarpan.in



आलमारी एवं कूलर सुधारने के बहाने घरों की रेकी कर दिन के समय चोरी करने वाले एक शातिर गिरोह का कोतवाली पुलिस ने खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लगभग ₹5 लाख 50 हजार कीमत के सोने-चांदी के जेवरात बरामद किए हैं। गिरोह का एक अन्य सदस्य वर्तमान में जेल में बंद है, जिसके विरुद्ध प्रोडक्शन वारंट जारी किया गया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार अरविंद पिता सुरेश सरियाम, निवासी इमलीखेड़ा, थाना कोतवाली ने दिनांक 21 अप्रैल 2025 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह दिन के समय घर में ताला लगाकर अपनी बच्ची को पेपर दिलाने गया था। शाम को लौटने पर उसने देखा कि घर का ताला तथा आलमारी के लॉक टूटे हुए थे और अंदर रखे सोना-चांदी के जेवर अज्ञात चोर चोरी कर ले गए थे। इस रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 228/2025, धारा 305(ए), 331(1) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।पुलिस अधीक्षक अजय पांडे के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशीष खरे के मार्गदर्शन तथा नगर पुलिस अधीक्षक अजय राणा एवं थाना प्रभारी कोतवाली आशीष धुर्वे के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा घटनास्थल एवं आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की लगातार जांच की गई, जिसमें तीन संदेहियों के फुटेज सामने आए।फुटेज के आधार पर एक संदेही की पहचान शिवा नेताम, निवासी शहडोल के रूप में हुई। जांच में सामने आया कि शिवा नेताम के विरुद्ध चोरी के कई प्रकरण दर्ज हैं और वह वर्तमान में जिला जेल सूरजपुर (छत्तीसगढ़) में निरुद्ध है। पुलिस टीम ने जेल में जाकर शिवा नेताम से मनोवैज्ञानिक ढंग से पूछताछ की, जिसमें उसने अपने सगे चाचा रमेश नेताम एवं साथी शंकर धुर्वे के साथ मिलकर इमलीखेड़ा बस्ती में आलमारी-कूलर सुधारने के बहाने घूमते हुए दिनदहाड़े चोरी करना स्वीकार किया।इसके बाद पुलिस टीम ने शहडोल पहुंचकर दबिश देते हुए रमेश पिता फुलचंद नेताम, निवासी ग्राम चंदनिया, जिला शहडोल को उसके दोस्त के घर से गिरफ्तार किया। वहीं बालाघाट जिले के परसवाड़ा गांव से शंकर पिता रामप्रसाद धुर्वे को उसके घर से पकड़ा गया।

## सांसद के प्रयासों से मेडिकल कॉलेज में 24 सीनियर रेसिडेंट के पदों पर होगी सीधी भर्ती

छिंदवाड़ा ब्यूरो■जबलपुर दर्पण
www.jabalpurdarpan.in

सांसद बंटी विवेक साहू की प्रयासों से छिंदवाड़ा मेडिकल कॉलेज में प्री क्लीनिकल और नॉन क्लीनिकल डिपार्टमेंट में 24 सीनियर रेसिडेंट के पदों को मंजूरी मिल गई है और इन पदों का पर शीघ्र ही सीधी भर्ती की जाएगी।

सांसद बंटी विवेक साहू जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने और मरीजों को इलाज के लिए अच्छी से अच्छी सुविधाएं उपलब्ध कराने केंद्र और प्रदेश सरकार के माध्यम से सतत प्रयास कर रहे हैं । उनकी एक पहल और रंग लाई है। छिंदवाड़ा मेडिकल कॉलेज को अनुपम सौगात मिली है। सरकार ने प्री क्लीनिकल और नॉन क्लीनिकल डिपार्टमेंट में 24 सीटें बढ़ाने की मंजूरी दे दी है। सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि इन पदों की मेडिकल कॉलेज में भर्ती होने से न केवल फैकल्टी की कमी दूर होगी बल्कि मेडिकल कॉलेज में फैकल्टी की कमी काफी हद तक पूरी हो जाएगी इन पदों की मदद से अनुभवी और योग शिक्षकों का साथ मिलेगा जिससे उनकी स्टडी और ट्रेनिंग बेहतर होगी।

उल्लेखनीय है कि सांसद ने परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा से मिलकर एमबीबीएस की 50 सीटों की मंजूरी दिलाई थी। मेडिकल कॉलेज में 24 सीटों की मंजूरी देने पर सांसद बंटी विवेक साहू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मोहन यादव और उप मुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल का आभार जताया। सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर इसे नई ऊंचाईयों पर पहुंचाया जा रहा है। यह निर्णय हमारी भावी पीढ़ी के लिए ऐतिहासिक साबित होगा।

## 1000 किलोग्राम महुआ लाहन एवं 25 लीटर अवैध हाथभटी कच्ची मदिरा एवं एक चढ़ी भट्टी बरामद की गई

**चौरई ।** वृत्त चौरई में आबकारी विभाग एवं पुलिस स्टाफ चांद के द्वारा अलग अलग स्थानों में दबिश दी गई जिसमें वृत्त के ग्राम नौलझिर, बम्हनी, देवरी, कुकरई, सिंगोड़ी में दबिश के दौरान अलग अलग स्थानों से 1000 किलोग्राम महुआ लाहन एवं 25 लीटर अवैध हाथभटी कच्ची मदिरा एवं एक चढ़ी भट्टी बरामद की गई तथा मौके पर महुआ लाहन का सैंपल लेकर शेष महुआ लाहन मौके पर नष्ट किया गया उपरोक्त कार्यवाही में मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) क 34(1) च के तहत प्रकरण कायम किया गए उक्त कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी कुमारी भारती गौड़ एवं आबकारी आरक्षक सुश्री भारती मरकाम उपस्थित रही।

## विकास और सेवा के दो वर्ष पूर्ण जन कल्याण भाजपा सरकार की पहचान गोविन्द दनताले



चौरई ब्यूरो■जबलपुर दर्पण
www.jabalpurdarpan.in

विकास और सेवा जन कल्याण के दो वर्ष कार्यकाल पूर्ण होने पर मान. मुख्यमंत्री मोहन यादव जी के नेतृत्व में मध्य प्रदेश को विकास के नए क्षितिज पर ले जाने वाली राज्य सरकार को 2 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर चौरई भाजपा नेता गोविन्द दनताले ने दी बधाई । मान.प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री मान.डॉ.मोहन यादव जी के कुशल नेतृत्व में इन दो वर्षों में भाजपा सरकार ने सुशासन को मूल मंत्र मानते हुए प्रदेश के प्रत्येक वर्ग के हित में ठोस और प्रभावी निर्णय लिए हैं। किसान कल्याण, महिला सशक्तिकरण, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार तथा बुनियादी ढांचे के विकास में उल्लेखनीय प्रगति हुई है।केंद्र एवम राज्य की भाजपा सरकार की योजनाओं ने ग्रामीण अंचलों से लेकर शहरी क्षेत्रों तक सकारात्मक बदलाव लाए हैं। प्रदेश की भाजपा सरकार ने "सबका साथ सबका विकास की भावना को धरातल पर उतारते हुए मध्यप्रदेश को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास किए हैं। माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के कुशल नेतृत्व में भाजपा की जनकल्याणकारी सरकार के विकास और सेवा के इन दो वर्षों में सरकार ने जनकल्याण, सुशासन सेवा और विकास के क्षेत्र में अनेक महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ हासिल की हैं, जिससे आमजन का जीवन स्तर बेहतर हुआ है और प्रदेश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर हुआ है।

## सुलह एवं सहमति से नेशनल लोक अदालत में निपटे 1534 प्रकरण

**छिन्दवाडा ।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार परस्पर समझौते के आधार पर आमजन को त्वरित एवं सुलभ न्याय दिये जाने के उद्देश्य से आज 13 दिसम्बर 2025 को साल की चौथी एवं अंतिम नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय छिंदवाड़ा तथा तहसील न्यायालय परासिया, चौरई, पांढुर्णा, सौंसर, जुन्नारदेव, अमरवाड़ा, हर्रई, तामिया में प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिन्दवाड़ा सुशांत हुद्दार के कुशल नेतृत्व में किया गया। नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिंदवाडा हुद्दार के द्वारा अन्य न्यायाधीशगणों अधिवक्ता संघ के सदस्यों तथा अन्य विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति में दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

## 19 दिसंबर से शीतकालीन अवकाश विशेष शिविर का आयोजन

बालाघाट ब्यूरो■जबलपुर दर्पण
www.jabalpurdarpan.in



जहाँ विज्ञान और अध्यात्म का समन्वय होता है, वहीं योग से जन्म लेती है "इंट्यूशन" — वह दिव्य क्षमता जिसे विश्व विख्यात आध्यात्मिक गुरु गुरुदेव श्री श्री रविशंकर जी ने आधुनिक युग में मानवता के समक्ष प्रस्तुत किया है।आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा संचालित इंट्यूशन (अंतःप्रज्ञा) प्रोग्राम के माध्यम से चेतना आधारित तकनीकों द्वारा बच्चों में ऐसी अद्भुत क्षमताओं का विकास किया जाता है, जिनके माध्यम से वे बंद आँखों से वस्तुओं, रंगों और शब्दों की पहचान कर पाते हैं। कई बच्चे बंद आँखों से पेंटिंग बनाकर रंगों को सटीक रूप से पहचानने की क्षमता भी प्रदर्शित करते हैं।यह कार्यक्रम बच्चों के मानसिक, भावनात्मक, शारीरिक एवं आध्यात्मिक विकास का प्रभावी माध्यम माना जा रहा है।यह प्रशिक्षण बच्चों में आत्मविश्वास एवं निर्णय क्षमता को बढ़ाता है, अज्ञात का भय दूर करता है तथा एकाग्रता, स्मरण शक्ति और भावनात्मक संतुलन को सुदृढ़ करता है। साथ ही पढ़ाई, खेलकूद और रचनात्मक गतिविधियों में सकारात्मक सुधार लाता है। यह मन को शांत, बुद्धि को तीक्ष्ण और सोच को प्रखर बनाता है।हाल ही में नगर पालिका परिषद सभागार एवं निर्वाणा रेसिडेंसी में आयोजित सत्रों के दौरान आर्ट ऑफ लिविंग इंट्यूशन प्रोग्राम से प्रशिक्षित बच्चों — ख्याती पटले, अक्ष चावला, आयू हीरापुरे, शौर्य ठाकुर एवं प्रध्दुम त्रिवेदी ने अपनी अद्भुत क्षमताओं का लाइव प्रदर्शन किया।इन बच्चों ने आँखें बंद रखकर विभिन्न वस्तुओं, रंगों और शब्दों की सटीक पहचान कर उपस्थित नागरिकों, अभिभावकों और अतिथियों को आश्चर्यचकित कर

## सहायक शिक्षक श्रीमती खान ने 23 नन्हें विद्यार्थियों को उपहार स्वरूप जूते एवं मोज़े किए प्रदान

**छिंदवाड़ा ।** जिले में शिक्षा और समाज सेवा की उत्कृष्ट मिसाल प्रस्तुत करते हुए आदर्श माध्यमिक शाला इकलहरा की सहायक शिक्षक श्रीमती शेहनाज़ खान ने गत दिवस कक्षा नर्सरी से 5वीं तक के कुल 23 नन्हें विद्यार्थियों को उपहार स्वरूप जूते एवं मोज़े प्रदान किए।

बच्चों की आवश्यकताओं को समझकर किया गया यह संवेदनशील एवं प्रेरणादायक कार्य विद्यालय परिवार और समुदाय—दोनों के लिए सराहना का विषय बना है। यह पहल केवल उपहार देने तक सीमित नहीं रहती, बल्कि विद्यार्थियों के प्रति दायित्व, स्नेह और मानवीय मूल्यों का वास्तविक परिचय कराती है। समाजहित में शासकीय सेवकों की सकारात्मक भूमिका को प्रबल बनाना ही सोसायटी का उद्देश्य रहा है और श्रीमती खान का यह योगदान उसी भावना को मजबूत करता है।

## ग्राम पंचायत कलारबांकी में बैठकी बाजार की राशि को लेकर हंगामा

सिवनी ब्यूरो■जबलपुर दर्पण
www.jabalpurdarpan.in




जनपद पंचायत सिवनी अंतर्गत ग्राम पंचायत कलारबांकी में बैठकी बाजार की राशि शासकीय खाते में जमा न होने को लेकर शनिवार को दिनभर विवाद और हंगामे की स्थिति बनी रही। पंचायत में आयोजित बैठक के दौरान यह मामला तूल पकड़ गया, जिससे पंचायत परिसर में तनाव का माहौल बन गया।सूत्रों के अनुसार बैठक में पंचायत सचिव एवं कुछ पंच उपस्थित थे। इसी दौरान बैठकी बाजार की राशि जमा न होने को लेकर आरोप-प्रत्यारोप शुरू हो गए। चर्चा बढ़ने के साथ ही विवाद इतना गंभीर हो गया कि स्थिति नियंत्रित करना मुश्किल हो गया।तनाव बढ़ने पर ग्राम पंचायत कलारबांकी की सरपंच पिंकी भारत इनवाती एवं उनके पति सीधे बंडोल थाना पहुंचे। मौके पर मौजूद मीडिया द्वारा प्रतिक्रिया मांगे जाने पर सरपंच एवं सरपंच पति ने तत्काल कोई बयान देने से इनकार कर दिया।दो दिन बाद करेंगे खुलासासरपंच पक्ष का कहना है कि वे दो दिन बाद मीडिया के समक्ष पूरे मामले की सच्चाई सामने रखेंगे, फिलहाल इस विषय पर कुछ भी कहना उचित नहीं है।इधर, ग्रामीणों में इस घटना को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बैठकी बाजार की राशि को शासकीय खाते में जमा न करने का मुद्दा लंबे समय से उठता रहा है, लेकिन पहली बार मामला इतना गंभीर हुआ कि बात थाने तक पहुंच गई।जनपद स्तर पर भी हलचलइस पूरे प्रकरण को लेकर जनपद पंचायत स्तर पर भी हलचल देखी जा रही है। अब सभी की निगाहें आगामी दो दिनों पर टिकी हैं।

3 जबलपुर दर्पण रीवा/सीधी/सतना/कटनी/सिंगरौली/नरसिंहपुर/डिंडौरी
जबलपुर,सोमवार 15 दिसम्बर 2025
www.jabalpurdarpan.in

# जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक संपन्न , प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह

उमरियापान ब्यूरो■जबलपुर दर्पण
www.jabalpurdarpan.in

उमरियापान । प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री और कटनी जिले के प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन एवं उनके बेहतर परिणाम के लिये अधिकारी जनप्रतिनिधियों के साथ सतत संवाद करें । प्रभारी मंत्री ने यह बात शनिवार को जिला विकास एवं सलाहकार समिति की आयोजित पहली बैठक में कही ।बैठक में खजुराहो सांसद डॉ. व्ही डी शर्मा, विधायक विजयराघवगढ़ संजय सत्येंद्र पाठक, विधायक मुड़वारा संदीप जायसवाल, बड़वारा विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह,विधायक बहोरीबंद प्रणय प्रभात पाण्डेय, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता मेहरा, शहडोल सांसद प्रतिनिधि पद्मेश गौतम, कलेक्टर आशीष तिवारी, पुलिस



अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा, निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार, अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्रा और जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी योगेन्द्र सिंह ठाकुर मौजूद रहें ।प्रभारी मंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश पहला राज्य है, जहां समाज के सभी क्षेत्रों जैसे उद्योगपति, वकील, डॉक्टर, समाजसेवियों की सहभागिता और सेवाभाव से जिले की विकास की गति को तेज रफ्तार मिलेगी । इस बैठक के माध्यम से समाज के हर क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण करते हुये विकास के क्षेत्र में आगे बढ़ने के प्रयास किये जायेंगे ।प्रभारी मंत्री ने सदस्यों से कहा कि आगामी बैठक में क्षेत्र की समस्याओं की जानकारी लेकर आयें ताकि क्षेत्र की समस्याओं का निराकरण किया जा सके । समीक्षा के दौरान निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा नगर पालिक निगम की भारत सरकार की अमृत 1.0 तथा अमृत 2.0 वाटर बाडी रिज्युविनेशन मसुरहा घाट एवं मोहन घाट में कराये जा रहे विकास कार्यों के साथ ही वाटर सप्लाई प्रोजेक्ट, सीवरेज एण्ड सेप्टेज मैनेजमेंट प्रोजेक्ट, प्रधानमंत्री आवास योजना के संबंध में विस्तार से जानकारी दी । बैठक में विधायक मुड़वारा श्री जायसवाल और समिति सदस्य शशांक श्रीवास्तव ने शहरी क्षेत्र की खदानों के सौदर्यीकरण एवं गर्मियों के मौसम में खदानों में उपलब्ध जल का उपयोग वाटर ट्रीटमेंट प्लांट लगाकर नगर की जलापूर्ति एवं पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात कही । इसके साथ ही गहरी और बड़ी खदानों में टूरिज्म को बढ़ावा देते हुये नौका विहार एवं अन्य गतिविधियां करने का सुझाव दिया गया ।

# उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग ने करवाएं, कृषकों का प्रशिक्षण

डिंडोरी ब्यूरो■जबलपुर दर्पण
www.jabalpurdarpan.in


आदिवासी बाहुल्य जिला डिंडोरी में उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा कृषकों को प्रशिक्षण व सह भ्रमण करवाया जा रहा है, ताकि किसान उन्नत तकनीकी विधि से खेती कर सकें। पिछले दिनों प्रशिक्षक व सह भ्रमण के लिए किसानों का जत्था राज्य के बाहर नागपुर रवाना किया गया, इसी तरह जबलपुर में जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय का भी किसानों को भ्रमण करवाया गया। बताया गया कि 30 कृषकों का दल 06 दिसम्बर 2025 से 10 दिसम्बर 2025 तक तक विभिन्न कृषि संस्थानों का भ्रमण कर अच्छी उपजाऊ के गुण सीखें। भ्रमण के दौरान जैन इरिगेशन जलगांव महाराष्ट्र, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, केंद्रीय नेबू वर्गीय फल अनुसंधान संस्थान नागपुर का भ्रमण किया। इसी तरह डॉक्टर पंजाबराव देशमुख कृषि महाविद्यालय नागपुर में



उद्यान की फसल जैसी, सब्जी, मसाला तथा स्प्रिंकलर, ड्रिप सिंचाई योजनाओं सहित वैज्ञानिकों द्वारा कृषकों को प्रशिक्षण व सह भ्रमण करते हुए प्रशिक्षित किया गया। गौरतलब है कि किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रशिक्षण प्रदेश के बाहर दिलाया गया, जिसमें जिले भर से चिन्हित किसानों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण का उद्देश्य किसानों को अपनी स्वयं का व्यवसाय व रोजगार स्थापित करना है। बताया गया कि किसानों का प्रशिक्षण कार्यक्रम मां नर्मदा गौ सेवा समिति डिंडोरी के सदस्यों के सहयोग से कराया जा रहा है। पिछले दिनों जबलपुर से वापस 30 किसानों का प्रशिक्षण दल डिंडोरी पहुंचा, जहां उन्हें फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया।

# तहसीलदार का आदेश फिर भी नहीं हुआ रिकॉर्ड दुरुस्त

**गाडरवारा।** ग्राम बिलौनी की महिला आवेदक रुक्मणि बाई चौबे के द्वारा माननीय न्यायालय गाडरवारा में आवेदन दिया था कि मौजा बिलौनी में स्थित ख0न0 109 में आवेदक के पूर्वजों का नाम आदेश दिनांक 23/11/2020 में छूट गया है जिसको पुनः यथावत करवाने हेतु रुक्मणि बाई



चौबे द्वारा आवेदन किया गया था जिस पर न्यायालय द्वारा दिनांक 01/01/2023 को आदेश दिया गया कि पूर्व खातेदारों के नाम वर्तमान खसरे में दर्ज किया जाए परंतु आज तक उक्त आदेश का पालन हल्का पटवारी द्वारा नहीं किया गया जिसको देख कर ये लग रहा है कि न्यायालय के आदेशों की खुलेआम अवहेलना कर्मचारियों द्वारा की जारही हैं।

# जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा आयोजित

गाडरवारा ब्यूरो■जबलपुर दर्पण
www.jabalpurdarpan.in

बीते शनिवार क़ो जवाहर नवोदय विद्यालय की कक्षा 6 मे सत्र 2026-27 मे प्रवेश हेतु चयन परीक्षा क्षेत्र के चयनित 6 परीक्षा केंद्रों पर प्रातः 11:30 बजे से 1:30 बजे तक आयोजित की गई । उक्त परीक्षा मे शासकीय व अशासकीय स्कूलों के वर्तमान सत्र मे अध्ययनरत 5 वी कक्षा के पंजीकृत छात्र छात्राएं शामिल हुए। परीक्षा हेतु क्षेत्र के साईंखेड़ा ब्लॉक के बच्चों के लिए बनाये गए परीक्षा केंद्र उत्कृष्ट विद्यालय साईंखेड़ा मे 288 में से 246, बीटीआईं स्कूल गाडरवारा मे 288 में से 229, शासकीय कन्या उ मा शाला गाडरवारा मे 256 में से 223 छात्र छात्राएं शामिल हुए। इसके अलावा चीचली ब्लॉक हेतु बनाये गए परीक्षा केंद्र उत्कृष्ट विद्यालय चीचली मे 288 में से 268, शा कन्या उ मा विद्यालय सालीचौका मे 288 में से 267 एवं शासकीय आदर्श उ मा विद्यालय गाडरवारा मे कुल 258 छात्र छात्राओ में से 230 छात्र छात्राओं ने परीक्षा दी । शनिवार क़ो



आयोजित हुई परीक्षा का जिला शिक्षा अधिकारी प्रतुल इंदुरख्या, नवोदय प्राचार्य अरुण तिवारी, सहायक संचालक नीलम मरावी, सीमा डोंगरे ने लिपिक अमित पटैल के साथ निरीक्षण किया। बीटीआई स्कूल में प्राचार्य श्रीमती सुनीता पटैल, आदर्श स्कूल में प्राचार्य एस के मिश्रा, शा क उ मा विद्यालय गाडरवारा में प्राचार्य सुशील शर्मा, उत्कृष्ट साईखेड़ा में प्राचार्य चंद्रकांत विश्वकर्मा, उत्कृष्ट विद्यालय चीचली में प्राचार्य भूपेश ठाकुर, शा क उ मा विद्यालय सालीचौका में प्राचार्य ए के रघुवंशी के निर्देशन में परीक्षा आयोजित हुई। विदित हो कि प्रत्येक केंद्र पर नवोदय विद्यालय से एक शिक्षक सीएलओ के रूप में उपस्थित रहा।

**कलेक्टर ने किया एनसीएल के अमलोरी परियोजना का भ्रमण**

# पर्यावरण संरक्षण तथा सामाजिक सुरक्षा से जुड़े विंदुओ पर की समीक्षा



सिंगरौली ब्यूरो■जबलपुर दर्पण
www.jabalpurdarpan.in

कलेक्टर गौरव बैनल द्वारा एनसीएल के अमलोरी परियोजना का भ्रमण कर परियोजना द्वारा पर्यावरण संरक्षण, खनन सुरंक्षा एवं सामाजिक सुरंक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विंदुओ पर परियोजना के अधिकारियो के साथ विस्तृत समीक्षा की। बैठक के दौरान क्षेत्रिय महाप्रबंधक द्वारा परियोजनओ की प्रमुख विशेषतओ उत्पादन की स्थिति सुरंक्षा व्यवस्थाओ के साथ साथ अपनायें गये नवाचारो की विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक में कलेक्टर ने मज़दूरों के अधिकारों तथा संबद्ध विषयों पर जानकारी प्राप्त की तथा मज़दूरो के एचपीसी नियमानुसार वेतन तथा अन्य लाभ एवं ख़ान में कार्य करने के दौरान सुरक्षा व्यवस्था का भी जायज़ा लिया। उन्होने माइनिंग प्लान के अनुसार कंपनी द्वारा किए जा रहे खनन तथा कुछ हिस्सो में खनन प्रक्रिया पूर्ण होकर वन विभाग द्वारा किए गए वृक्षारोपण की भी जानकारी प्राप्त की। परियोजना अंतर्गत प्रदूषण नियंत्रण हेतु लगाये गये आटोमैटिक व्हीसी वाशिंग सिस्टम का अवलोकन किया एवं निर्देश दिए कि पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण हेतु इसी तरह के अन्य नवीन आधुनिक नवाचारो को भी शामिल करे तथा सामाजिक स्तर पर भी नवाचारो के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे। तत्पश्चात कलेक्टर ने खदान के कार्यस्थलों का भी निरीक्षण किया एवं कार्य-प्रक्रियाओं की समीक्षा की। उन्होंने परियोजना के सुरक्षित एवं पर्यावरण-केंद्रित सतत विकास के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# आपसी सामंजस्य से हुआ नेशनल लोक अदालत में मामलों का निराकरण

डिंडोरी ब्यूरो■जबलपुर दर्पण
www.jabalpurdarpan.in

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशन में एवं माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डिण्डौरी शशिकान्ता वैश्य के मार्गदर्शन में नेशनल लोक अदालत का आयोजन दिनांक 13 दिसंबर 2025 को किया गया, आयोजित सफल लोक अदालत का शुभारंभ माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमति शशिकान्ता वैश्य, कलेक्टर श्रीमति अंजू पवन भदौरिया, पुलिस अधीक्षक श्रीमति वाहनी सिंह एवं अध्यक्ष अधिवक्ता संघ यू.के पटेरिया द्वारा माँ सरस्वती की छायाचित्र पर मार्त्यापण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। आयोजित नेशनल लोक अदालत में माननीय श्रीमति



शशिकान्ता वैश्य प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा व्यक्त किया गया कि नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित पारिवारिक विवाद, मोटरयान दुर्घटना दावा, चैक अनादरण एवं विभिन्न राजीनामा योग्य आपराधिक व दीवानी प्रकरण आपसी समझौते व सुलह के आधार पर निराकृत होगें, लोक अदालत में बैंकों की ऋण वसूली, विद्युत एवं दूरभाष बिल बकाया एवं नगर पालिका के संपत्ति व जल कर से संबंधित मुकदमा पूर्व प्रकरणों का निराकरण भी उभय पक्षों की सहमति से होगा। कार्यक्रम में कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया एवं पुलिस अधीक्षक वाहनी सिंह ने नेशनल लोक अदालत की बधाई दी, आयोजित लोक अदालत में प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय एम. एल राठौर, तृतीय जिला न्यायाधीश कमलेश कुमार सोनी, द्वितीय जिला न्यायाधीश शिवकुमार कौशल, प्रथम जिला न्यायाधीश रविंद्र गुप्ता, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट गिरजेश कुमार सनोडिया, आशीष केशरवानी न्यायाधीश / सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आर.पी. सिंह न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, श्रीमति कमला उईके न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, उत्कर्ष राज सोनी, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, सुश्री रिया डहेरिया न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, अध्यक्ष अधिवक्ता संघ यू.के पटेरिया, सीएफसी श्री राम सखा साकेत, अध्यक्ष कर्मचारी संघ भीम प्रकाश रामटेके, डिफेंस कांउसिल टीम अधिवक्तागण, न्यायालयीन कर्मचारीगण व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डिण्डौरी के कर्मचारीगण, पक्षकारगण, विद्युत विभाग, नगरपालिका विभाग, एवं समस्त बैंक आदि।



# विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

गाडरवारा ब्यूरो■जबलपुर दर्पण
www.jabalpurdarpan.in

गत दिवस ग्राम सूखाखेरी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के एग्रीकल्चर व्यावसायिक प्रशिक्षण के छात्र / छात्राओ को उन्नत कृषि से संबंधित इजरायल की टेक्नोलॉजी पर आधारित कोठिया में नेट हाउस का भ्रमण कराया गया। भ्रमण में आधुनिक टेक्नोलॉजी का उपयोग करते हुए कृषि को व्यवसायिक कैसे बनाए इस पर जोर दिया गया है।इस अवसर पर नेट हाउस संचालक उमाशंकर सोनी ने बच्चों को नेट हाउस की टेक्नोलॉजी की बारीकियों के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा छोटे किसानों को उन्नत कृषि के लिए प्रोत्साहन करने एवं उत्पादन को बढ़ाने के लिए एक अच्छी पहल है। प्राचार्य महेंद्र सिंह पटेल के मार्गदर्शन में आयोजित इस भ्रमण में प्रभारी डॉ संदीप कुमार मेहरा , आर. के . चौधरी , नितेंद्र प्रताप सिंह , निति कौरव , अमित मेहरा , सुमित कौरव , अनिता आचार्य , शुभम मेहरा एवं समस्त छात्र / छात्रा उपस्थित रहे ।।

# ग्राम खमरिया के पास दो बाइक की टक्कर,एक गंभीर

**गोटेगांव ।** जबलपुर मार्ग पर ग्राम खमरिया के पास दो मोटरसाइकिल की आमने-सामने से टक्कर हो गई जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसकी स्थिति देखकर घायल को जबलपुर रेफर किया,वहीं घटना में घायल एक युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोटेगांव लाया गया उक्त सड़क हादसे में घायल व्यक्ति का नाम राजा साहू बताया जा रहा है जोकि ग्राम इमलिया का निवासी है बताया गया कि युवक पेपर देने के लिए दमोह गया था।उक्त हादसे की सूचना मोनू भैया मित्र मंडली सदस्य राजेश राजपूत द्वारा 108 एम्बुलेंस को सूचना दी और घायलों को एंबुलेंस में रखवा कर मदद की गई जिससे एमटी शोभाराम और पायलट राजकुमार मिथुन की मदद से स्वास्थ्य केंद्र गोटेगांव लाया गया।

# कबाड़ी की दुकान पर आरपीएफ का छापा

**कटनी ।** मंगलनगर स्थित प्यासी सीमेंट के पास रेलवे सुरक्षा बल ने एक कबाड़ी की दुकान पर छापामार कार्रवाई की है। कार्रवाई के दौरान दुकान से रेलवे का लोहा बरामद होने की जानकारी सामने आई है। यह छापा शनिवार दोपहर करीब 1 बजे मारा गया, जहां आरपीएफ की टीम मौके पर जांच में जुटी रही।सूत्रों के अनुसार संबंधित कबाड़ी को लेकर लंबे समय से रेलवे संपत्ति के अवैध खरीद-फरोख्त की शिकायतें मिल रही थीं। इन्हीं शिकायतों के आधार पर आरपीएफ ने यह कार्रवाई की। छापे के दौरान दुकान में रखे लोहे और अन्य कबाड़ की बारीकी से जांच की जा रही है ताकि यह स्पष्ट हो सके कि कितना सामान रेलवे से संबंधित है।फिलहाल आरपीएफ की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है, लेकिन कार्रवाई के बाद इलाके में हड़कंप मचा हुआ है। रेलवे के लोहे की मात्रा और आगे की कानूनी कार्रवाई जांच पूरी होने के बाद सामने आने की संभावना है।

# लोक अधिकार केन्द्र चितरंगी में नेई चेतना पहल बदलाव 4.0 की शुरुआत



सिंगरौली ब्यूरो■जबलपुर दर्पण
www.jabalpurdarpan.in

विगत दिवस लोक अधिकार केन्द्र चितरंगी में आज नेई चेतना पहल बदलाव 4.0 का शुभारंभ उत्साहपूर्ण माहौल में किया गया। कार्यक्रम के तहत जेंडर आधारित हिंसा के विरुद्ध जनजागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें महिलाओं और लड़कियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।रैली के दौरान प्रतिभागियों ने रंगोली बनाकर और प्रभावी नारे लगाकर समाज में समानता, सुरक्षा और सम्मान का संदेश दिया। कार्यक्रम में उपस्थित दीदियों ने "एक दिया जले तो अंधेरा ढले, हजार दिये जले तो संसार जगमगाए" जैसे प्रेरक संदेशों के साथ सामूहिक कलश स्थापना भी की।आकाश की तरह हर रंग में खिलते हुए, महिलाओं ने यह संदेश दिया कि "आज हम हर रंग में छाए हैं, नया आसमान गढ़ने को तैयार हैं।" कार्यक्रम में समता समन्वयक पानकली सिंह, समता साथी रामवती सिंह एवं समता साथी कुशलेश कुमारी की प्रमुख भूमिका रही।जागरूकता अभियान का उद्देश्य समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान, सुरक्षा और समान अधिकारों की भावना को मजबूत करना तथा हिंसा के हर रूप के खिलाफ सामूहिक आवाज उठाना है।

**हनुमान मंदिर चोरी का खुलासा**

# पुलिस ने दान पेटी व चोरी की राशि जब्त कर आरोपी को किया गिरफ्तार



नरसिंहपुर ब्यूरो■जबलपुर दर्पण
www.jabalpurdarpan.in

हनुमान मंदिर में चोरी कर दान पेटी ले जाने वाले चोर से चोरी किये पैसे व दान पेटी जब्त करने पर करेली पुलिस को मिली सफलता उल्लेखनीय है कि जिले में अवैध मादक पदार्थ व अवैध हथियारो व चोरी की वारदतो को रोकने के लिये श्रीमान पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीणा के दिशा निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया और एसडीओपी पुलिस मनोज गुप्ता के मार्गदर्शन में नशे का कारोबार एवं अवैध हथियारो के विक्रय करने वालों पर पूर्णतः अंकुश लगाने हेतु संपूर्ण जिला अंतर्गत विशेष अभियान चलाया जाकर जिले के विभिन्न थानों में लगातार धरपकड की कार्यवाही की जा रही है ।

निंक 12/12/25 को प्रार्थी योगीराज तिवारी व्दारा थाना करेली आकर सूचना दिया की 11/12/2025 की रात को हनुमान मंदिर की पूजा कर मंदिर का चैनल गेट लगाकर घर चला गया था जब सुबह मंदिर में पूजा करने आया तो मंदिर के चैनल गेट का ताला टूटा था व मंदिर में रखी दान पेटी गायब थी जिसकी सूचना पर थाना करेली में अपराध क्र. 999/25 धारा 331(4) ,305(ए) बी. एन.एस का कायम कर विवेचना में लिया गया दौरान विवेचना के मुखविर सूचना के आधार पर दिनांक 14/12/25 को आरोपी छोटू उर्फ जालंधर पिता सिन्नर कुचबदिंया निवासी हनुमान वार्ड करेली को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गयी जो आरोपी व्दारा घटना करना स्वीकार करते हुये चोरी गये 2904/ रू. एवं दान पेटी की जब्ती की जाकर आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायलय पेश किया गया ।

**इनकी रही मुख्य भूमिका** – उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी करेली निरीक्षक रत्नाकर हिंग्वे ,सउनि संतलाल मरकाम , प्र.आर. सोमकुवंर ,प्र.आर राजेश नंदा वरिष्ठ आरक्षक राजेश बागरी, आरक्षक कपिल राजपूत. आर. पवन , आर. अमित यादव की मुख्य भूमिका रही ।

# एक पेड़ मां के नाम समर्पित रहा सांसद का जन्म दिन



सिंगरौली ब्यूरो■जबलपुर दर्पण
www.jabalpurdarpan.in

लोकसभा सांसद डॉ राजेश मिश्रा का जन्म दिवस 13 दिसंबर एक पेड़ मां के नाम अभियान को समर्पित रहा। सांसद कार्यालय परिसर बैढ़न मे सांसद के जन्म दिवस को कार्यकर्ताओं ने वृक्षारोपण कर मनाया। सांसद प्रतिनिधि संतोष वर्मा के नेतृत्व मे सांसद कार्यालय परिसर पर फलदार वृक्ष आम और जामुन का रोपण किया गया तथा देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के एक पेड़ मां के नाम अभियान को सार्थक बनाने का प्रयास कार्यकर्ताओं ने किया। सांसद महोदय चल रहे लोकसभा सत्र के कारण दिल्ली में हैं अतः ये कार्यक्रम उनकी अनुपस्थिति मे सम्पन्न हुआ। समस्त कार्यकर्ताओं ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया एवं एक दूसरे का मुंह मीठा करा कर सांसद महोदय के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। इस अवसर पर मुख्य रूप से वार्ड क्रमांक 40 की पार्षद सीमा जायसवाल, बाल संरक्षण आयोग सिंगरौली के अध्यक्ष डॉ आर डी पांडेय, किसान मोर्चा सीधी के जिलामंत्री अभय सिंह बबलू, जिला मीडिया प्रभारी नीरज सिंह परिहार, पार्षद प्रतिनिधि संतोष जायसवाल, एवं सासद कार्यालय सहायक मुकेश कुमार सोंधिया मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



# सिविल न्यायालय में लोक अदालत का आयोजन

गोटेगांव ब्यूरो■जबलपुर दर्पण
www.jabalpurdarpan.in

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार दि. 13.12.2025 दिन शनिवार, प्रातः 10:30 बजे तहसील विधिक सेवा समिति, गोटेगांव द्वारा न्यायालय परिसर में अध्यक्ष/न्यायधीश साक्षी शुक्ला, अभिभाषक संघ के अध्यक्ष भरत पटैल, सचिव अभय जैन, अधिवक्तागण एवं समस्त न्यायालयीन कर्मचारीगण द्वारा मां सरस्वती की मूर्ति पर मार्त्यापण व दीप प्रज्वलित कर लोक अदालत का विधिवत शुभारंभ किया गया। लोक अदालत के दौरान न्यायधीश साक्षी शुक्ला के न्यायालय में 30 बैंक रिकवरी, 60 जलकर एवं संपत्ति कर से 13 आपराधिक राजीनामा योग्य प्रकरण, 19 एनआईए 3, विधिक आपराधिक प्रकरण एवं 1 दीवानी प्रकरण के कुल 36 प्रकरण सुनवाई में लिए गए। जिसमें से बैंक रिकवरी के 27 जलकर, दुकान किया एवं संपत्ति कर के 53 आपराधिक राजीनामा योग्य 11, विविध आपराधिक प्रकरण 4, एनआईए 17 के दीवानी प्रकरण 1, मिलाकर कुल 34 प्रकरण निराकृत किए गए एवं कुल 6425109 रूपये की राशि जमा की गई एवं 240 व्यक्ति लाभांवित हुए। पक्षकारो को छायादार फलदार वृक्ष वितरण किए

# सिंघनपुर में महानदी के घाट पर युवक का शव मिलने से सनसनी, हत्या की आशंका

**कटनी।** विगढ़ थाना क्षेत्र के सिंघनपुर गांव में रविवार को उस समय सनसनी फैल गई जब महानदी के गुंडेहा घाट पर एक युवक का शव मिला। मृतक के हाथ-पांव रस्सी से बंधे हुए थे, जिससे प्रथम दृष्टया हत्या की आशंका जताई जा रही है।घटना की जानकारी मिलते ही विगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और क्षेत्र को घेराबंदी कर जांच शुरू की। पुलिस ने शव को नदी से बाहर निकलवाकर पंचनामा कार्रवाई की और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस आसपास के गांवों में पूछताछ कर रही है और गुमशुदगी की रिपोर्टों से मिलान किया जा रहा है। प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। पुलिस ने जल्द मामले के खुलासे का आश्वासन दिया है।

# जिला कलेक्टर के निरीक्षण में कड़े निर्देश, चौंक-चौराहों पर हो अलावा की व्यवस्था

डिंडोरी ब्यूरो■जबलपुर दर्पण
www.jabalpurdarpan.in

जिले भर में पड़ रही कड़ाके की ठंड को ध्यान में रखते हुए कलेक्टरअंजू पवन भदौरिया ने मानवीय संवेदनाओं का परिचय देते हुए रात 10 बजे स्वयं नगर के विभिन्न स्थलों का आकस्मिक निरीक्षण किया। तापमान 10 डिग्री सेल्सियस तक पहुँचने के बावजूद कलेक्टर ने रैन बसेरों तथा अन्य स्थानों पर रुककर व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। कलेक्टर श्रीमती भदौरिया रैन बसेरा धर्मशाला, मुख्य बस स्टैंड, मंडला बस स्टैंड, नर्मदा डैम घाट, गुजराती धर्मशाला, बिलैया धर्मशाला एवं पुरानी डिंडोरी के रैन बसेरा पहुँचीं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नेपाल के जुमला जिले से आए उन नागरिकों से भी मुलाकात की, जो जड़ी-बूटी बेचने हेतु मध्यप्रदेश आए हुए हैं। कलेक्टर ने उनका हाल-चाल जाना, उन्हें गर्म कपड़े उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर सीधे संपर्क करने हेतु अपना मोबाइल नंबर भी प्रदान किया। नर्मदा नदी किनारे स्थित गुजराती धर्मशाला में कलेक्टर ने नासिक, जबलपुर, ओंकारेश्वर, उज्जैन, रायसेन, होशंगाबाद, सुहागपुर, गुजरात, खंडवा एवं नेपाल से आए परिक्रमा वासियों से चर्चा की।

उन्होंने परिक्रमा मार्ग पर उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली तथा ठंड से सुरक्षा हेतु चादर, कंबल बातें और विश्राम की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसी तरह बढ़ती ठंड को देखते हुए नगर में लकड़ी एवं जलावन की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध कराई गई है। साथ ही बस स्टैंड, नर्मदा घाट, विभिन्न धर्मशालाओं, रैन बसेरों और प्रमुख चौराहों पर अलाव की व्यवस्था की गई है, ताकि किसी भी राहगीर, परिक्रमा वासी या यात्री को असुविधा न हो। रुकने और आराम की उचित व्यवस्थाएँ भी सुनिश्चित की गई हैं।


# आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में नर्सरी खोलने की मांग, रोजगार के मिलेंगे नए अवसर

**डिंडोरी, जबलपुर दर्पण ब्यूरो।** जिले के समनापुर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत अंतरिया में वन सुरक्षा समिति के सदस्यों ने पहल करते हुए पास के जंगल में नर्सरी खोलने की मांग की है। नर्सरी खोलने की मांग को लेकर सदस्यों ने अनूसुचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज सिंह तेकाम को आवेदन देकर अपनी मांग रखी है। आवेदन पत्र में उल्लेख किया गया कि पंचायत में पांच गांवों के छोटे-बड़े टोले है, जो जंगलों से घिरा हुआ है, जहां पूर्णतः आबादी आदिवासी बाहुल्य है। गौरतलब है कि आसपास गांवों के ग्रामीण अपनी जीविकापार्जन करने के लिए आज भी महानगरों की और पलायन कर रहे हैं, क्षेत्र में नर्सरी खुल जाने से लोगों को रोजगार सहित पर्यावरण संरक्षित होगा। बताया गया कि नर्सरी में फलदार पौधे, औषधीय गुण वाले पौधे सहित विभिन्न किस्मों के पौधे विकसित किए जाए, जिससे स्थानीय स्तर पर लोगों को आसानी से पौधे उपलब्ध हो सकें।

# नशे में भूत शंभू तिवारी समेत चार आरोपियों ने किराना दुकान संचालक शिवम के साथ की मारपीट

रीवा ब्यूरो■जबलपुर दर्पण
www.jabalpurdarpan.in

रीवा मऊगंज थाना क्षेत्र के ग्राम उधोपूर्व में आज शनिवार की दोपहर नशे में धुत शंभू तिवारी,अंशु तिवारी, सुनील तिवारी व राकेश तिवारी ने गांव के ही किराना दुकान संचालक शिवम शुक्ला के साथ अभद्रतापूर्ण व्यवहार करते हुए मारपीट की और दारु पीने के नाम पर ₹500 जबरिया छीन ले गए इतना ही नहीं बीच बचाव करने मौके पर पहुंचे चाचा विद्या चरण शुक्ल के साथ भी अभद्रता करते हुए मारपीट की जिनके चेहरे पर चोट के निशान भी थे l इस आशय की रिपोर्ट फरियादी शिवम शुक्ला ने मऊगंज थाने में दर्ज करते हुए उपरोक्त सभी चारों आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की मांग की है l मामले का गंभीर पहलू यह है की मऊगंज थाना पुलिस ने फरियादी की कथित शिकायत (सूचना) को भी महज विवेचना में लिया है पीड़ित फरियादी का पुलिस



द्वारा अस्पताल में मेडिकल न कराया जाना पुलिसिया कार्रवाई को सवालों के घेरे में खड़ा करता है l आरोपियों के खिलाफ शिथिलता भरी कथित कार्रवाई से कयास लगाए जा रहे हैं की पुलिस शायद किसी बड़े हादसे के इंतजार में बैठी है पीड़ित फरियादी शिवम शुक्ला का कहना है कि आरोपियों से उसे अपनी जान माल का खतरा है यदि उसके साथ किसी तरह की कोई घटना होती है तो इसकी संपूर्ण जवाबदेही मऊगंज थाने पुलिस की होगी युक्त चारों व्यक्ति अपराधी किस्म के है जिनके खिलाफ मऊगंज थाने मे पूर्व से भी अपराध पंजीबद्ध है।

# संपादकीय

## भगवान पार्श्वनाथ का जन्म कल्याणक दिवस

भगवान् पार्श्वनाथ जैन तीर्थंकरों की श्रृंखला में तेईसवें तीर्थंकर हुए । बाइसवें तीर्थंकर भगवान् अरिष्ठनेमि के तिरासी हजार सात सौ पचास वर्ष बाद व अंतिम तीर्थंकर भगवान् महावीर के दो सौ पचास वर्ष पूर्व पार्श्व हुए । ईसा पूर्व 949 वर्ष में पार्श्व का अवतरण हुआ। भगवान् महावीर द्वारा पुरुषादानीय के रूप में संबोधित भगवान् पार्श्व अपने युग के एक सर्वमान्य व्यक्तित्व के रूप में उभरें । परम सुखमय देवायु भोगकर वे इसी भरत क्षेत्र की वाराणसी नगरी के नरेश अश्वसेन की महारानी वामादेवी की पवित्र कुक्षि में अवतरित हुए । महारानी को आये चौदह महास्वप्नों से सभी जान गये कि हमारे राज्य में तीर्थंकर पैदा होंगे । सर्वत्र हर्ष का वातावरण छा गया । सब प्रसव की प्रतीक्षा करने लगे। गर्भकाल पुरा होने पर पौष कृष्णा दशमी की मध्य रात्रि में भगवान का सुखद प्रसव हुआ । देवेन्द्रो के उत्सव के बाद राजा अश्वसेन ने राज्य भर में जन्मोत्सव का विशेष आयोजन किया । पुत्र जन्म की खुशी का लाभ राज्य के प्रत्येक व्यक्ति को मिला । उत्सव के दिनों में कर- लगान आदि सर्वथा समाप्त कर दिये गये । बंदी- गृह खाली कर दिये गये और याचको को अयाचक बना दिया गया । गर्भकाल के घटना प्रसंग को ध्यान में रख राजा अश्वसेन ने बालक का नाम पार्श्वनाथ रख दिया । सभी ने इसी नाम से उनको पुकारा । तारुण्य में प्रवेश करते ही पार्श्वकुमार के सुगठित शरीर में अपूर्व सौन्दर्य निखर आया । उनके सौन्दर्य की चर्चा दूर- दूर तक फैल गईं । कुशस्थलपुर नरेश प्रसेनजित की पुत्री राजकुमारी प्रभावती ने पार्श्वकुमार के रूप - सौन्दर्य का बखान सुनकर मन ही मन प्रतिज्ञा कर ली कि मेरे इस जन्म के पति पार्श्वकुमार ही हैं ।

-संपादक

## अमेरिकी टैरिफ वार के दबाव के बावजूद चीन बना दुनिया का ट्रेड किंग



क्या होते हैं टूटते हुए तारे/उल्का वृष्टि_खगोलविद अमर पाल सिंह ने बताया कि पृथ्वी अपने अक्ष पर 23.5 डिग्री झुकी हुई है और पृथ्वी अपने अक्ष पर सतत घूमते हुए सूर्य का चक्कर भी लगाती है, पृथ्वी का अपने अक्ष पर घूमने के कारण ही हमें दिन और रात का अनुभव होता है, पृथ्वी का अपने अक्ष पर घूमने को घूर्णन ( रोटेशन) कहा जाता है, और पृथ्वी का सूर्य के चारों ओर चक्कर लगाने को परिभ्रमण ( रिवोल्यूशन) कहा जाता है, पृथ्वी को सूर्य का एक चक्कर पूरा करने में लगने वाले समय को हम बर्ष कहते हैं, जब पृथ्वी अपने वार्षिक परिभ्रमणीय यात्रा के दौरान सूर्य का चक्कर लगाते हुए किसी धूमकेतु द्वारा जोकि लंबी दीर्घब्रत्ताकर कक्षाओं में सूर्य की परिक्रमा करते रहते हैं उनसे निकले हुए छोटे एवं बड़े कण उनकी कक्षाओं में चक्कर लगाते रहते हैं उनके द्वारा छोड़े गए मलबे से गुजरती है तो उसी दौरान छोटे, बड़े आकार के ये टुकड़े जो कि कंकड़ पत्थर, जलवाष्प, गैसों ,धूल कणों आदि के बने हुए होते हैं , ये अंतरिक्षीय मलबे के टुकड़े जब पृथ्वी के वायुमंडल में अचानक से दाखिल होने पर गुरूत्वाकर्षण बल और वायुमंडलीय घर्षण के कारण क्षण भर के लिए चमक लिए जल उठते हैं और रात्रि के आकाश में चमकते हुए दिखाई देते हैं और फिर कुछ समय में ही गायब हो जाते हैं , उसे ही खगोल विज्ञान की भाषा में उल्का और सामान्य भाषा में टूटता हुआ तारा ( शूटिंग स्टार) कहा जाता है जिनकी गति लगभग 70 किलोमीटर प्रति सेकंड से भी अधिक हो सकती है, इसी वजह से अधिकांश उल्काएं 130 से 180 किलोमीटर की ऊंचाई पर ही जलकर राख हो जाती हैं, यही आकाश में टूटते हुए तारों का आभास कराते हैं, जिन्हें ही आम बोलचाल की भाषा में टूटते हुए तारे भी कहा जाता है, जबकि बास्तब में ये टूटते हुए तारे नहीं होते हैं, इन्हें ही खगोल विज्ञान की भाषा में उल्काएं कहा जाता है, जो कि वैसे तो छिटपुट तौर से तो वर्षभर होता रहता है लेकिन ये कुछ ख़ास महीनों में ज्यादा नज़र आती हैं, जैसे दिसम्बर में होने वाली मिथुन (जैमिनिड्स ) उल्का वृष्टि उनमें से एक महत्वपूर्ण उल्का बर्षा होती है।कब दिखाई देंगी उल्काएं _ खगोलविद अमर पाल सिंह ने बताया कि वैसे तो लगभग रात्रि आठ बजे के बाद से ही यह नज़ारा दिखना शुरू हो जाएगा लेकिन गोरखपुर, उत्तर प्रदेश में 14 दिसंबर 2025 की मध्य रात्रि से चार बजे भोर तक यह उल्का ब्रष्टि का नज़ारा बेहद ही शानदार नज़र आएगा, दिसंबर माह में होने बाली उल्का ब्रष्टि को जैमिनिड्स ( मिथुन ) उल्का ब्रष्टि कहा जाता है, क्योंकि यह उल्काएं मिथुन (जेमिनी) तारामंडल से आती हुई दिखाई देती हैं, उल्काएं जिस तारामंडल के बिंदु की तरफ़ से आती हुई दिखाई देती हैं उसे खगोल विज्ञान की भाषा में मीटियर रेडिएंट प्वाइंट ( उल्का बिकीर्णक बिंदु) कहा जाता है , मगर यह ध्यान में रखना ज़रूरी है कि किसी तारामंडल के एक बिंदु से उल्काओं के बिकीर्णन का यह नज़ारा सिर्फ़ एक दृष्टि भ्रम है, वास्तव में तारे हमसे बहुत दूर हैं, लेकिन उल्काएं करीब 100 से 120 किलोमीटर ऊपर ही बायुमंडल में पहुंचने पर उद्दीप्त हो जाती हैं, वैसे तो उल्का ब्रष्टि किसी न किसी धूमकेतु से ही संबन्धित होती हैं, लेकिन दिसंबर माह के मिथुन (जैमिनिड्स) उल्का ब्रष्टि के सम्बंध में सबसे अनोखी बात यह है कि ये किसी धूमकेतु से नहीं, बल्कि एक क्षुद्रग्रह 3200 फेथॉन से आती हैं। इसे दुनिया की उन गिनी-चुनी उल्का वर्षाओं में शामिल करता है, जिनका स्रोत क्षुद्रग्रह है, न कि धूमकेतु से। यह इसको और ख़ास बनाती है।क्या है खासियत और कितनी उल्काएं दिखेंगी इस बार_खगोलविद अमर पाल सिंह ने बताया कि इस बार दिसंबर 14 की रात्रि में गोरखपुर से एक घण्टे में कम से कम लगभग 40-70 उल्काएँ/घंटा भी दिख सकती हैं जबकि इनका दिखना मौसमी घटनाओं पर भी निर्भर करता है, कब से कब तक होता है यह अनोखा नज़ारा _ इस बर्ष दिसंबर माह में गोरखपुर, उत्तर प्रदेश में 14 तारीख की रात्रि के दौरान यह उल्का ब्रष्टि अपने चरम सीमा पर होंगी, जिस से इन उल्काओं की ब्रष्टि को और भी अच्छे से देखा जा सकता है, आकाश में किस तरफ़ से आती हुई दिखाई देंगी उल्काएं _ खगोलविद अमर पाल सिंह ने बताया कि वैसे तो आकाश में किसी भी दिशा से आती हुई दिख सकती हैं, लेकिन दिसंबर माह में होने वाली उल्का मिथुन (जैमिनिड्स) उल्का ब्रष्टि को देखने के लिए आपको रात्रि के आकाश में उत्तर-पूरसे शुरुआत कर सकते हैं, फिर पूरा आसमान में देखें लेकिन आकाश में उत्तर-पूर्व दिशा की ओर से आती हुई कुछ ज्यादा दिखाई देंगी , और इनकी दृश्यता भी उच्च कोटि की होगी, कैसे देखें _ खगोलविद अमर पाल सिंह ने बताया कि आप रात्रि के आकाश का अनुसरण करें और इन्हें देखने के लिए बिना किसी ख़ास दूरबीन या बायनोक्यूलर्स या अन्य सहायक उपकरणों के भी यह नज़ारा स्पष्ट दिखाई देगा, इसके लिए किसी भी प्रकार के खास उपकरणों की आवश्यकता नहीं पड़ेगी,आप सीधे तौर पर अपने घरों से ही किसी भी साफ़ स्वच्छ अंधेरे वाली जगह से सावधानी पूर्वक ही अपनी साधारण आंखों से ही इस नजारे का लुत्फ उठा सकते हैं, शहरी क्षेत्रों में अधिक प्रकाश प्रदूषण होने के कारण कुछ व्यवधान उत्पन्न हो सकता है, लेकिन ग्रामीण इलाकों में निवास करने वाले लोगों को यह नज़ारा और भी मनोहारी दृश्य जैसा दिखाई देगा, नोट _ध्यान रखें यदि अचानक से बादल, आंधी, बरसात , तूफ़ान आदि की स्थिति उत्पन्न होती हैं तो यह खूबसूरत नज़ारा दिखाई देना कठिन भी हो सकता है,

**अमर पाल सिंह खगोलविद**

## जज स्वामीनाथन के खिलाफ सियासी साजिश, सत्ता के लिए कितना गिरेंगे!

मद्रास हाईकोर्ट के जज जस्टिस जी.आर. स्वामीनाथन ने कानूनी तर्कों के साथ हिंदू समुदाय के इस प्राचीन अनुष्ठान को हरी झंडी दिखाई लेकिन डीएमके के नेतृत्व में आईएनडीआई गठबंधन ने इसे 'सांप्रदायिक ध्रुवीकरण' का हथियार बताते हुए जज के खिलाफ महाभियोग का नोटिस दिया है। 9 दिसंबर 2025 को लोकसभा स्पीकर को सौंपे गए इस नोटिस पर प्रियंका गाँधी, अखिलेश यादव समेत 120 सांसदों के हस्ताक्षर हैं। तमिलनाडु की पवित्र थिरुपरनकुंद्रम पहाड़ी पर कार्तिगई दीपम की लौ जलाने का पारंपरिक अधिकार अब एक संवैधानिक संकट में बदल चुका है।

यह महज एक फैसले का मामला नहीं बल्कि एंटी-हिंदू ताकतों की लंबी साजिश का हिस्सा है, जहाँ डीएमके, कॉन्ग्रेस, वामपंथी दल और इस्लामी कट्टरपंथी मिलकर न्यायपालिका को भी अपने निशाने पर ले रहे हैं। हिंदू परंपराओं को कुचलने के लिए संवैधानिक संस्थाओं पर हमला बोलना इनकी पुरानी आदत है, और यह पहला मौका नहीं जब किसी जज को हिंदुओं के हक में सही फैसला देने के लिए बदनाम किया गया हो।

जानकारों के अनुसार कार्तिगई दीपम तमिलनाडु का एक प्रमुख हिंदू त्योहार है जो कार्तिगई मास की पूर्णिमा पर मनाया जाता है। यह प्रकाश की विजय का प्रतीक है, जहां दीपक जलाकर अंधकार पर अच्छाई की जीत का उत्सव होता है। छठी शताब्दी में पांड्य राजाओं द्वारा निर्मित थिरुपरनकुंद्रम सुब्रमण्या स्वामी मंदिर भगवान मुरुगन के छह प्रमुख निवासों में से पहला है। ये कार्तिगई दीपम उत्सव का केंद्र रहा है। पहाड़ी को काटकर तराशा गया यह मंदिर रोजाना तीन बार पूजा-अभिषेक और दीप आराधना का साक्षी है लेकिन पिछले कुछ वर्षों से इस्लामी कट्टरपंथी तत्व पहाड़ी पर कब्जे की कोशिश कर रहे हैं।


मुस्लिम प्रदर्शनकारियों ने यहाँ नमाज की माँग की, नाम बदलने की साजिश रची, और अब दीपम जलाने की परंपरा को ही चुनौती दे रहे हैं। पहाड़ी की चोटी पर स्थित 'दीपथून' (दीपस्तंभ) पर पारंपरिक रूप से दीपक जलाया जाता रहा है लेकिन सिकंदर बादूशा दरगाह के निकट होने के कारण डीएमके सरकार ने इसे 'संवेदनशील' बताकर रोक लगा दी है।

जस्टिस स्वामीनाथन की सिंगल बेंच ने 4 दिसंबर 2025 को शाम 6 बजे तक दीपक जलाने की अनुमति दी। उन्होंने साल 1923 के पुराने फैसले का हवाला देते हुए कहा कि इससे मुस्लिम समुदाय के अधिकार प्रभावित नहीं होंगे बल्कि दीप न जलाने से मंदिर की भूमि पर मालिकाना हक कमजोर हो सकता है। उन्होंने दरगाह प्रबंधन की अनधिकृत कब्जे की कोशिशों पर चेतावनी दी और कहा कि मंदिर प्रशासन को सतर्क रहना होगा। उन्होंने मुख्य सचिव को समन जारी किया और 'अल्पसंख्यक तुष्टिकरण' पर सवाल उठाया। जज स्वामीनाथन के आदेश के खिलाफ डीएमके सरकार ने मद्रास हाई कोर्ट की डबल बेंच (जस्टिस जयचंद्रन और के.के. रामकृष्णन) में अपील की, लेकिन डबल बेंच ने भी सिंगल बेंच के आदेश को सही ठहराया, कहा कि इसमें कोई नियम उल्लंघन नहीं है। सीआईएसएफ की सुरक्षा का आदेश पुलिस की नाकामी के कारण दिया गया था।

जानकारों के अनुसार डीएमके का यह कदम महज संयोग नहीं बल्कि सुनियोजित साजिश है। पार्टी ने आरोप लगाया कि जज का फैसला 2017 की खंडपीठ के फैसले के खिलाफ है और चुनाव से पहले सांप्रदायिक तनाव फैला रहा है। नेता टीआर बालू ने लोकसभा में कहा, "भाजपा तमिलनाडु में दंगे भड़काने की कोशिश कर रही है। दीप सरकारी अधिकारी जलाएँगे न कि अदालत के आदेश पर कुछ लोग।" लेकिन सच्चाई यह है कि डीएमके की यह प्रतिक्रिया अल्पसंख्यक वोट बैंक की राजनीति से प्रेरित है। 2026 के तमिलनाडु विधानसभा चुनावों से पहले हिंदू परंपराओं को कुचलकर मुस्लिम तुष्टिकरण का कार्ड खेला जा रहा है।

कॉन्ग्रेस की प्रियंका गाँधी और सपा के अखिलेश यादव जैसे नेता हस्ताक्षर देकर इस साजिश में शरीक हो गए हैं जो आईएनडीआई गठबंधन की एंटी-हिंदू छवि को और मजबूत करता है। कॉन्ग्रेस का इतिहास ही गवाह है इंदिरा गांधी काल से लेकर सोनिया-राहुल तक, हर बार हिंदू धरोहर (जैसे अयोध्या, काशी) पर हमला बोला गया। अब मद्रास हाईकोर्ट को निशाना बनाकर वे न्यायपालिका की स्वतंत्रता पर प्रहार कर रहे हैं।

जानकारों की माने तो यह पहला मौका नहीं है जब एंटी-हिंदू ताकतें जजों को हिंदू पक्ष में फैसला देने के लिए निशाना बना रही हैं। 1990 के दशक में बाबरी मस्जिद विध्वंस के बाद कई जजों को 'हिंदूवादी' बताकर बदनाम किया गया।



**- रामस्वरूप रावतसरे**

## इस्लामिक बैंकिंग

इस्लामिक बैंकिंग उस वित्तीय व्यवस्था को कहा जाता है जो रिबा यानी ब्याज को पूरी तरह निषिद्ध मानकर चलती है और अपनी सारी गतिविधियों को शरिया के सिद्धांतों के अनुरूप रखती है। इसमें पैसा अपने आप से पैसा पैदा करने का साधन नहीं बल्कि वास्तविक व्यापार, सामान, सेवाओं और परियोजनाओं से जुड़ा माध्यम माना जाता है। इसीलिए इस्लामिक बैंक लाभ कमाते तो हैं लेकिन वह लाभ हमेशा किसी ठोस आर्थिक गतिविधि, जोखिम, साझेदारी और व्यापारिक अनुबंध के साथ जुड़ा होता है न कि आम बैंकिंग व्यवस्था की तरह तय ब्याज दर पर। इस व्यवस्था की पहली खासियत यह है कि इसमें किसी जमा या ऋण पर पहले से निश्चित ब्याज नहीं लिया या दिया जाता। पारंपरिक बैंकों में ग्राहक अपना पैसा जमा करता है और उसे पहले से तय दर पर ब्याज मिलता है जबकि इस्लामिक बैंक में जमा धन आम तौर पर निवेश की तरह माना जाता है, जिसका मुनाफा बढ़-घट सकता है और कभी-कभी हानि भी हो सकती है। दूसरी विशेषता यह है कि इस्लामिक बैंक हर लेन-देन को किसी वास्तविक संपत्ति या सेवा से जोड़ते हैं, यानी या तो कोई माल खरीदा या बेचा जाएगा, या कोई संपत्ति किराए पर दी जाएगी, या फिर बैंक और ग्राहक मिलकर किसी व्यवसाय में साझेदार बनेंगे। इस्लामिक बैंकिंग की रीढ़ लाभ हानि के साझेदारी वाले मॉडल हैं। मुदारबा मॉडल में एक पक्ष पूँजी देता है और दूसरा पक्ष मेहनत तथा प्रबंधन देता है ।

**-विवेक रंजन श्रीवास्तव**

## संसद में प्रदूषण पर चर्चा का मुद्दा

वायु प्रदूषण आज हमारे समय का सबसे मौन लेकिन सबसे घातक सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट बन चुका है। शहर हों या गांव, हर जगह हवा में घुले अदृश्य जहरीले कण, जैसे औद्योगिक धुआं, वाहनों का उत्सर्जन, थर्मल पावर प्लांटों की राख और घरेलू ईंधन का धुआं लोगों की सांसों पर भारी पड़ रहे हैं। सबसे चिंताजनक तथ्य यह है कि लोग बिना शोर-शराबे के बीमार हो रहे हैं। न इसका दर्द तुरंत दिखता है, न इसकी मार तत्काल महसूस होती है, लेकिन शरीर को भीतर से खोखला करने की इसकी क्षमता बेहद तेज है। आज हवा में घुला जहर केवल पर्यावरण संकट नहीं, बल्कि मानव स्वास्थ्य पर चल रहा एक धीमा हमला है।

वायु प्रदूषण को रोकना अब केवल पर्यावरणीय आवश्यकता नहीं रहा,यह एक सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थिति बन चुका है। वायु प्रदूषण सिर्फ स्वास्थ्य की समस्या नहीं, यह सामाजिक असमानता का आईना भी है। सबसे गंदी हवा वही लोग सांस में लेते हैं जो इसके लिए सबसे कम जिम्मेदार हैं,गरीब परिवार, सड़क किनारे रहने वाले लोग, औद्योगिक क्षेत्रों के पास बसे समुदाय और मेहनतकश मजदूर। सांस की बीमारियां जैसे अस्थमा, सीओपीडी, खांसी, ब्रोंकाइटिस अब हर घर की सामान्य शिकायत बनती जा रही हैं। दिल और दिमाग पर इसका प्रभाव और भी घातक है। हवा में मौजूद सूक्ष्म कण रक्त में घुलकर दिल का दौरा, उच्च रक्तचाप और स्ट्रोक का जोखिम बढ़ा देते हैं। वायु प्रदूषण की सबसे ज्यादा मार बच्चों पर पड़ती है। उनके विकसित होते फेफड़े प्रदूषित हवा सहन नहीं कर पाते, जिससे जीवनभर के लिए फेफड़ों की क्षमता कम हो जाती है।

बुजुर्ग और गर्भवती महिलाएं भी अत्यधिक जोखिम में रहती हैं, क्योंकि उनकी कमजोर प्रतिरोधक क्षमता हवा में मौजूद सूक्ष्म विषैले कणों से प्रभावी ढंग से लड़ नहीं पाती।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के जलवायु, पर्यावरण और स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, वायु प्रदूषण से हर साल विश्व में लगभग 90 लाख मौतें होती हैं। नवंबर में प्रकाशित लैंसेट की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2022 में भारत में 17 लाख मौतें वायु प्रदूषण के कारण हुईं।यह संख्या 2010 की तुलना में 38 प्रतिशत अधिक है।इनमें से 7.5 लाख मौतों के लिए जीवाश्म ईंधन जिम्मेदार है।अकेले कोयले से लगभग 4 लाख मौतें हुई हैं। वैश्विक स्तर पर जीवाश्म ईंधन से जुड़े वायु प्रदूषण के कारण 25.2 लाख मौतें दर्ज की गईं। ये निष्कर्ष ऐसे समय में आए हैं जब दिल्ली और उत्तर भारत का बड़ा हिस्सा फिर से घने शीतकालीन धुंध की चपेट में है।दिल्ली का एयर क्वालिटी इंडेक्स 360 के पार पहुंच चुका है। कई इलाकों में पीएम 2.5 स्तर विश्व स्वास्थ्य संगठन की तय सुरक्षित सीमा से 20 गुना अधिक दर्ज किया गया है।

हरियाणा में वायु प्रदूषण के कारण प्रीमेच्योर डिलीवरी के मामलों में वृद्धि देखी गई है।

पीजीआई रोहतक की गायनी विभाग की अध्यक्ष डॉ. पुष्पा दहिया के अनुसार,एक वर्ष में 13,500 डिलीवरी हुईं है।

इनमें से 18 प्रतिशत (2,430 बच्चे) प्रीमेच्योर जन्मे हैं। इसका प्रमुख कारण प्रदूषण बताया गया है।राष्ट्रीय व्यावसायिक स्वास्थ्य संस्थान द्वारा कोयला खदानों के पास रहने वाले 1,202 लोगों पर किए गए अध्ययन में पाया गया कि

14.3 प्रतिशत श्रमिकों,10 प्रतिशत पर्यवेक्षक कर्मचारियों और 7.8 प्रतिशत स्थानीय निवासियों के फेफड़ों का कार्य असामान्य था। एक्स-रे में फेफड़ों में फाइब्रोसिस के मामले भी सामने आए हैं। भारत में वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए कई कानून मौजूद हैं।वायु (रोकथाम और प्रदूषण का नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के तहत केंद्र और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों को निगरानी और कार्रवाई की शक्तियां दी गई हैं।2019 में शुरू किया गया राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) देश का सबसे बड़ा केंद्र-स्तरीय प्रयास है, जिसका लक्ष्य 131 शहरों में पीएम 10 स्तर को 40 प्रतिशत तक कम करना है।

**- राजकुमार सिन्हा**

## विद्यालयी शिक्षा को गुणवत्तापूर्ण बनाने के सहज उपाय

देश में विद्यालयी शिक्षा ऐसी होनी चाहिए जो गुणवत्तापूर्ण समावेशी व्यवहारिक हो जिसमें बुनियादी ढांचे की कमी न हो।सभी स्कूलों में अच्छी बिल्डिंग स्वच्छता बिजली व डिजिटल संसाधन हो।शिक्षकों को नई नई शिक्षण विधियां सिखाने हेतु प्रशिक्षित किया जाए ताकि वे बच्चों को बेहतरीन शिक्षा दे सके।कमजोर छात्रों पर शिक्षक विशेष ध्यान देवें।छात्रों के बुनियादी कौशलों पर ध्यान दें।छात्रों को विभिन्न विषयों की समझ हो रटने पर ध्यान दें।छात्रों में सोचने समझने का कौशल विकसित हो।पाठ्यक्रम में चित्रकला नाट्यकला जैसी गतिविधियों को शामिल किया जावे।छात्र खेलकूद में भाग ले।स्काउट गाइड में रुचि लेने लगे।सेवा कार्यों में आगे आए।सांस्कृतिक साहित्यिक आयोजनों मे भाग लेवें। छात्रों को रुचि के अनुसार व्यावसायिक शिक्षा से जोड़ें। कौशल आधारित शिक्षा हो।व्यवसायिक शिक्षा हो। शिक्षा को अध्यात्म व नैतिक शिक्षा से जोड़ें।समुदाय व समाज से विद्यालय के शिक्षक जुड़ें। अभिभावकों से सतत सम्पर्क कर बच्चों की शैक्षिक व सहशैक्षिक प्रगति की जानकारी उन्हें अवश्य दें। मातृसम्मेलन अभिभावक शिक्षकों की बैठक आयोजित हों।कक्षा कक्ष में पर्याप्त फर्नीचर टी एल एम सामग्री फलेश कार्ड चार्ट डिजिटल बोर्ड ए बी एल किट हो। बच्चों को खेल खेल में गणितीय ज्ञान अक्षर ज्ञान परिवेश से जोड़कर पर्यावरण का ज्ञान कराना चाहिए। बच्चों को शाबाशी उत्साहवर्धन करने हेतु जरूरी है।हर अच्छी उपलब्धि पर उसकी प्रशंसा करें। कक्षा में उन्हें बोलने का अवसर दें। वे अपनी स्थानीय बोली में विचार व्यक्त करें।कहानी गीत कविता सुनाएं। बच्चों को होम वर्क जरूर देना चाहिए।गृह कार्य जांचते समय वर्तनी की त्रुटियों पर ध्यान दें।अंग्रेजी की कॉपी जांचते समय स्पेलिंग जरूर देखें। जल्दबाजी में कॉपियां कभी न जांचे। जिन बच्चों की वादन चित्रकला में रुचि हो उनकी पहचान कर उन्हें इन्हीं क्षेत्रो में आगे बढ़ाएं। शिक्षा का स्तर सुधारने हेतु बच्चों को पुस्तक के पाठ पढ़ना जरूर सिखाएं। मौखिक धाराप्रवाह पठन हेतु लगातार प्रयास करें।समय पर शिक्षक पाठ्यक्रम पूरा करें परीक्षा मूल्यांकन साप्ताहिक पाक्षिक मासिक अर्द्ध वार्षिक वार्षिक परीक्षा लेकर करते रहना चाहिए। विद्यालय में उत्सव महापुरुषों की जयन्तियां पर्व जरूर मनाएं जिससे उनमें जीवन मूल्यों की शिक्षा मिल सके।प्रार्थना सभा मे प्रेरक प्रसंग सुनाना चाहिए।बच्चों में अच्छी आदतों के विकास हेतु ये सब जरूरी है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हेतु कुशल शिक्षक जो धैर्य सहनशील सहानुभूति अनुकूनशीलता।सीखने के प्रति आजीवन प्रेम बेहतर संचार सुनने के कौशल रखता हो।हिंसामुक्त व सभी छात्रों के लिए समान अवसर।समावेशी सुरक्षित वातावरण वाला विद्यालय हो।बच्चों का संज्ञानात्मक सामाजिक शारीरिक व मानसिक विकास पर ध्यान हो। गुणवत्तापूर्ण शिक्षण में छात्रों में आलोचनात्मक सोच समस्या समाधान और सहयोग जैसे कौशल विकसित करना शामिल है।प्रोधोगिकी ए आई शिक्षक प्रशिक्षण समावेशी वातावरण ओर वास्तविक दुनिया से जुड़ाव हो ताकि छात्र सर्वांगीण विकास कर सके और भविष्य के लिए तैयार हो सकें।सीखने को व्यक्तिगत व आकर्षक बनाने के लिए ए आई व अन्य डिजिटल उपकरणों का प्रयोग शामिल करें।

वित्तीय सामाजिक व भावनात्मक पहलुओं सहित विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान देना गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में शामिल है। छात्रों में याद रखने के बजाय जानकारी का विश्लेषण करने संश्लेषण करने व संवाद करने पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है।छात्र भविष्य की चुनोतियों का सामना कर सजे इस हेतु क्या कैसे पढ़ाना है इस पर ध्यान देने की सभी शिक्षकों को आवश्यकता है।



**-डॉ. राजेश कुमार शर्मा**

## निकाय चुनाव में जीत से भाजपा क्यों गदगद, जानिए पूरी इनसाइड स्टोरी

केरल के स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा ने चौंकाने वाला प्रदर्शन किया है पार्टी ने राज्य की राजधानी तिरुवनंतपुरम में निगम पर जीत हासिल कर ली हैउत्तर भारतीय कहे जाने वाली भारतीय जनता पार्टी के लिए यह एक अनपेक्षित सफलता हैभाजपा ने तिरूवनंतपुरम नगर निगम में 101 में से 50 वार्डों में जीत हासिल की यहां सत्तारूढ़ एलडीएफ केवल 29 और कांग्रेस की अगुवाई वाला यूडीएफ 19 सीटों पर सिमट गया दो सीटें निर्दलीयों के खाते में गईं यह राजधानी पर पिछले 45 वर्षों से कायम लेफ्ट फ्रंट के दबदबे के खात्मे की शुरुआत है इस जीत का महत्व इस बात से पता चलता है कि खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स प्लेटफॉर्म पर इसके लिए कार्यकर्ताओं को बधाई दी है उन्होंने लिखा कि यह जनादेश केरल की राजनीति में एक वॉटरशेड मोमेंट हैलोग यह मानते हैं कि विकास केवल भाजपा गठबंधन ही कर सकता हैहम इस शहर की तरक्की और लोगों के लिए ईज़ ऑफ लिविंग सुनिश्चित करने के लिए काम करेंगे प्रधानमंत्री ने कार्यकर्ताओं का भी आभार व्यक्त किया उन्होंने लिखा कि कार्यकर्ताओं ने लंबा संघर्ष किया है ।


भाजपा की यह जीत कांग्रेस के लिए भी भारी झटका है तिरुवनंतपुरम सीट से शशि थरूर कांग्रेस के सांसद हैं हाल ही में वे पीएम मोदी की प्रशंसा और कांग्रेस की बड़ी बैठकों से गैरहाजिरी के कारण सुर्खियों में रहे हैंकांग्रेस ने वैसे पूरे राज्य में बेहतर प्रदर्शन किया है ग्रामीण इलाकों की बात करें तो वहां यूडीएफ और एलडीएफ के बीच ही मुकाबला हुआ है लेकिन भाजपा ने शहरी इलाकों में अपनी पकड़ मजबूत कर इन पारंपरिक प्रतिद्वंद्वियों के लिए खतरे की घंटी जरूर बजा दी है भाजपा ने इस बार त्रिपुनिथुरा नगरपालिका पर जीत हासिल की हैजबकि पालक्कड़ नगरपालिका में एनडीए शुरुआती रुझानों में आगे रहाइस बार राज्य भर में भाजपा 577 वार्डों पर या तो जीती है या बढ़त में रही यह उसके हाशिए से मुख्यधारा में आने का संकेत है शहरी क्षेत्रों में उसका अभूतपूर्व उछाल देखा जा रहा है ।

केरल में 2024 के लोकसभा चुनाव के नतीजों ने कई लोगों को चौंका दिया था । हालांकि यह उम्मीद थी कि कांग्रेस पार्टी वामपंथियों से बेहतर प्रदर्शन करेगी, लेकिन त्रिशूर से भाजपा उम्मीदवार की जीत पर कई लोगों को विश्वास नहीं हो रहा था। मलयालम फिल्म जगत के लोकप्रिय अभिनेता और समाजसेवी सुरेश गोपी ने त्रिशूर सीट पर प्रतिद्वंद्वी सीपीआई उम्मीदवार को 74,686 वोटों के बड़े अंतर से हराकर जीत हासिल की। वे कमल के चिन्ह पर केरल से लोकसभा के लिए चुने जाने वाले पहले उम्मीदवार बन गए। भाजपा ने केरल में 1914 प्रतिशत वोट हासिल किए, जो अब तक के किसी भी चुनाव में उसका सबसे अधिक वोट शेयर है। वाम गठबंधन को एक सीट मिली, जबकि कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चे (यूडीएफ) ने 20 में से 18 सीटें जीतीं।

पश्चिम बंगाल और त्रिपुरा में चुनावी करारी हार के बाद, केरल वामपंथी दलों का आखिरी गढ़ बचा है। वामपंथी गठबंधन 2016 में केरल में सत्ता में आया और 2021 में भी उसने अपनी जीत दोहराई, उस राज्य में सत्ता-विरोधी लहर को मात देते हुए जो हर पांच साल में सरकार बदलने के लिए जाना जाता है। लेकिन घोटालों और भाई-भतीजावाद के विभिन्न आरोपों, सेल शासन और सीपीआईएम द्वारा सरकारी तंत्र पर नियंत्रण के कारण राज्य सरकार के खिलाफ जनभावना में तेजी आई है। सत्ताधारी सीपीआईएम भी कई आंतरिक समस्याओं का सामना कर रही है, जिसके कारण अक्सर उसकी संगठनात्मक संरचना कमजोर हो जाती है।

केरल में भाजपा के एक मजबूत ताकत के रूप में उभरने के साथ, यह विश्लेषण करना महत्वपूर्ण है कि क्या वामपंथी दल अपने अंतिम गढ़ में अस्तित्व के संकट का सामना कर रहे हैं।केरल में शुरू से ही द्विध्रुवीय राजनीति चलती रही है। सीपीआईएम के नेतृत्व वाला वाम लोकतांत्रिक गठबंधन (एलडीएफ) और यूडीएफ राजनीतिक परिदृश्य पर हावी थे, जबकि भाजपा एक अलग तीसरे स्थान पर थी, जिसकी उपस्थिति दक्षिणी केरल में सबसे अधिक महसूस की जाती थी। 2014 में स्थिति तब बदलनी शुरू हुई जब भाजपा उम्मीदवार ओ राजगोपाल तिरुवनंतपुरम लोकसभा सीट पर दूसरे स्थान पर रहे और कांग्रेस के शशि थरूर से 15,470 वोटों के मामूली अंतर से हार गए। लेकिन 2016 के राज्य विधानसभा चुनावों में, भाजपा ने पहली बार नेमोम निर्वाचन क्षेत्र (तिरुवनंतपुरम जिला) में विधानसभा सीट जीती। हर चुनाव के साथ, भाजपा के मतदान प्रतिशत में धीरे-धीरे वृद्धि हो रही है।

देश के अन्य हिस्सों में भाजपा की अभूतपूर्व वृद्धि केरल में अब तक दो कारणों से नहीं देखी जा सकी है: (i) अल्पसंख्यक आबादी की उच्च सांद्रता (45-50 प्रतिशत) और (ii) कम्युनिस्ट दलों की मजबूत उपस्थिति। परंपरागत रूप से, मुस्लिम (केरल की आबादी का 28 प्रतिशत) और ईसाई (18 प्रतिशत) ने सामूहिक रूप से यूडीएफ को वोट दिया, जबकि एझवा (26 प्रतिशत) ने मुख्य रूप से एलडीएफ को वोट दिया। नायर (14 प्रतिशत) भाजपा का एकमात्र वोट बैंक थे। भाजपा जानती थी कि एझवा और ईसाई समुदाय के समर्थन के बिना केरल में सीटें जीतना असंभव है। यह जानते हुए कि एझवा समुदाय एलडीएफ का मुख्य वोट बैंक है, भाजपा ने भारत धर्म जन सेना (बीडीजेएस) नामक एक राजनीतिक दल के गठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसे एझवा समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाले जाति संगठन श्री नारायण धर्म परिपालन योगम (एसएनडीपी) ने शुरू किया था।



**- अशोक भाटिया**

## नया साल है कण-कण में

स्वागत आज नया साल है !
नया साल है हवाओं में,
नया साल है किरणों में ;
नया साल है घटाओं में
नया साल है झरणों में ,
चारों ओर कोलाहल है ,
स्वागत है आज नया साल है ।
नया साल है पंछियों की कलरव में ,
नया साल है गीतों के सुरों में;
नया साल है नभ के सितारों में ,
नया साल है मौसम में बहारों में ;
बह रहा देखो कल कल है,
स्वागत है आज नया साल है ।
नया साल है पत्तों में फूलों में,
नया साल है धरती के कण-कण में ;
नया साल है बागों के झुलों में
नया साल है जीवन के प्रतिक्षण में ;
आ रहा धीरे से चल-चल है,
स्वागत है आज नया साल है ।
नया साल है सागर में,
या साल है प्रेमिका के गालों में ;
नया साल है गागर में,
नया साल है मदिरा के प्यालों में ;
निखरा ,संवरा पल-पल है ;
स्वागत है आज नया साल है ।

**-सुव्रत दे**

## अपनत्व सम्मान अब खो गया

आजकल कोई रिश्ता, अब रिश्ते जैसा न रहा
जो पूछे एक दूजे को, बस वही रिश्ता है बचा

चाहे हो चाचा चाची, मामा मामी, मौसा मौसी
हुए जा रहे लुप्त सारे रिश्ते,फूफा फूफी आदि

इस पीढ़ी ने ये रिश्ते एक पंक्ति में हैं दिए लगा
आजकल कोई रिश्ता, अब रिश्ते जैसा न रहा

ये न बड़ों की सुनते हैं,और न उनकी मानते हैं
इनके साथ कैसा बर्ताव हो,अच्छे से जानते ह

इनसे दूरी बनाए रखनेमें समझते अपना भला
आजकल कोई रिश्ता, अब रिश्ते जैसा न रहा

रखते उत्ता रिश्ता, जित्ती इनकी शान बनी रहे
रस्म अदायगी में समाज में बस आन बनी रहे

आत्मीयता अपनत्व सम्मान हैं कर दिए विदा
आजकल कोई रिश्ता, अब रिश्ते जैसा न रहा

**- रवीन्द्र मक्कड़ रवि**




# ईएससी इंस्टीट्यूट का वर्चुअल सुपरहीरो शो शानदार परफॉर्मेंस और ग्लोबल एक्सीलेंस के साथ चमका

■जबलपुर दर्पण
www.jabalpurdarpan.in

एजुटेनमेंट स्मार्ट क्लासेस (ईएससी इंस्टीट्यूट) ने हाल ही में एक असाधारण वर्चुअल ऑनलाइन सुपरहीरो शो होस्ट किया, जो आत्मविश्वास, रचनात्मकता, संचार और एजुटेनमेंट का एक शानदार उत्सव बन गया। पूरी तरह से एक ग्लोबल डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आयोजित इस इवेंट ने साबित कर दिया कि प्रभावशाली सीख और दमदार परफॉर्मेंस किसी भी फिजिकल स्टेज की तरह ही ऑनलाइन भी उतनी ही चमक सकती हैं।

यह शो ईएससी के एंटरटेनमेंट स्टार्स की शानदार परफॉर्मेंस से और भी यादगार बन गया, जिन्होंने आत्मविश्वास, प्रभावशाली डायलॉग डिलीवरी, हाव-भाव, बॉडी लैंग्वेज और ज़बरदस्त एनर्जी के साथ सुपरहीरो किरदारों को जीवंत कर दिया। जिन परफॉर्मर्स ने सच में शो



में जान डाल दी, उनमें कृतिका, महक शिवहरे, गुनिका शर्मा, पलक शर्मा, आराध्य प्रवीण मोरे, सुमन सिंह चौहान, जाग्रत भट्ट, यशस्वी सूद, प्रियंका विकल, रिद्धि टैंक, शनाया सिंह, चौहान रितु, अंजली, प्रेम अशोक ठाकरे, सिमरन गोथवाल, दीपिका, सुषमा पांडे, मनीषा कुमारी, एकता, कोमल रानी, रिनिका बंसल, सोनाक्षी जाग्रोतिया और कई अन्य शामिल थे। हर स्टूडेंट ने एक सच्चे सुपरहीरो की तरह परफॉर्म किया, जिसमें न केवल भाषा कौशल बल्कि आत्मविश्वास, रचनात्मकता और मज़बूत व्यक्तित्व के गुण भी दिखाए। उनकी परफॉर्मेंस में असली इंसानी भावनाएं झलक रही थीं—जो मैकेनिकल या ए आई -स्टाइल बोलने से कहीं ज़्यादा थी

जिसने शो को सच में प्रेरणादायक बना दिया। इवेंट में असाधारण आकर्षण जोड़ते हुए, नम्या गोयल, ईएससी स्टार और एंकर ने ज़बरदस्त आत्मविश्वास, स्पष्टता और शालीनता के साथ होस्टिंग की।

उनकी एंकरिंग ने वर्चुअल दर्शकों को पूरे समय जोड़े रखा और पूरे शो में एक प्रोफेशनल टच जोड़ा।इवेंट के सहज संचालन में ग्राफिक डिज़ाइनर और सीनियर एडवाइज़र शुभांगी अशोक ठाकरे के समर्पित प्रयासों के साथ-साथ डॉ. दीप्ति नागपाल का भी मज़बूत सहयोग रहा, जिनके मार्गदर्शन और सुचारू समन्वय ने इवेंट को एक बड़ी सफलता बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

यह उल्लेखनीय वर्चुअल शोकेस एजुटेनमेंट स्मार्ट क्लासेस (ईएससी इंस्टीट्यूट) की संस्थापक डॉ. माधवी बोरसे सिंह इंसा के दूरदर्शी नेतृत्व में निर्देशित किया गया था जो एक प्रेरणादायक वक्ता, बहुभाषी कोच और परिवर्तनकारी मेंटर हैं। यह इंस्टीट्यूट ग्लोबल एजुकेटर्स की एक बेहतरीन टीम द्वारा चलाया जाता है।

# नवंबर में सेल की बिक्री 27% बढ़ी, रिटेल सेल्स में रिकॉर्ड 69% का उछाल

■जबलपुर दर्पण
www.jabalpurdarpan.in

सरकारी क्षेत्र की कंपनी स्टील ऑथोरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने शनिवार को अपने मासिक प्रदर्शन की जानकारी दी। नवंबर में कंपनी की बिक्री में सालाना आधार पर 27 प्रतिशत का उछाल देखा गया है।कंपनी ने बयान में कहा कि रिटेल बिक्री मात्रा नवंबर 2025 में 69 प्रतिशत बढ़कर 0.14 मिलियन टन हो गई है, जो कि पिछले साल नवंबर में 0.084 मिलियन टन थी। सरकारी स्टील कंपनी ने कहा कि बिक्री में बढ़त व्यापक देखी गई है और सभी श्रेणियों ने मजबूत प्रदर्शन किया है, जिसमें घरेलू बिक्री योग्य स्टील और डोर डिलीवरी ने ब्रिकी में अहम योगदान दिया है। इसके अलावा सेल नवंबर में देश में टीएमटी बार की बिक्री में शीर्ष पर रहा है। चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-नवंबर 2025 अवधि में कंपनी की कुल बिक्री 12.7 मिलियन टन रही है, जिसमें पिछले साल की समान अवधि की बिक्री 11.1 मिलियन टन के मुकाबले 14 प्रतिशत की बढ़त देखी गई है। कंपनी ने अपने इस मजबूत प्रदर्शन का श्रेय एक अच्छी सेल्स स्ट्रैटेजी और मार्केट में सेल टीम की लगातार कोशिशों को दिया।अच्छे प्रदर्शन के बावजूद नवंबर में कंपनी के सामने कई चुनौतियां थीं, जिनमें ग्लोबल कीमतों का दबाव और अलग-अलग ग्लोबल ट्रेड पॉलिसी की अनिश्चितताओं और भू-राजनीतिक तनावों से होने वाली मांग में उतार-चढ़ाव शामिल हैं।अप्रैल-नवंबर अवधि में रिटेल चैनल के जरिए होने वाली बिक्री बढ़कर 0.97 मिलियन टन हो गई है, जो कि पिछले साल की समान अवधि की बिक्री 0.86 मिलियन टन से 13 प्रतिशत अधिक है। सरकारी स्टील कंपनी ने कहा कि इस ग्रोथ को देश भर में चल रहे ब्रांड प्रमोशन कैंपेन से भी समर्थन प्राप्त है।

यह नतीजे ग्राहक केंद्रित कोशिशों, मार्केट लीडरशिप और मुश्किल ग्लोबल हालात में ऑपरेशनल एक्सीलेंस को दिखाते हैं।

# पुराने क़िरदार, नया अंदाज़: 'भाबीजी घर पर हैं 2.0' में होगा हंसी और रहस्य का संगम




■जबलपुर दर्पण
www.jabalpurdarpan.in

दिसंबर 2025: अपने मज़ेदार और यादगार कॉमेडी शोज़ के लिए मशहूर एण्डटीवी एक बार फिर दर्शकों के लिए हंसी-ठहाकों की नई डोज़ लेकर आ रहा है। चैनल का लोकप्रिय शो अब नए अंदाज़ में लौट रहा है-'भाबीजी घर पर हैं 2.0', जिसमें इस बार कॉमेडी के साथ रोमांच और थोड़ा सा सुपरनैचुरल ट्विस्ट भी देखने को मिलेगा। इस नए सीज़न की कहानी घूंघटगंज नाम के एक रहस्यमयी कस्बे की पृष्ठभूमि पर बनाई गई है, जहां परंपरा और रहस्य साथ-साथ चलते हैं। हालात ऐसे बनते हैं कि तिवारी, अंगूरी, अनीता और विभूति इस अजीबोगरीब शहर में पहुंच जाते हैं। इसके बाद शुरू होता है गलतफहमियों, मज़ेदार हालात और ठहाकों से भरा सिलसिला, जिसमें घूंघटगंज के अनोखे लोग भी खूब रंग जमाते हैं। कहानी में रहस्य का तड़का लगाती है विद्या, एक रहस्यमयी किरदार, जिसकी मौजूदगी सभी को चौंकाए रखती है। शहर के अजीब नियम, परालौकिक घटनाएं और किरदारों की नोंक-झोंक मिलकर ऐसे मज़ेदार पल रचते हैं, जो दर्शकों को हंसाने के साथ-साथ बांधे भी रखते हैं। एडिट ¶ प्रोडक्शन्स द्वारा निर्मित 'भाबीजी घर पर है।

# बॉक्स ऑफिस पर धुरंधर का 'कहर', 9वें दिन बदल गया कमाई का समीकरण

■जबलपुर दर्पण
www.jabalpurdarpan.in

आदित्य धर की मच अवेटेड फिल्म धुरंधर ने बॉक्स ऑफिस पर आते ही तहलका मचा दिया है। ये एक स्पाई थ्रिलर फिल्म है जिसमें रणवीर सिंह ने हमजा का किरदार निभाया है जो रहमान डकैत के गैंग में शामिल हो जाता है। वहीं अक्षय खन्ना ने अपने चार्म से स्क्रीन पर आग लगा रखी है।समीक्षकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिलने के बावजूद, फिल्म की लोकप्रियता बढ़ती ही जा रही है। महज आठ दिनों में इसने 'वॉर 2' के लाइफटाइम कलेक्शन को भी पीछे छोड़ दिया है। सैकनिल्क के अनुसार, धुरंधर ने पहले सप्ताह में शानदार कमाई करते हुए 207.25 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। फिल्म ने दूसरे सप्ताह की शुरुआत भी दमदार तरीके से की और कलेक्शन में 20.37 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज करते हुए दूसरे शुक्रवार को 32.5 करोड़ का कलेक्शन किया। इससे फिल्म का कुल घरेलू कलेक्शन 239.75 करोड़ रुपये हो गया है। भारत में 287.75 करोड़ रुपये और दुनिया भर में 85 करोड़ रुपये के ग्रॉस कलेक्शन के साथ, फिल्म का कुल वर्ल्डवाइड कलेक्शन अब 372.75 करोड़ रुपये हो गया है।वहीं 28 करोड़ रुपये से धमाकेदार शुरुआत करने वाली धुरंधर ने 9वें दिन भी कमाई के मामले में झंडे गाड़ दिए हैं। सैकनिल्क के अर्ली ट्रेंड्स के मुताबिक धुरंधर ने 53 करोड़ का कलेक्शन किया। इस हिसाब से फिल्म का कुल कलेक्शन 291.81 करोड़ रुपये हो गया है।आदित्य धर द्वारा निर्देशित इस फिल्म में 1999 के आईसी-814 अपहरण, 2001 के भारतीय संसद हमले, 2008 के मुंबई हमलों, 2012 के फेक करेंसी संकट, ऑपरेशन लयारी के तहत आर एंड एडब्ल्यूए द्वारा किए गए गुप्त अभियानों और आपराधिक गिरोहों पर की गई कार्रवाई जैसी वास्तविक जीवन की जियो पॉलिटिकल घटनाओं से प्रेरणा लेती है।

# डॉ. कृति भारती को इंटरनेशनल विमेन ऑफ करेज अवॉर्ड 2025 से नवाजा

## बाल विवाह निरस्त व रोकथाम की साहसिक मुहिम के लिए सर्वोच्च सम्मान, वैश्विक शख्सियतों के साथ भारत से एक मात्र डॉ.कृति को सम्मान

■जबलपुर दर्पण
www.jabalpurdarpan.in

सारथी ट्रस्ट की मैनेजिंग ट्रस्टी एवं पुनर्वास मनोवैज्ञानिक डॉ. कृति भारती को अंतर्राष्ट्रीय ह्यूमन राइट्स दिवस पर नई दिल्ली में आयोजित 15वीं इंटरनेशनल ह्यूमन राइट्स समिट एंड अवॉर्ड्स 2025 में इंटरनेशनल विमेन ऑफ करेज अवॉर्ड 2025 से नवाजा गया। अखिल भारतीय मानवाधिकार, स्वतंत्रता एवं सामाजिक न्याय परिषद (एआईएचएलएस) सहित विश्व की 250 संस्थाओं की भागीदारी भारत इस्लामिक कल्चरल सेंटर आयोजित सम्मान समारोह में विश्वभर के सामाजिक कार्यकर्ताओं व शख्सियतों को सम्मानित किया गया। जिसमें भारत से एक मात्र डॉ.कृति को बाल विवाह निरस्त एवं रोकथाम और बाल व महिला संरक्षण की प्रेरक साहसिक मुहिम के लिए सर्वोच्च अवॉर्ड दिया गया। इससे पूर्व डॉ.कृति भारती को विश्व स्तर पर




जेनेवा स्विट्जरलैंड में ह्यूमन राइट्स अवार्ड 2022 और डॉ.लंदन और कोलंबो में भी पुरस्कृत किया जा चुका है।

अखिल भारतीय मानवाधिकार, स्वतंत्रता एवं सामाजिक न्याय परिषद और लंदन, बांग्लादेश व भारत की करीब 250 संस्थाओं की संयुक्त भागीदारी में विभिन्न कैटेगरीज में विश्व भर की नामचीन शख्सियतों को पुरस्कृत किया जाता है। जिसमें इस साल सर्वोच्च सम्मान इंटरनेशनल विमेन ऑफ करेज अवॉर्ड 2025 के लिए बीबीसी 100 प्रेरणादायी महिलाओं की सूची में शामिल डॉ.कृति भारती को चुना गया। वहीं उदयपुर राजघराने के डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ को ग्लोबल कल्चरल हेरिटेज फ़िलोंथ्रेपी अवॉर्ड , प्रसिद्ध ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. मीनू वालिया, यूएसए के डॉ.लामिया, राष्ट्रपति अवॉर्डी दिव्यांग खिलाड़ी और अमेरिका की डॉ. लामिया सहित विश्व भर की अलग अलग कैटेगरी में अवॉर्ड से नवाजा गया। कार्यक्रम में मानवाधिकार, स्वतंत्रता एवं सामाजिक न्याय परिषद के चेयरमैन सुप्रीम कोर्ट के वकील एंथनी राजू, लेफ़्टिनेंट जनरल जमीर उद्दीन शाह, मेजर जनरल डॉ.राजन कोचर, आईएएस डॉ.एनसी वाधवा सहित अन्य मौजूद थे।

**52 बाल विवाह निरस्त, 2200 रुकवाए**-उल्लेखनीय है कि यूएसए की ट्रैफ्ड मैगजीन के वर्ल्ड टॉप टेन एक्टिविस्ट सूची और बीबीसी 100 प्रेरणादायक महिलाओं की सूची में शामिल डॉ.कृति भारती ने देश का पहला बाल विवाह निरस्त करवाकर अनूठी पहल की थी। डॉ.कृति ने अब तक 52 जोड़ों के बाल विवाह निरस्त करवाए और 2200 से अधिक बाल विवाह रूकवाए हैं। बाल विवाह के खिलाफ उनकी मुहिम के अलग-अलग कार्यों को 9 अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया है। सीबीएसई बोर्ड ने भी अपने पाठ्यक्रम में डॉ.कृति की मुहिम को शामिल किया। डॉ.कृति को मारवाड़ और मेवाड़ रत्न सहित कई राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय सम्मानों से नवाजा जा चुका है।

# सस्पेंस से भरी हॉरर फिल्म का कहर, 7.1 रेटिंग के साथ हर सीन में बढ़ता डर



■जबलपुर दर्पण
www.jabalpurdarpan.in

बॉलीवुड से लेकर साउथ सिनेमा में अब तक ऐसी कई फिल्में बन चुकी हैं, जिनकी कहानियों ने होश उड़ा दिए हैं. हाल ही में ऐसी ही एक मूवी ओटीटी पर रिलीज हुई है, जिसकी हॉरर स्टारी दिल दहला देती है. हम जिस फिल्म की बात कर रहे हैं, उसका नाम है दिएस ईरे यह एक मललायम हॉरर फिल्म है, जो साल 2025 में रिलीज हुई. इसमें प्रणव मोहनाल, शाइन टॉम चाको, सुष्मिता भट्ट, गिबिन गोपीनाथ और जया कुरुप अहम किरदारों में नजर आते हैं. इस मूवी ने 31 अक्टूबर 2025 को हैलोवीन के मौके पर थिएटर्स में दस्तक दी थी. ऑडियंस और क्रिटिक्स से फिल्म को सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली. इस फिल्म को निर्देशन, परफॉर्मेंस, सिनेमाटोग्राफी, म्यूजिक और डरावने माहौल के लिए खास तौर पर सराहा गया. यह 2025 की चौथी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली मलयालम फिल्म साबित हुई. इस फिल्म की कहानी रोहन शंकर नाम के किरदार के के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक अमेरिकी-भारतीय आर्किटेक्ट है और अचानक अपने जीवन में अजीबो-गरीब और भयावह घटनाओं का सामना करता है, विशेषकर एक क्लासमेट की मौत के बाद. फिल्म की कहानी कणी नाम की लड़की की मौत से शुरू होती है, जिसे लेकर कहा जाता है कि उसने कुएं में कूदकर खुदकुशी कर ली।

## रामा यूनिवर्सिटी में सिर्फ जागो मत, दीपक की तरह जलो अंग्रेज़ी पुस्तक का लोकार्पण




■जबलपुर दर्पण
www.jabalpurdarpan.in

साहित्य, प्रेरणा और युवा लेखन जगत के लिए यह एक विशेष उपलब्धि है कि शब्दयात्रा प्रकाशन द्वारा प्रकाशित अंग्रेज़ी पुस्तक न सिर्फ जागो दीपक की तरह जलो का भव्य लोकार्पण रामा यूनिवर्सिटी, कानपुर में सम्पन्न हुआ। लेखिका प्रियंका देवी द्वारा लिखित यह प्रथम कृति आत्म-जागरूकता, उद्देश्यपूर्ण जीवन और सकारात्मक परिवर्तन का उज्ज्वल संदेश समाहित करती है। यह पुस्तक अब अमेजन पर हार्डकॉपी एवं किंडल दोनों फॉर्मेट में उपलब्ध है।लेखिका प्रियंका जी का कहना है कि यह पुस्तक केवल प्रेरणादायक विचारों का संग्रह नहीं है, बल्कि यह एक जीवन-दृष्टि है"न सिर्फ जागने" (केवल दिनचर्या निभाने)बल्कि "दीपक की तरह जलने" (अपने कर्म, विचार और प्रकाश से दुनिया को रोशन करने) का वास्तविक अर्थ समझाती है। सरल और प्रभावशाली भाषा में यह पुस्तक आत्म-विकास की नई राह प्रस्तुत करती है।

विमोचन समारोह के दौरान लेखिका प्रियंका जी ने शब्दयात्रा प्रकाशन के संस्थापक एवं प्रकाशक उज्ज्वल कुमार श्रीवास्तव जी के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने अपने मार्गदर्शकों—प्रो. (डॉ.) प्रवीण कुमार मॉल जी,डॉ. वीर विक्रम बहादुर सिंह जी ,शिवम कुमार जी,अनमोल शर्मा जी,सौरभ समाद्दार जी का धन्यवाद किया और कहा कि उनके निरंतर मार्गदर्शन एवं समर्थन ने इस पुस्तक को प्रकाशित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## श्री कृष्णा विश्वविद्यालय टैलेंट हंट परीक्षा के तृतीय चरण का हुआ आयोजन

**जबलपुर दर्पण।** श्री कृष्णा विश्वविद्यालय, छतरपुर द्वारा आयोजित टैलेंट हंट परीक्षा के चार चरणों में से आज दिनांक 12 दिसम्‍ बर 2025 को तृतीय चरण की परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा में नौगांव ब्लॉक के 1556 छात्र-छात्राएं और उनके साथ विभिन्न विद्यालयों से 41 अध्यापक उपस्थित हुये। परीक्षा के दौरान उपस्थित सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र, नोटपैड, फाईल कवर, स्‍ वल पाहार आदि वितरित किया गया। परीक्षा में उपस्थित विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय में संचालित विभागों के साथ-साथ आयुर्वेदिक अस्‍ पताल, संगीत, ललितकला, केंद्रीय पुस्तकालय, मूट कोर्ट, सभागार, एन.सी.सी और एन.एस.एस कार्यालय का भ्रमण किया। विद्यार्थियों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु श्री कृ‍ ष णा आयुर्वेद अस्‍ पताल द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

# उज्जैन संभाग से समाजसेवी व पत्रकार दिलराज शर्मा को मिली बड़ी जिम्मेदारी

■जबलपुर दर्पण
www.jabalpurdarpan.in

श्री विश्वकर्मा महापंचायत संगठन के उज्जैन संभाग से जिले के सक्रिय समाजसेवी एवं वरिष्ठ पत्रकार दिलराज शर्मा (बालागुड़ा) को युवा मोर्चा मध्यप्रदेश के प्रदेश महामंत्री पद पर नियुक्त किए जाने पर समाजजनों एवं इष्टमित्रों में हर्ष का वातावरण है।

उनकी इस महत्वपूर्ण नियुक्ति पर समाज के गणमान्य नागरिकों इष्टमित्रों ओर मीडिया जगत से जुड़े पत्रकार साथियों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। उल्लेखनीय है कि दिलराज शर्मा लंबे समय से सामाजिक, शैक्षणिक एवं पत्रकारिता क्षेत्र में सक्रिय रहते हुए समाजहित के कार्यों में निरंतर योगदान देते आ रहे हैं। उन्होंने अपनी लेखनी एवं सामाजिक सक्रियता के माध्यम से समाज की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया है और जनहित से जुड़े विषयों को मंच प्रदान किया है। उनके इसी समर्पण, संगठन के प्रति निष्ठा और युवाओं को जोड़ने की क्षमता को देखते हुए संगठन ने उन्हें युवा मोर्चा प्रदेश महामंत्री जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है।

नियुक्ति के पश्चात दिलराज शर्मा ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन द्वारा जो जिम्मेदारी दी गई है,वह उसे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और सक्रियता के साथ निभाएंगे।

उन्होंने कहा कि युवाओं को संगठन से जोड़कर समाज के उत्थान, शिक्षा, रोजगार एवं सामाजिक एकता के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। उनकी नियुक्ति पर उज्जैन संभाग सहित पूरे प्रदेश में समाजबंधुओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में युवा मोर्चा और अधिक सशक्त होगा तथा संगठन को नई दिशा और ऊर्जा प्राप्त होगी।

# सेल की बिक्री नवंबर में 27 प्रतिशत बढ़ी, रिटेल बिक्री में आया 69 प्रतिशत का उछाल

■जबलपुर दर्पण
www.jabalpurdarpan.in

सरकारी क्षेत्र की कंपनी स्टील ऑथोरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने शनिवार को अपने मासिक प्रदर्शन की जानकारी दी। नवंबर में कंपनी की बिक्री में सालाना आधार पर 27 प्रतिशत का उछाल देखा गया है। कंपनी ने बयान में कहा कि रिटेल बिक्री मात्रा नवंबर 2025 में 69 प्रतिशत बढ़कर 0.14 मिलियन टन हो गई है, जो कि पिछले साल नवंबर में 0.084 मिलियन टन थी। सरकारी स्टील कंपनी ने कहा कि बिक्री में बढ़त व्यापक देखी गई है और सभी श्रेणियों ने मजबूत प्रदर्शन किया है, जिसमें घरेलू बिक्री योग्य स्टील और डोर डिलीवरी ने ब्रिकी में अहम योगदान दिया है। इसके अलावा सेल नवंबर में देश में टीएमटी बार की बिक्री में शीर्ष पर रहा है। चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-नवंबर 2025 अवधि में कंपनी की कुल बिक्री 12.7 मिलियन टन रही है, जिसमें पिछले साल की समान अवधि की बिक्री 11.1 मिलियन टन के मुकाबले 14 प्रतिशत की बढ़त देखी गई है। कंपनी ने अपने इस मजबूत प्रदर्शन का श्रेय एक अच्छी सेल्स स्ट्रैटेजी और मार्केट में सेल टीम की लगातार कोशिशों को दिया। अच्छे प्रदर्शन के बावजूद नवंबर में कंपनी के सामने कई चुनौतियां थीं, जिनमें ग्लोबल कीमतों का दबाव और अलग-अलग ग्लोबल ट्रेड पॉलिसी की अनिश्चितताओं और भू-राजनीतिक तनावों से होने वाली मांग में उतार-चढ़ाव शामिल हैं। अप्रैल-नवंबर अवधि में रिटेल चैनल के जरिए होने वाली बिक्री बढ़कर 0.97 मिलियन टन हो गई है, जो कि पिछले साल की समान अवधि की बिक्री 0.86 मिलियन टन से 13 प्रतिशत अधिक है। सरकारी स्टील कंपनी ने कहा कि इस ग्रोथ को देश भर में चल रहे ब्रांड प्रमोशन कैंपेन से भी समर्थन प्राप्त है।

यह नतीजे ग्राहक केंद्रित कोशिशों, मार्केट लीडरशिप और मुश्किल ग्लोबल हालात में ऑपरेशनल एक्सीलेंस को दिखाते हैं।

सेल के अनुसार, अक्टूबर में सेल ने इंडियन नेवी में शामिल किए गए आईएनएस एंड्रोथ के लिए स्पेशल ग्रेड स्टील की पूरी जरूरत को पूरा किया, जो रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने की देश की यात्रा में एक गर्व का मील का पत्थर है। सेल ने गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड द्वारा बनाए जा रहे आठ एएसडब्ल्यू-एसडब्ल्यूसी, जिसमें आईएनएस अर्नाला और एंड्रोथ शामिल है।

# भारत-ब्रिटेन ट्रेड समझौते पर केंद्र का स्पष्टीकरण, कंपल्सरी लाइसेंसिंग बरकरार

■जबलपुर दर्पण
www.jabalpurdarpan.in

भारत और ब्रिटेन के बीच हुए व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौते (सीईटीए) से भारत के कंपल्सरी लाइसेंसिंग के अधिकारों पर किसी भी तरह की पाबंदी नहीं लगेगी। यह जानकारी सरकार की ओर से दी गई। यह समझौता भारत को जनहित और सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़े मामलों में पूरी स्वतंत्रता देता है। खासतौर पर किसी स्वास्थ्य आपात स्थिति में भारत अपने कानून के अनुसार दवाओं के लिए कंपल्सरी लाइसेंस जारी कर सकता है। सरकार के मुताबिक, इस समझौते में ऐसे मजबूत प्रावधान शामिल किए गए हैं, जो भारत की नीतिगत स्वतंत्रता को पूरी तरह सुरक्षित रखते हैं। सीईटीए में यह स्पष्ट किया गया है कि भारत और ब्रिटेन दोनों को बौद्धिक संपदा अधिकारों के व्यापार संबंधी पहलू



(टीआरआईपीएस) समझौते के तहत मिलने वाली सभी छूटों का उपयोग करने का अधिकार रहेगा। इसमें अनुच्छेद 31 और 31बीआईएस के तहत कंपल्सरी लाइसेंस जारी करने का अधिकार भी शामिल है। इससे भारत बिना किसी अतिरिक्त शर्त के जनहित में फैसले ले सकता है। राज्यसभा में वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने बताया कि भारत के पेटेंट एक्ट 1970 की धारा 84 (सामान्य कंपल्सरी लाइसेंस) और धारा 92 (जन स्वास्थ्य आपात स्थिति में कंपल्सरी लाइसेंस) पूरी तरह लागू रहेंगी। इस समझौते के चलते इन कानूनों में किसी तरह के बदलाव या कमजोरी की जरूरत नहीं पड़ेगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि समझौते में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है, जो कंपल्सरी लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया को धीमा करे या उस पर अतिरिक्त शर्तें लगाए। इस ट्रेड समझौते के तहत भारत को ब्रिटेन के सरकारी खरीद बाजार में बिना भेदभाव के पहुंच मिलेगी, जिसकी सालाना कीमत करीब 90 अरब पाउंड (करीब 122 अरब डॉलर) है। इसमें ब्रिटेन की नेशनल हेल्थ सर्विस (एनएचएस) जैसी बड़ी संस्थाएं भी शामिल हैं। इससे मुख्य रूप से आईटी, फार्मा और सेवा क्षेत्र की भारतीय कंपनियों को बड़ा फायदा मिलने की उम्मीद है। सरकार का कहना है कि सीमित और नियंत्रित दायरे में विदेशी कंपनियों को सरकारी परियोजनाओं में भाग लेने की अनुमति देने से कंपटीशन बढ़ेगा।

## प्रसार भारती के सीईओ आईएएस गौरव द्विवेदी ने किया करण रज़दान की 'रजनी 2.0' प्रेस कॉन्फ़्रेंस को संबोधित, प्रियातेंदुलकर को भावपूर्ण श्रद्धांजलि

■जबलपुर दर्पण
www.jabalpurdarpan.in

स्मृतियों, संवेदनाओं और दोबारा जागे हुए उद्देश्य से भरी इस शाम में, प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आईएएस गौरव द्विवेदी ने मुंबई में आयोजित फिल्ममेकर करण रज़दान की रजनी 2.0 की प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। इस अवसर ने भारत की सबसे प्रतीकात्मक सामाजिक योद्धा रजनी की सांस्कृतिक विरासत और उसकी आज भी प्रासंगिक आवाज़ को पुनर्स्थापित किया। यह शाम दिवंगत प्रिया तेंदुलकर को समर्पित एक भावुक श्रृद्धांजलि भी थी—जिन्होंने रजनी के रूप में भारतीय टेलीविज़न को दिशा दी और समाज में अन्याय के खिलाफ जागृति की एक नई चिंगारी जगाई।रजनी 2.0, जो करण रज़दान द्वारा भगवान शिव मनोरंजन के बैनर तले निर्मित है, में रामा रजनी प्रभाकर अपनी माँ की विरासत को अदम्य संकल्प के साथ आगे बढ़ाती दिखाई देती हैं।नए सीज़न में आज के भारत की कई ज्वलंत समस्याओं को साहसपूर्वक उठाया गया है—धोखाधड़ी करने वाले बिल्डर्स और रेरा की चुनौतियाँ, वीवीआईपी नस्लवाद, निजी अस्पतालों में होने वाली अनियमितताएँ, बाईपास सर्जरी का दुरुपयोग, आयुष्मान भारत और पीएमजेएवाईजैसी योजनाओं के अधिकार, पॉश एक्ट के तहत कार्यस्थल पर महिलाओं का उत्पीड़न, चिट फंड घोटाले, नशामुक्ति का मुद्दा, और वरिष्ठ नागरिकों को निशाना बनाते डिजिटल गिरफ्तारी जैसे नए प्रकार के साइबर धोखाधड़ी के मामले।इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए प्रसार भारती के सीईओ आईएएस गौरव द्विवेदी ने कहा,"आज प्रोमो देखकर मेरे मन में तीन बातें सबसे प्रमुख रूप से आईं—महिला सशक्तिकरण, उपभोक्ता अधिकार, और कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा।

# ऊर्जा सचिव श्री विशेष गढ़पाले ने स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर का किया निरीक्षण



■जबलपुर दर्पण
www.jabalpurdarpan.in

मध्य प्रदेश ऊर्जा विभाग के सचिव एवं एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के प्रबंध संचालक श्री विशेष गढ़पाले ने अपने जबलपुर प्रवास के दौरान म.प्र. पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी(एम पी ट्रांसको) के मुख्यालय जबलपुर मे नयागांव स्थित स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर का दौरा किया। श्री गढ़पाले ने स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर जबलपुर में अत्याधुनिक तकनीक के उपकरणों की सहायता से प्रदेश की विद्युत प्रणाली के रियल टाइम मॉनिटरिंग, समूचे प्रदेश एवं ग्रिड के सब-स्टशेनों से आने वाले डेटा, ग्रिड अनुशासन, एक्स्ट्रा हाई टेंशन सब-स्टेशनों के लोड पैटर्न, एनर्जी अकाउंटिंग, ओपन एक्सेस आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की और आवश्यक निर्देश दिए।--लोड डिस्पैच सेंटर की साइबर सिक्योरिटी के बारे में जाना---उन्होंने स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर की साइबर सिक्योरिटी के संबंध में जानकारी ली। उन्हें बताया गया कि इस संबंध में मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी की साइबर सिक्योरिटी से संबंधित प्रक्रियाओं को राष्ट्रीय स्तर पर केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण द्वारा अन्य प्रदेशों के लोड डिस्पैच सेंटरों को भी अनुपालन हेतु सलाह दी गई है।डिजास्टर मैनेजमेंट की तैयारी जानी--ऊर्जा सचिव श्री गढपाले ने प्रदेश में बिजली संकट की स्थिति में स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर के डिजास्टर मैनेजमेंट संबंधित तैयारी की जानकारी ली। उन्हें बताया गया कि लोड डिस्पेच सेंटर में समय-समय पर मॉक ड्रिल से सिस्टम की विश्वसनीयता और विपरीत परिस्थितियों से निपटने के इंतजामों का परीक्षण किया जाता है। ऊर्जा सचिव ने लोड डिस्पेच सेंटर में मध्यप्रदेश में बिजली व्यवस्था बनाए रखने के लिए की जाने वाली पॉवर शिड्यूलिंग, विद्युत उत्पादन गृहों से समन्वय, शट डाउन के समय संदेशों का आदान प्रदान,मध्यप्रदेश की 400 के.व्ही. की ट्रांसमिशन लाइनों में पॉवर फ्लो, रिन्यूअल इनर्जी का उत्पादन जैसे अनेक अन्य तकनीकी पहलुओं पर भी चर्चा की।

# ग्राम पंचायत कनेरा बरियन में ऐतिहासिक फैसला सर्व समाज ने लिया शराबबंदी का संकल्प







टीकमगढ़ ब्यूरो■जबलपुर दर्पण
www.jabalpurdarpan.in

जिले की जनपद पंचायत पलेरा अंतर्गत ग्राम पंचायत कनेरा बरियन में सर्व समाज की एकजुट पंचायत आयोजित की गई, जिसमें गांव को नशामुक्त बनाने के लिए सर्वसम्मति से कड़े निर्णय लिए गए। बैठक में तय किया गया कि गांव में शराब पीते पाए जाने वाले व्यक्ति से पंचायत द्वारा 500 का दंड वसूला जाएगा, वहीं शराब बांटने या बिक्री करने वाले पर 5000 का जुर्माना लगाया जाएगा।इसके साथ ही पंचायत चुनावों को निष्पक्ष एवं नशामुक्त रखने के उद्देश्य से यह भी निर्णय लिया गया कि यदि कोई सरपंच प्रत्याशी चुनाव के दौरान शराब बांटते हुए पाया गया, तो उस पर 51,000 का भारी दंड लगाया जाएगा।ग्रामीणों ने कहा कि यह निर्णय गांव की शांति, महिलाओं की सुरक्षा और युवाओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। पंचायत ने सभी ग्रामीणों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी।

## ग्राम चादनखेड़ा में निशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित

**गोटेगांव जबलपुर दर्पण ब्यूरो।** समीपवर्ती ग्राम चांदनखेड़ा में निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया गया जिसमें 60 मरीजों की जांच 16 मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित उक्त शिविर ग्राम पंचायत चांदनखेडा भवन में शुक्रवार को सुखसागर मेडिकल कॉलेज जबलपुर एवं द्वारकाधीश फाऊंडेशन जबलपुर के संयुक्त तत्वाधान में के नेत्र प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया इस दौरान ग्राम चांदनखेडा सहित आसपास के गांव से बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुषों के द्वारा शिविर में अपनी आंखों की जांच कराई वहीं डॉक्टरों की विशेष टीम द्वारा मोतियाबिंद नाखूना काचियाबिद रैटिना पर्दा अक्सूर की व आंखों की जांच कराई शिविर का उद्घाटन ग्राम के समाजसेवी विशाल सिंह पटेल द्वारा किया गया शिविर के आयोजक सरपंच श्रीमती सुनीता बहादुर सिंह पटेल भगवान पटेल हीरालाल पटेल

## मैया अभियान के स्वयंसेवक निरंतर चला रहे स्वच्छता



**डिंडोरी, जबलपुर दर्पण ब्यूरो।** नर्मदा मैया की पावन तट को स्वच्छ और निर्मल बनाए रखने के उद्देश्य से मैया अभियान के अंतर्गत आज रविवार प्रातः 7बजे से डेम घाट पर सराहनीय स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान में मैया अभियान से जुड़े उत्साही स्वयंसेवकों ने नर्मदा मैया के तट पर पहुँचकर पूरी श्रद्धा और समर्पण के साथ साफ-सफाई की। स्वच्छता अभियान के दौरान नदी किनारे फैला हुआ काफी मात्रा में कचरा एकत्रित किया गया, जिसमें प्लास्टिक, पॉलिथीन, पूजा सामग्री और अन्य अपशिष्ट शामिल थे। स्वयंसेवकों ने न केवल कचरा हटाया, बल्कि लोगों को यह संदेश भी दिया कि नर्मदा मैया हमारी आस्था की प्रतीक हैं और उनकी स्वच्छता बनाए रखना हम सभी का कर्तव्य है। इस अवसर पर मैया अभियान के सदस्यों ने कहा कि यदि समाज का प्रत्येक व्यक्ति थोड़ी-सी जिम्मेदारी समझे, तो नर्मदा मैया सदैव स्वच्छ और पवित्र बनी रह सकती हैं। अभियान में युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ रही है। स्थानीय नागरिकों ने भी इस पहल की खुलकर प्रशंसा की और कहा कि ऐसे अभियानों से न केवल पर्यावरण सुरक्षित होता है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी स्वच्छता का संदेश मिलता है। रविवार को आयोजित मैया अभियान में सेवादार जिला आयुष अधिकारी डॉक्टर संतोष परस्ते, नेहरू युवा केन्द्र समन्वयक आर पी कुशवाहा, उत्कृष्ट विद्यालय डिंडोरी शिक्षक जितेन्द्र दीक्षित, प्राचार्य शाहिद खान, भागवत यादव, महारन प्रताप सिंह, ओम वीर जाट, महेंद्र उचेहरा, विद्यार्थी माही बरोतिया, बी एड प्रशिक्षु निशा साहू, अर्चना साहू एवं साक्षी साहू ने श्रम दान कर पर्यावरण सरंक्षण का संदेश दिया ।

## एनसीएल ने डीएवी, कॉलेज ट्रस्ट एंड मैनेजमेंट सोसाइटी के साथ किया एमओयू का विस्तारीकरण

सिंगरौली ब्यूरो■जबलपुर दर्पण
www.jabalpurdarpan.in

सिंगरौली जैसे दूरस्थ परिक्षेत्र में देश की मिनीरत्न कोयला कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड गुणवत्तायुक्त एवं किफायती शिक्षा सुनिश्चित करने हेतु 8 डीएवी स्कूल, 2 केंद्रीय विद्यालय और 1 डीपीएस विद्यालय को वित्तीय सहायता देकर उनका संचालन सुनिश्चित कर रही है। इन विद्यालयों में 13 हजार से अधिक विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं जिनमे से अधिसंख्य परिधीय समुदाय से जुड़े हैं। इसी क्रम में हाल ही में नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड ने अगले 15 वर्षों तक भी बेहद सस्ते दर पर अबाध गुणवत्तायुक्त शिक्षा मुहैया कराने हेतु डीएवी कॉलेज ट्रस्ट एंड मैनेजमेंट सोसाइटी, नई दिल्ली के साथ एमओयू को विस्तारित किया है।इस अवसर पर एनसीएल के निदेशक मनीष कुमार ने सिंगरौली परिक्षेत्र में शिक्षा के प्रति एनसीएल की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को सर्वसुलभ बनाने की दिशा में एनसीएल निरंतर सार्थक पहल कर रही है। डीएवी के साथ एमओयू का यह विस्तार हमारी इसी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह शैक्षणिक पहल न केवल विद्यार्थियों की उत्कृष्टता को बढ़ाएगा, बल्कि उनके सर्वांगीण विकास को भी नई उड़ान देगा।

इस एमओयू के अंतर्गत, एनसीएल द्वारा आगामी 15 वर्षों तक सिंगरौली परिक्षेत्र में एनसीएल की यूपी और एमपी परियोजनाओं में स्थित 8 डीएवी विद्यालयों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी, जिससे विद्यालयों में शिक्षण सुविधाओं, स्मार्ट कक्षाओं, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालयों तथा खेलकूद गतिविधियों के स्तर में उल्लेखनीय सुधार के साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को बल मिलेगा। इस दौरान एमओयू पर एनसीएल की ओर से महाप्रबन्धक राजेश त्रिवेदी तथा डीएवी कॉलेज ट्रस्ट एंड मैनेजमेंट सोसाइटी, नई दिल्ली की ओर से महासचिव, डीएवी कॉलेज ट्रस्ट एंड मैनेजमेंट सोसाइटी, नई दिल्ली अजय सूरी ने हस्ताक्षर किए।

# जिले के सर्वांगीण विकास के लिए सर्वसमाज की सहभागिता आवश्यक

पन्ना ब्यूरो■जबलपुर दर्पण
www.jabalpurdarpan.in



जिले को कुपोषणमुक्त बनाने के उद्देश्य से विभागीय कार्यक्रमों एवं गतिविधियों के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ-साथ सामाजिक उत्तरदायित्व भी आवश्यक है। गरीब एवं पात्र हितग्राहियों के अधिकार का पैसा पारदर्शी व्यवस्था के माध्यम से सीधे बैंक खातों में पहुँचाने वाले अग्रणी राज्यों में मध्यप्रदेश शामिल है। जिले के सर्वांगीण विकास के लिए सर्वसमाज की सहभागिता अनिवार्य है। यह बात उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री तथा पन्ना जिले के प्रभारी मंत्री इन्दर सिंह परमार ने शनिवार को कलेक्टर कार्यालय के सभागार में आयोजित जिला विकास सलाहकार समिति की प्रथम बैठक में कही।बैठक में प्रभारी मंत्री ने विभागवार संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा में लक्ष्यों की पूर्ति एवं विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। विभिन्न क्षेत्रों से समिति सदस्यों द्वारा प्राप्त सुझावों के आधार पर आगामी कार्ययोजना एवं जिले के समग्र विकास की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक में 12.65 करोड़ रुपये की लागत से डायमण्ड पार्क एवं 20 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले डायमण्ड म्यूजियम के निर्माण हेतु लगभग 32 एकड़ भूमि पर एक ही स्थल पर निर्माण संबंधी प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया गया।इस अवसर पर प्रभारी मंत्री द्वारा दक्षिण वन मंडल अंतर्गत पोषण से भरपूर कल्दा महुआ लड्डू एवं शहद के लोगो का विमोचन भी किया गया।प्रभारी मंत्री श्री परमार ने प्रदेश सरकार की दो वर्ष की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में सरकार ने सबसे पहले लाड़ली लक्ष्मी योजना की शुरुआत कर बेटियों की शिक्षा एवं आत्मनिर्भर भविष्य की मजबूत नींव रखी। इसके साथ ही लाड़ली बहना योजना के माध्यम से बड़ी संख्या में महिलाएं लाभान्वित हो रही हैं।उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत बेटियों को 49 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की जा रही है।जिले में टिकुरिहा, जिगदहा एवं लक्ष्मीपुर में नवीन विद्युत उपकेंद्र स्वीकृत हुए हैं। किसानों को निर्बाध 10 घंटे बिजली उपलब्ध कराने तथा विद्युतविहीन राजस्व ग्रामों व मजरा-टोला के विद्युतीकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान छात्रवृत्ति वितरण, बालिका छात्रावासों की स्थिति, साइकिल एवं गणवेश वितरण, सांदीपनि विद्यालय के भवन निर्माण तथा शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने के निर्देश दिए गए।

## कमिश्नर ने एसआईआर कार्य का किया निरीक्षण

पन्ना ब्यूरो■जबलपुर दर्पण
www.jabalpurdarpan.in




सागर संभागायुक्त अनिल सुचारी ने गत शुक्रवार को पन्ना विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मड़ला स्थित मतदान केन्द्र क्रमांक 226 एवं 227 का आकस्मिक निरीक्षण किया और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य अंतर्गत बीएलओ द्वारा संपादित कार्यों की जानकारी ली। इस मौके पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी संजय कुमार नागवंशी भी उपस्थित रहे।कमिश्नर ने निरीक्षण के दौरान बीएलओ रामसनेही अहिरवार एवं सचिन्द्र जोशी तथा बीएलओ सुपरवाईजर राजेश कुमार प्रजापति से आवश्यक जानकारी प्राप्त की और एसआईआर कार्य की बिंदुवार समीक्षा कर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश अनुरूप समय सीमा में कार्यवाही संपादित करने के निर्देश दिए। साथ ही मृत, दोहरी प्रविष्टी, स्थानांतरित एवं अनुपस्थित मतदाताओं के संबंध में घर-घर जाकर सघन जांच करने तथा इनसे संबंधित सूचियों को बूथ लेवल एजेंट के साथ साझा करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान बीएलओ एप पर कार्यवाही विवरण अपलोड करने संबंधी जानकारी भी ली गई। संभागायुक्त ने केन्द्र पर उपस्थित मतदाताओं से चर्चा भी की।कमिश्नर श्री सुचारी ने कहा कि कोई भी पात्र मतदाता का नाम सूची में जोड़ने के लिए शेष न रहे। एक जनवरी 2026 की अर्हता तिथि के आधार पर नवीन मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए फॉर्म 6 के साथ घोषणा पत्र भी प्राप्त किया जाए। शिफ्टिंग के लिए फॉर्म 8 प्राप्त करने की कार्यवाही भी निरंतर जारी रहे। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर द्वारा बीएलओ से उनके मोबाइल पर बीएलओ एप खुलवाकर डेटा का अवलोकन भी किया गया। साथ ही समक्ष में एप पर वांछित जानकारी प्रविष्टि कार्य का परीक्षण भी किया।



## प्रभारी मंत्री ने प्रेस वार्ता को किया संबोधित

**पन्ना ।** उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री तथा पन्ना जिले के प्रभारी मंत्री इन्दर सिंह परमार ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मीडिया प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर संवाद किया। प्रदेश सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जनसंपर्क कार्यालय पन्ना द्वारा आयोजित की गई इस पत्रकार वार्ता में प्रभारी मंत्री द्वारा हर वर्ग के लिए संचालित योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी दी गई। साथ ही संचार माध्यमों के प्रतिनिधियों के प्रश्नों का समाधान भी किया गया। पन्ना जिले की दो वर्ष की उपलब्धियों के बारे में भी अवगत कराया गया।प्रभारी मंत्री श्री परमार ने मीडिया प्रतिनिधियों को वर्तमान सरकार द्वारा प्रदेश के लिए किए गए प्रयासों, योजनाओं, उपलब्धियों, उल्लेखनीय नवाचार, अधोसंरचना विकास, सामाजिक क्षेत्र में उपलब्धि तथा अन्य कार्यों से अवगत कराया।

## वर्ष की अंतिम नेशनल लोक अदालत संपन्न




छतरपुर ब्यूरो■जबलपुर दर्पण
www.jabalpurdarpan.in

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के आदेश के परिपालन में तथा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशन में 13 दिसम्बर 2025 को छतरपुर जिले की जिला न्यायालय एवं तहसील न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिला न्यायालय छतरपुर में नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छतरपुर विशेष न्यायाधीश उपेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा मां सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। उक्त अवसर पर प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय राजेश कुमार देवलिया, जिला न्यायाधीश कविता वर्मा, जिला न्यायाधीश आशीष श्रीवास्तव, हिमांशु शर्मा, निवेश कुमार जायसवाल, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट स्वाति निवेश जायसवाल, सचिव वि. प्र. सोलंकी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छतरपुर, न्यायिक मजिस्ट्रेट रानो बघेल, संघशिखा वशकार, आकांक्षा गर्ग एवं जिला अभियोजन अधिकारी प्रवेश अहिरवार सहित समस्त स्टॉफ उपस्थित रहें एवं डॉ. वीरेन्द्र चढार जिला विधिक सहायता अधिकारी, चीफ लीगल एड डिफेंस कांउसिल छतरपर रमाशंकर तिवारी एवं समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा साथ ही अधिवक्ता बलजिन्दर सिंह सोढ़ी, भावना साहू, सत्यम स्वर्णकार, शिवम स्वर्णकार एवं अन्य अधिवक्ता उपस्थित रहें। साथ ही जिला न्यायालय एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के समस्त कर्मचारीगण और पक्षकारगण आदि उपस्थित रहे। उक्त नेशनल लोक अदालत में जिला न्यायालय एवं तहसील न्यायालयों में कुल 28 खण्डपीठों का गठन किया गया था जिसमें 11 जिला स्तर एवं 17 तहसील स्तर पर जिनके द्वारा आपसी सुलह समझौतों के आधार पर प्रकरणों का निराकरण किया गया।

## खाद की कालाबाजारी पर सेल्समैन पर एफआईआर दर्ज

**टीकमगढ़ ।** कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार जिले में खाद की कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ निरंतर कार्रवाई की जा रही है।इसीक्रम में बल्देवगढ़ राजेंद्र विपणन केंद्र पर सेल्समेन संजय सैनी पर खाद की कालाबाजारी करने पर एफआईआर दर्ज कराई गई। कृषि विकास अधिकारी महक खत्री के द्वारा बताया गया कि सेल्समैन के द्वारा दिनांक 8 दिसंबर 2025 को वार्ड क्रमांक 6 निवासी रिंकेश खटीक से फिंगर लगवाए और नीम कोटेड यूरिया की 75 $ 15$ 35$ 2 कुल 137 एक ही दिवस में पीओएस मशीन से प्राप्त होना पाया गया। जिस पर रिंकेश खटीक से उक्त संबंध में कथन लिए गए। रिंकेश खटीक निवासी बल्देवगढ़ के द्वारा बताया गया कि उसके द्वारा खाद नहीं लिया गया जबकि सेल्समैन संजय सैनी के द्वारा फिंगर लगवाने के लिए कहा गया जिस पर मैंने फिंगर लगाए हैं। लेकिन मुझे एक भी बोरी खाद नहीं दिया गया। उक्त मामले की जांच में पाया गया कि सेल्समैन के द्वारा यूरिया खाद की कालाबाजारी की गई।

# नेशनल लोक अदालत में दाम्पत्य विवाद का सौहार्दपूर्ण समाधान

टीकमगढ़ ब्यूरो■जबलपुर दर्पण
www.jabalpurdarpan.in




शनिवार को आयोजित नेशनल लोक अदालत में परिवार न्यायालय टीकमगढ़ की खण्डपीठ के पीठासीन अधिकारी शमरोज खान एवं खण्डपीठ सदस्य के प्रयासों से एक दाम्पत्य विवाद का सौहार्दपूर्ण समाधान हुआ।

आवेदक पति एवं अनावेदिका पत्नी को समझाइश दिए जाने के उपरांत दोनों पक्षकार आपसी सहमति से पुनः साथ रहने के लिए सहमत हुए, जिसके परिणामस्वरूप प्रकरण का निराकरण किया गया।उल्लेखनीय है कि ग्राम अनंतपुरा, थाना देहात, जिला टीकमगढ़ निवासी पुरुष का विवाह दिनांक 26 जून 2023 को ग्राम हरदूखेरा, सरकनपुर तहसील खरगापुर, जिला टीकमगढ़ में संपन्न हुआ था। विवाह के कुछ समय पश्चात पति-पत्नी के बीच विवाद उत्पन्न हो गया, जिसके कारण अनावेदिका अपने मायके में रहने लगी। इसके पश्चात पति द्वारा दाम्पत्य जीवन के पुनः निर्वहन हेतु परिवार न्यायालय टीकमगढ़ में प्रकरण प्रस्तुत किया गया।प्रकरण न्यायालय में लंबित रहने के दौरान दोनों पक्षकार काफी समय से अलग-अलग रह रहे थे। इस अवधि में समझौते के अनेक प्रयास किए गए, किंतु सफलता नहीं मिल सकी। अंततः 13 दिसंबर 2025 को आयोजित नेशनल लोक अदालत में खण्डपीठ के पीठासीन अधिकारी शमरोज खान एवं सदस्य द्वारा प्रभावी समझाइश दिए जाने पर दोनों पक्षकारों ने अपने मतभेद भुलाकर साथ रहने का निर्णय लिया।प्रकरण के निराकरण उपरांत माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती प्रवीणा व्यास द्वारा दोनों पक्षकारों को न्यायवृक्ष भेंट किया गया तथा दाम्पत्य जीवन को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। पति-पत्नी ने उक्त वृक्ष को संतान की भांति पालने का संकल्प लेते हुए प्रसन्नचित्त होकर अपने गृह की ओर प्रस्थान किया।

## जिला न्यायालय सहित पवई एवं अजयगढ़ में नेशनल लोक अदालत का सफल आयोजन

पन्ना ब्यूरो■जबलपुर दर्पण
www.jabalpurdarpan.in



राष्ट्रीय एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार शनिवार को जिला न्यायालय पन्ना सहित पवई एवं अजयगढ़ न्यायालय में नेशनल लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया। पन्ना में लोक अदालत का शुभारंभ प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुशवाह द्वारा मां वीणावादिनी एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।इस अवसर पर कुशवाह ने अधिकाधिक राजीनाम योग्य प्रकरणों के निराकरण पर जोर देते हुए कहा कि लोक अदालत का उद्देश्य पक्षकारों को लंबी न्यायिक प्रक्रिया से मुक्त कर त्वरित एवं सरल न्याय प्रदान करना है। उन्होंने न्यायिक अधिकारियों एवं अधिवक्ताओं से आपसी सहमति के माध्यम से प्रकरणों के समाधान हेतु सतत प्रयास करने का आह्वान किया।प्रकरणों के निराकरण के लिए कुल 12 खंडपीठों का गठन किया गया था।नेशनल लोक अदालत में प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय रूपेश शर्मा, जिला न्यायाधीश सुरेन्द्र मेश्राम एवं अरविंद शर्मा, जेएमएफसी सुश्री बिंदु पटेल, सुश्री इकरा मिन्हाज, भूपेन्द्र सिंह एवं सुश्री श्वेता आर्य, जिला विधिक सहायता अधिकारी अतुल सेन सहित जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेश तिवारी, अधिवक्ता शांति मिश्रा, सुरेन्द्र सिंह परमार, महेन्द्र द्विवेदी, लीगल एड डिफेंस काउंसिल चीफ आनंद त्रिपाठी, डिप्टी चीफ करण सिंह, पवन कुमार पाण्डेय एवं असिस्टेंट सुश्री विजयलक्ष्मी की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन से न्यायिक प्रणाली में विश्वास को और अधिक सुदृढ़ करने के साथ आम नागरिकों को त्वरित न्याय का लाभ प्राप्त हुआ।

## डाइट कुंडेश्वर में ब्रेल एवं सांकेतिक भाषा का पाँच दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

टीकमगढ़ ब्यूरो■जबलपुर दर्पण
www.jabalpurdarpan.in

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशन में तथा डाइट प्राचार्य एस.एस. पटेरिया एवं जिला परियोजना समन्वयक पी.आर. त्रिपाठी के मार्गदर्शन में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान कुंडेश्वर में पाँच दिवसीय ब्रेल एवं सांकेतिक भाषा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस प्रशिक्षण में जिले के समस्त विकासखंडों से उन विद्यालयों के शिक्षकों को शामिल किया गया, जहाँ मूकबधिर एवं पूर्ण दृष्टिबाधित विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। प्रशिक्षण का उद्देश्य विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की शिक्षा को अधिक प्रभावी एवं समावेशी बनाना रहा।प्रशिक्षण के दौरान मूकबधिर एवं पूर्ण दृष्टिबाधित विद्यार्थियों को भी आमंत्रित किया गया, जिससे प्रशिक्षार्थी शिक्षकों द्वारा प्रत्यक्ष अध्यापन अभ्यास कराया जा सके। अंतिम दिवस टीएलएम (शिक्षण सहायक सामग्री) मेले का आयोजन किया गया तथा प्रतिभागियों को दिव्यांग छात्रावास कुंडेश्वर का शैक्षणिक भ्रमण भी कराया गया।कार्यक्रम में राज्य स्तर से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर अरविंद द्विवेदी द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। उनके साथ डाइट कुंडेश्वर एवं जिला शिक्षा केंद्र के एपीसी शैलेष श्रीवास्तव, सामाजिक न्याय विभाग के दिनेश पटेल, एमआरसी कमलेश पाल, महेश वंशकार, श्रीमती संगीता बरार, रक्षपाल लोधी, दिव्यांग छात्रावास के सुजीत कुमार यादव एवं अनिल पटेल ने भी प्रशिक्षण सत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया।प्रशिक्षण के माध्यम से शिक्षकों में विशेष बच्चों के प्रति संवेदनशीलता के साथ-साथ ब्रेल एवं सांकेतिक भाषा के व्यावहारिक ज्ञान में वृद्धि हुई।

# प्रभारी मंत्री ने प्रेस वार्ता में गिनाई सरकार की उपलब्धि, भाई के गांजा केश पर मंत्री जी की चुप्पी

डिंडोरीब्यूरो■जबलपुर दर्पण
www.jabalpurdarpan.in




प्रभारी राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी, नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि डिंडोरी जिला बीते वर्षों में शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से विकास की नई ऊँचाइयों को छू रहा है। उन्होंने विभिन्न विभागों की उपलब्धियों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होनें बताया की मध्यप्रदेश एक वर्ष में सार्वाधिक निवेश प्रस्ताव लाने वाला तीसरा राज्य बना। निवेश को सरल तेज और पारदर्शी बनाने के लिए एमपी इंवेस्ट पोर्टल 3.0 लांच किया। विशेष पिछडी जनजाती के युवाओं को पुलिस, सेना, होमगार्ड में भर्ती कराने के लिए प्रशिक्षण हेतु बैगा, सहरिया के लिए बटालियन गठित होगी। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामिण के अंतर्गत 11लाख 46 हजार आवास स्वीकृत कर मध्यप्रदेश देश में प्रथम रहा। नक्सल प्रभावित जिले में विकेंद्रीकृत कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम आरम्भ किया गया। प्रेसवार्ता में जिला पंचायत अध्यक्ष रूद्रेश परस्ते, जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम, जनपद अध्यक्ष आशा सिंह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अंजू ब्यौहार, अवधराज बिलैया पूर्व अध्यक्ष, सुनील जैन पूर्व अध्यक्ष, नरेन्द्र राजपूत, जयसिंह मरावी, कृष्ण कुमार परमार, जिला विकास सलाहकार समिति के सदस्य एवं प्रशासनिक अधिकारी कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया, पुलिस अधीक्षक वाहिनीं सिंह, अपर कलेक्टर जेपी यादव, एसडीएम डिंडौरी भारती मेरावी, एसडीएम बजाग श्री रामबाबू देवांगन, डिप्टी कलेक्टर श्री वैधनाथ वासनिक, जनसंपर्क अधिकारी चेतराम अहिरवार और पत्रकारगण सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत जिले की विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा के समग्र विकास हेतु उल्लेखनीय कार्य किए गए हैं। बैगा क्षेत्रों में 32 नवीन आंगनवाड़ियां प्रारंभ की गईं, 902 बैगा परिवारों के घरों का विद्युतीकरण किया गया। 31 सड़कों (कुल 76.03 किमी) की स्वीकृति दी गई, जिनमें से 3 सड़कों (25.95 किमी) का निर्माण पूर्ण हो चुका है। 8021 आवास स्वीकृत किए गए, जिनमें से 4082 आवास पूर्ण हो चुके हैं। बैगा बाहुल्य ग्रामों में 2 मेडिकल मोबाइल यूनिट संचालित की जा रही हैं। सांदीपनि विद्यालय नरिया हेतु 50-50 सीटर बालक एवं बालिका छात्रावास स्वीकृत किए गए हैं, जिनका निर्माण कार्य प्रगतिरत है। जिला चिकित्सालय डिंडोरी को 100 से 200 बिस्तरों में उन्नयन किया गया है।50 बिस्तरीय क्रिटिकल केयर हेल्थ सेंटर स्वीकृत होकर निर्माण कार्य प्रगतिरत है। 30 बिस्तर से 50 बिस्तर क्षमता वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण कार्य जारी है। 59 नवीन हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर भवनों का निर्माण कार्य प्रगतिरत है।

# सिविल न्यायालय में लोक अदालत का आयोजन

गोटेगांव ब्यूरो■जबलपुर दर्पण
www.jabalpurdarpan.in




राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार दि. 13.12.2025 दिन शनिवार, प्रातः 10:30 बजे तहसील विधिक सेवा समिति, गोटेगांव द्वारा न्यायालय परिसर में अध्यक्ष/न्यायधीश साक्षी शुक्ला, अभिभाषक संघ के अध्यक्ष भरत पटैल, सचिव अभय जैन, अधिवक्तागण एवं समस्त न्यायालयीन कर्मचारीगण द्वारा मां सरस्वती की मूर्ति पर मार्त्यापण व दीप प्रज्वलित कर लोक अदालत का विधिवत शुभारंभ किया गया। लोक अदालत के दौरान न्यायधीश साक्षी शुक्ला के न्यायालय में 30 बैंक रिकवरी, 60 जलकर एवं संपत्ति कर से 13 आपराधिक राजीनामा योग्य प्रकरण, 19 एनआईए 3, विधिक आपराधिक प्रकरण एवं 1 दीवानी प्रकरण के कुल 36 प्रकरण सुनवाई में लिए गए। जिसम से बैंक रिकवरी के 27 जलकर, दुकान किया एवं संपत्ति कर के 53 आपराधिक राजीनामा योग्य 11, विविध आपराधिक प्रकरण 4, एनआईए 17 के दीवानी प्रकरण 1, मिलाकर कुल 34 प्रकरण निराकृत किए गए एवं कुल 6425109 रूपये की राशि जमा की गई एवं 240 व्यक्ति लाभांवित हुए। पक्षकारो को छायादार फलदार वृक्ष वितरण किए

## आयुष्मान भारत योजना बनी संजीवनी

# गंभीर हृदय रोग से जूझ रही 6 माह नन्ही श्रीविका को मिला जीवनदान

शहडोल ब्यूरो■जबलपुर दर्पण
www.jabalpurdarpan.in



राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रमएवं जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र एक बार फिर आशा और विश्वास की मिसाल बने हैं। स्वास्थ्य विभाग की सजगता, समयबद्ध निर्णय और समन्वित प्रयासों से शहडोल की 6 माह की मासूम बच्ची श्रीविका शर्मा आज एक गंभीर जीवन संकट से बाहर निकलकर स्वस्थ भविष्य की ओर कदम बढ़ा रही है। वार्ड क्रमांक 11, शहडोल निवासी श्रीविका का जन्म 4 जून 2025 को हुआ था। डाउन सिंड्रोम से पीड़ति होने के कारण उसे आरबीएसके टीम द्वारा शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र, शहडोल में पंजीकृत किया गया। प्रारंभिक जांच के दौरान डीईआईसी विशेषज्ञों ने बच्ची की नाजुक स्थिति को गंभीरता से लेते हुए विस्तृत चिकित्सीय परीक्षण की संस्तुति की। जांच शिविर के दौरान किए गए हृदय परीक्षण में यह सामने आया कि श्रीविका जटिल जन्मजात हृदय रोग से ग्रसित है, जो समय पर उपचार न मिलने की स्थिति में जानलेवा साबित हो सकता था।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र की प्रबंधक सुश्री कंचन पटेल ने तत्काल इसकी सूचना मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा को दी। सीएमएचओ द्वारा तत्परता दिखाते हुए बिना किसी देरी के बच्ची को आपात आधार पर एसआरसीसी अस्पताल, मुंबई रेफर किया गया। मुंबई में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने अत्यंत जटिल हृदय शल्यक्रिया को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। उल्लेखनीय है कि यह संपूर्ण उपचार आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत निःशुल्क उपलब्ध कराया गया, जिससे परिजनों को किसी भी प्रकार का आर्थिक भार नहीं उठाना पड़ा। 2 दिसंबर को पूर्णतः सफल उपचार और स्वास्थ्य में सुधार के पश्चात श्रीविका सुरक्षित रूप से अपने घर लौटी। बेटी के स्वस्थ होने से परिजनों की आँखों में खुशी और राहत साफ झलक रही थी।

यह केवल एक परिवार की खुशी नहीं, बल्कि स्वास्थ्य विभाग की मजबूत रेफरल प्रणाली, संवेदनशील दृष्टिकोण और प्रभावी टीमवर्क की जीवंत मिसाल है। अब डीईआईसी शहडोल द्वारा श्रीविका को नियमित चिकित्सकीय एवं विकासात्मक थेरेपी उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे उसके शारीरिक, मानसिक और संज्ञानात्मक विकास की सतत निगरानी की जा सके। श्रीविका की संघर्ष और सफलता की यह कहानी यह सिद्ध करती हैं।





## पुलिसकर्मियों के लिए स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

# 300 पुलिस कर्मियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

शहडोल ब्यूरो■जबलपुर दर्पण
www.jabalpurdarpan.in


पुलिस अधीक्षक, शहडोल के कुशल निर्देशन में जिला पुलिस बल शहडोल द्वारा पुलिस कर्मियों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के संरक्षण हेतु स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का सफल आयोजन किया गया। उक्त शिविर के आयोजन में जिला पुलिस बल शहडोल के साथ विभिन्न प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थानों का सहयोग प्राप्त हुआ, जिसमें जिला चिकित्सालय शहडोल, अमृता हॉस्पिटल, श्रीराम हॉस्पिटल, आदित्य हॉस्पिटल, दृष्टि निकेतन डे-केयर सेंटर, सेरा जेम, हर्बल न्यूट्रिश्यन डाइट एवं बीएमआई परामर्श द्वारा सेवाएं प्रदान की गईं।

शिविर के दौरान उपरोक्त संस्थानों के विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं प्रशिक्षित मेडिकल स्टाफ द्वारा पुलिसकर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक चिकित्सीय परामर्श एवं उपचार प्रदान किया गया। इस स्वास्थ्य परीक्षण शिविर से लगभग 300 पुलिसकर्मियों ने लाभ प्राप्त किया।

शिविर का मुख्य उद्देश्य पुलिसकर्मियों की नियमित स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित करना तथा उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराना रहा।

# फीस नहीं तो परीक्षा नहीं

## निजी स्कूल की मनमानी,आरटीई कानून की उड़ी धज्जियाँ



नरसिंहपुर ब्यूरो■जबलपुर दर्पण
www.jabalpurdarpan.in

जिले के निजी स्कूलों में फीस वसूली को लेकर मनमानी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। अर्धवार्षिक परीक्षा के दौरान फीस जमा न होने पर छात्रों को परीक्षा से वंचित करने के आरोपों ने शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ताजा मामला जिला मुख्यालय के स्टेशनगंज मंडी रोड स्थित एक निजी स्कूल का है, जहां तीसरी कक्षा में पढ़ने वाले छात्र भविष्य लोधी को फीस न देने के कारण अर्धवार्षिक परीक्षा का पेपर देने से रोके जाने का आरोप है।परिजनों का कहना है कि परीक्षा के दिन फीस जमा न होने पर बच्चे को धूप में खड़ा रखा गया, जबकि वह बीमार था और दवाई का पर्चा भी उसके पास मौजूद था। आरोप है कि स्कूल प्रबंधन ने परिजनों को बिना सूचना दिए बच्चे को परीक्षा से वंचित रखा, जिससे बच्चे के भविष्य पर असर पड़ा।इसी तरह गोटेगांव के एक अन्य निजी स्कूल में भी फीस न देने पर बच्चों को स्कूल के बाहर 15 से 20 मिनट तक घुटनों के बल बैठाने की शिकायत सामने आई है। इन घटनाओं से यह स्पष्ट होता है कि कुछ निजी स्कूल शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) और संविधान के तहत बच्चों को प्राप्त शिक्षा के अधिकारों की अनदेखी कर रहे हैं।परिजनों का आरोपछात्र के परिजन ठाकुर सिंह ने आरोप लगाया कि फीस न देने के कारण उनके बेटे को परीक्षा में बैठने नहीं दिया गया और धूप में खड़ा रखा गया। उन्होंने कहा कि उनका बेटा बीमार था, इसके बावजूद स्कूल प्रबंधन ने मानवीयता नहीं दिखाई।स्कूल प्रबंधन का पक्षवहीं, स्कूल संचालक दीपक वर्मा ने आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि स्कूल परिसर में कैमरे लगे हैं और इस तरह की कोई घटना नहीं हुई। उनके अनुसार, परिजनों द्वारा फीस जमा कर दी गई है और अब बच्चा परीक्षा दे सकेगा।उठते सवालसबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या फीस न देने पर किसी छात्र को परीक्षा से रोका जा सकता है?

## बिलासपुर मंडल की नई कार्यकारिणी गठित, प्रोम्पी सिंह पुनः मंडल सचिव निर्वाचित

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मजदूर संघ की वार्षिक बैठक संपन्न



शहडोल ब्यूरो■जबलपुर दर्पण
www.jabalpurdarpan.in

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मजदूर संघ की वार्षिक बैठक बिलासपुर स्थित पटेल भवन में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राकेश साहू ने की, जबकि कार्यक्रम का सफल मंच संचालन मंडल सचिव प्रोम्पी कुमार सिंह द्वारा किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से भारतीय रेलवे मजदूर संघ के राष्ट्रीय महामंत्री संतोष पटेल, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मजदूर संघ बिलासपुर जोन के महामंत्री तिरुमलेश नायडू, जोनल अध्यक्ष कमलेश सिंह, जोनल सहायक सचिव नूतन वर्मा, टाटा बाबू राव सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी मंचासीन रहे। वहीं, मंडल चुनाव अधिकारी के रूप में भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री संजय तिवारी की विशेष उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के दौरान संघ के वार्षिक कार्यों की रूपरेखा मंडल सचिव प्रोम्पी कुमार सिंह द्वारा सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत की गई। इसके पश्चात संजय तिवारी, राकेश साहू, संतोष पटेल एवं तिरुमलेश नायडू ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठनात्मक एकता, संघर्षशीलता और श्रमिक हितों की रक्षा के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। पूर्व कार्यकारिणी भंग, नई मंडल कार्यकारिणी का गठन मंडल अध्यक्ष राकेश साहू के संबोधन के पश्चात पूर्व मंडल कार्यकारिणी को भंग करते हुए जोनल कार्यकारिणी की सहमति से नई मंडल कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से एक बार फिर प्रोम्पी कुमार सिंह को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मजदूर संघ, बिलासपुर मंडल का मंडल सचिव चुना गया, जबकि राकेश साहू को पुनः मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई।

नई मंडल कार्यकारिणी इस प्रकार है, कार्यकारी अध्यक्ष रामनिवास जैतवार, मंडल उपाध्यक्ष आर.के. सिंह, उत्तम दास मानिकपुरी, सुनील कुमार झा, सह सचिव अंकित शुक्ला, संतोष गुप्ता, संजय यादव, ओमप्रकाश, संगठन सचिव हरीश ढहरवार, कोषाध्यक्ष प्रताप कुमार साहू, मंडल कार्यकारिणी सदस्य, राजेंद्र सोनकर, मिथलेश यादव, विपलव महतो, एम.एस. गुर्जर, गोविंद कौशिक, ललित साहू, मेवालाल रजक, पूर्णिमा कश्यप, अजय कुमार संगठन को सशक्त बनाने का संकल्प। कार्यक्रम के समापन अवसर पर सभी कार्यकर्ताओं एवं नवगठित समिति के सदस्यों से संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, श्रमिक हितों की रक्षा के लिए सक्रिय भूमिका निभाने तथा संघ को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने का आह्वान किया गया।

# संलग्नीकरण की आड़ में वेतन घोटाला

शहडोल ब्यूरो■जबलपुर दर्पण
www.jabalpurdarpan.in

शहडोल में प्रशासनिक लापरवाही और नियमों की खुली अनदेखी का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। जिला पशु चिकित्सालय शहडोल के अंतर्गत पदस्थ एव्हीएफओ (सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी) सूर्यदीन पटेल पिछले 25 वर्षों से अपने मूल कार्यस्थल से नदारद बताए जा रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि वे पशु विभाग से नियमित वेतन प्राप्त कर रहे हैं, जबकि सेवा दे रहे हैं राजस्व विभाग में। सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी का मूल दायित्व ग्रामीण क्षेत्रों में पशुओं के स्वास्थ्य संरक्षण, रोग नियंत्रण एवं पशुपालन योजनाओं का लाभ पशुपालकों तक पहुँचाना होता है। लेकिन श्री पटेल ने नियुक्ति के कुछ ही समय बाद जुगाड़ के माध्यम से एसडीएम कार्यालय सोहागपुर में अपना संलग्नीकरण करा लिया और तब से अब तक वहीं जमे हुए हैं।

मूल विभाग ने भी नहीं ली सुध, राजस्व विभाग ने भी निभाई चुप्पी

अचरज की बात यह है कि इतने लंबे समय तक न तो पशु विभाग ने अपने कर्मचारी की अनुपस्थिति पर सवाल उठाया और न ही राजस्व विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों ने उन्हें उनके मूल विभाग वापस भेजना जरूरी समझा। हालात ऐसे हैं कि श्री पटेल शायद अब अपने मूल मुख्यालय का पता तक भूल चुके हों। वेतन पशु विभाग से, काम राजस्व विभाग में

सूत्रों के अनुसार श्री पटेल पशु विभाग से वेतन लेते हुए राजस्व विभाग में प्रभाव जमाए हुए हैं। आरोप है कि इसी प्रभाव और "जुगाड़ तंत्र" के सहारे वे वर्षों से पदस्थ बने हुए हैं। आम नागरिकों और अधिवक्ताओं द्वारा कई बार उनके कार्यशैली को लेकर उच्च अधिकारियों से शिकायतें भी की गईं, लेकिन हर बार मामला दबा दिया गया। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा 1998, 2013 और 2025 में संलग्नीकरण समाप्त किए जाने संबंधी स्पष्ट आदेश जारी किए गए हैं। इसके अलावा स्थानांतरण नीति 2025 की कंडिका 52 में सभी प्रकार के संलग्नीकरण समाप्त करने का स्पष्ट प्रावधान है। इसके बावजूद श्री पटेल को न केवल मुक्त नहीं किया गया, बल्कि कथित रूप से कलेक्टर कार्यालय की सिफारिश से एसडीएम रीडर के पद पर भी तैनात कर दिया गया। पशु विभाग को लाखों की आर्थिक क्षति

इस पूरे प्रकरण में सबसे अधिक नुकसान पशु विभाग को हुआ है, जिसने पिछले 25 वर्षों से ऐसे कर्मचारी को वेतन भुगतान किया, जिसने विभाग के लिए कोई सेवा नहीं दी। अनुमान है कि यह राशि करोड़ों रुपये में पहुँच चुकी है। सवाल उठता है कि इस आर्थिक क्षति की भरपाई कौन करेगा। संबंधित कर्मचारी, पशु विभाग, राजस्व विभाग या जिम्मेदार अधिकारी?

पूरा मामला एक सुनियोजित वेतन घोटाले की ओर इशारा करता है। प्रशासनिक उदासीनता और नियमों की अनदेखी ने इस प्रकरण को और गंभीर बना दिया है।

अब आवश्यकता है कि इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए और दोषियों की जवाबदेही तय की जाए।

# 260 बोरी चावल गायब करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

शहडोल ब्यूरो■जबलपुर दर्पण
www.jabalpurdarpan.in



मध्यप्रदेश वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक्स कॉर्पोरेशन गोदाम नंबर 05 शहडोल से वाहन क्रमांक एमएच 40 सीएम 1517 में 260 बोरी चावल लोड कर एसडब्ल्यूसी खण्डवा भेजा गया था। संबंधित वाहन चालक एवं मालिक द्वारा गेट पास, कांटा पर्ची, बिल्टी एवं अन्य दस्तावेज प्राप्त कर वाहन गंतव्य के लिए रवाना हुआ, परंतु निर्धारित समयावधि तक वाहन एवं चावल खण्डवा नहीं पहुंचे। थाना कोतवाली शहडोल में फरियादी दीपक जैन द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी, प्रस्तुत दस्तावेजों के अवलोकन पर प्रथम दृष्टया अपराध धारा बी.एन.एस. का घटित होना पाया गया,

जिस पर थाना कोतवाली में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। उक्तर प्रकरण के विवेचना के दौरान अज्ञात आरोपियों की पतासाजी उपरांत निम्न आरोपियों को दिनांक 14.12.2025 को गिरफ्तार किया गया, जिसमें विकास पटेल पिता राकेश पटेल उम्र 24 वर्ष, निवासी ग्राम गांधीग्राम बुढागर, वार्ड नं. 18, जिला जबलपुर (वाहन मालिक का भतीजा), जीतू कुमार पटेल उर्फ जितेन्द्र पटेल पिता राजेन्द्र प्रसाद पटेल उम्र 29 वर्ष, निवासी ग्राम दरौली कला, वार्ड नं. 13, थाना खेतौला, जिला जबलपुर (वाहन चालक), लालू उर्फ अनुराग असाटी पिता सीताराम असाटी उम्र 33 वर्ष, निवासी गांधीग्राम बुढागर, वार्ड नं. 14, थाना गोसलपुर, जिला जबलपुर (चोरी का चावल खरीदने वाला) तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली के नेतृत्व में, विश्वनाथ तिवारी, आशाराम, पंचम सिंह, कैलाश प्रजापति की सराहनीय भूमिका रही ।

# माननीयों के निर्देशों पर दब जाती है जनता की आवाज न्याय दिलाने में कोताही करता है जिला प्रशासन

सीधी ब्यूरो■जबलपुर दर्पण
www.jabalpurdarpan.in



जिले में आम जनता को न्याय दिलाने की जिनकी जिम्मेदारी थी वह अपनी जिम्मेदारी से विमुख होकर निजी स्वार्थ एवं अपने-अपनों तक सीमित होकर रह गए हैं। जिसके कारण आम जनता की आवाज दवा दी जा रही है और उन्हें न्याय नहीं मिल पा रहा है। माननीयों के निर्देशों का अमल न करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को स्थानांतरण कराने व शिकायत करने की धमकी के चलते अधिकारी-कर्मचारी आम जनता को न्याय देने की बजाय माननीयों के निर्देशों के अमल पर ज्यादा जोर देते हैं। स्थिति यह है कि स्वस्थ्य लोकतंत्र के चौथे स्तंभ माने जाने वाले मीडिया के लोग भी स्वतंत्र पत्रकारिता नहीं कर पा रहे हैं। प्रदेश सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर विकास गाथा सुनाने के लिए विगत दिनों प्रभारी मंत्री जिले के सभी पत्रकारों के साथ वार्ता करने के लिए आए थे। किंतु जिले के पत्रकारों ने प्रभारी मंत्री के साथ वार्ता करने नहीं पहुंचे और उक्त पत्रकार वार्ता का बहिष्कार कर दिए। हालांकि जिला प्रशासन और पीआरओ के द्वारा अपनी पूरी ताकत लगाकर प्रभारी मंत्री के पत्रकार वार्ता को सफल बनाने का प्रयास जरूर किया। किंतु पत्रकारों का आक्रोश कम नहीं कर पाए। पत्रकारों का कहना था कि दो वर्ष पूर्ण होने के बाद भी प्रभारी मंत्री कभी किसी पत्रकार से संवाद स्थापित करना उचित नहीं समझा। जिले के माननीय लोग भी पत्रकारों से संवाद स्थापित नहीं करते। सिर्फ अपनी वाहवाही तक सीमित होकर रह गए हैं। मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ माना गया है और मीडिया के लोग शासन-प्रशासन के आइने के रूप में सेवा करते हैं। समाज का वह व्यक्ति जिसे कहीं से न्याय नहीं मिलती तो वह मीडिया के समक्ष न्याय की उम्मीद लेकर आता है। किंतु जिले के जन प्रतिनिधि एवं जिला प्रशासन मीडिया के द्वारा आम जनता की उठाई गई आवाज को अनसुना कर रही है। जिले की चाहे जितनी बड़ी से बड़ी समस्या हो मीडिया के माध्यम से जब सामने आती है तो उसमें कोई भी जन प्रतिनिधि ध्यान नहीं देता। बल्कि उस पर कार्रवाई न हो इसके लिए जिला प्रशासन पर निरंतर दबाव बनाया जाता है। जिसके कारण अधिकारी चाह कर भी न्याय नहीं दिला पा रहे हैं। जिले में सांसद और विधायकों के बीच उपजे मनभेद से हर कोई वाकिफ है। जिला प्रशासन भी असमंजस की स्थिति में रहता है कि किसकी बात सुनी जाए किसकी नहीं। भाजपा कार्यकर्ता भी बड़े नेताओं के आपसी मनभेद के कारण पिस रहे हैं। सच्चाई जगजाहिर है किंतु लोग दबी जुबान बात करते हैं। जिले की स्थिति काफी दयनीय है। इसका मुख्य कारण माननीयों की कार्यशैली बताई जा रही है। यदि माननीयगण अपने कार्तव्य और दायित्वों का सही तरीके से निर्वाह करें तो आम जनता को सुलभ न्याय मिल सकता है और शासन-प्रशासन भी स्वतंत्र होकर शासन की योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचा सकते हैं किंतु आपसी खींचातानी से जहां एक ओर जिले का विकास अवरुद्ध हो रहा है वहीं शासन-प्रशासन की फजीहत हो रही है। बॉक्स मेडिकल कॉलेज और विधि कॉलेज का हो रहा इंतजार जिले में मेडिकल कॉलेज की घोषणा ढ़ाई वर्ष पूर्व मुख्यमंत्री के द्वारा की गई थी। किंतु उसमें अभी तक कोई अमल नहीं हुआ। दशकों वर्ष पूर्व जिले में संचालित विधि कालेज बंद हो गई थी। जिसको चालू कराने के लिए जिले की आम जनता प्रदेश सरकार से निरंतर मांग कर रही है पर इस दिशा में किसी का ध्यान नहीं जा रहा है। जिले की स्वास्थ्य एवं शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह लचर है। जिला हास्पिटल के कारनामे आए दिन उजागर हो रहे हैं। इसके बाद भी जिले के माननीयों का इस ओर कोई ध्यान नहीं जा रहा है।

# गौवंश भारतीय ग्रामीण अर्थव्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी

सीधी ब्यूरो■जबलपुर दर्पण
www.jabalpurdarpan.in

ऋषिकेश फ़ाउंडेशन की बाल टोली मोगली पलटन द्वारा गाय है तो गाँव है विषय पर कछुआ चाल साइकिल रैली का आयोजन पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार माह के दूसरे रविवार 14 दिसंबर को सुबह आठ बजे से किया गया। घने कोहरे और कड़कड़ाती ठण्ड में रैली ग्राम हनुमानगढ़ स्थित स्व. चन्द्रप्रताप तिवारी स्मारक स्थल से प्रारंभ होकर गाँव की प्रमुख सड़क से होती हुई गाँव के दूसरे छोर पर सम्पन्न हुई। रैली में गाँव के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। विशेषता यह रही कि रैली का नेतृत्व और प्रबंधन स्वयं बच्चे करते हैं। रैली में गाय की महत्ता को उजागर करते नारे सड़कों पर गूंजते रहे। मोगली पलटन का ध्येय वाक्य मैं भी मोगली बच्चों में जोश और अपनत्व का संचार करता रहा। कछुआ चाल साइकिल रैली का आयोजन मोगली पलटन द्वारा हर माह के दूसरे रविवार को किया जाता है। इसका उद्देश्य बच्चों को सतत विकास, पर्यावरण संरक्षण और भारतीय ग्रामीण जीवन की मूल चेतना गौ-संवर्धन से जोड़ना है। रैली के दौरान मोगली पलटन द्वारा तैयार गाय की चिट्ठी भी ग्रामीण जनों को वितरित की गई। इस पत्र के माध्यम से बच्चों ने गाय के दृष्टिकोण से उसकी स्थिति और उपयोगिता को अभिव्यक्त करने का प्रयास किया। चिट्ठी में गाय के बहुआयामी महत्व कृषि, पर्यावरण, स्वास्थ्य और अर्थ-व्यवस्था में उसकी भूमिका पर सरल भाषा में जानकारी दी गई। रैली के माध्यम से यह संदेश भी दिया गया कि गाय न केवल भारतीय संस्कृति की आत्मा है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था का मूलाधार भी बन सकती है। गाय आधारित कृषि, गोबर गैस, जैविक खाद और पंचगव्य जैसे उत्पादों के माध्यम से यह स्वच्छ, सतत और आत्मनिर्भर रोजगार प्रदान करने में सक्षम है।यह पहल गाँवों में पर्यावरण-जागरूकता और तर्कशील मूल्यों के पुनर्स्थापन की दिशा में एक सशक्त अभियान बनती जा रही है।

# एनटीपीसी विंध्याचल में 500 मेगावाट सिम्युलेटर का उद्घाटन





**सिंगरौली ब्यूरो जबलपुर दर्पण।** एनटीपीसी विंध्याचल ने अपने लर्निंग एवं डेवलपमेंट इकोसिस्टम को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए 13 दिसंबर 2025 को वाराणसी में आयोजित 56वीं क्षेत्रीय प्रबंधन समिति बैठक के दौरान आरएलआई में अत्याधुनिक 500 मेगावाट सिम्युलेटर का उद्घाटन किया। इस सिम्युलेटर का उद्घाटन गौतम देव, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (उत्तर) एवं कार्यकारी निदेशक (पीएम) द्वारा किया गया। उन्होंने इस सुविधा को साकार करने में किए गए सामूहिक प्रयासों की सराहना की और प्रशिक्षुओं को वास्तविक समय का गहन एवं प्रभावी प्रशिक्षण अनुभव प्रदान करने में इसके महत्व को रेखांकित किया।आरएलआई की एनटीपीसी की क्षमता निर्माण रूपरेखा में रणनीतिक भूमिका पर बल देते हुए श्री देव ने टीम को शुभकामनाएं दीं और विश्वास व्यक्त किया कि यह सिम्युलेटर परिचालन तैयारी को और अधिक सुदृढ़ करेगा। ए. जे. राजकुमार, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) ने विंध्याचल में इस उन्नत सुविधा की स्थापना पर गर्व व्यक्त किया और इसे अभियंताओं के लिए अमूल्य व्यावहारिक प्रशिक्षण अवसर बताया।डॉ. देबास्मिता त्रिपाठी, अपर महाप्रबंधक (आरएलआई) ने दूरदर्शी नेतृत्व के लिए गौतम देव के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया तथा निरंतर मार्गदर्शन और सहयोग के लिए संजीब कुमार साहा, परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) का धन्यवाद किया। उन्होंने मेजा, टांडा, सिंगरौली, रिहंद, दादरी, ऊंचाहार, झज्जर एवं औरैया से वर्चुअल रूप से उपस्थित वरिष्ठ नेतृत्व की उपस्थिति एवं प्रोत्साहन के लिए भी आभार जताया।500 मेगावाट सिम्युलेटर का कमीशनिंग विंध्याचल के लिए गर्व का क्षण है और यह प्रौद्योगिकी आधारित प्रशिक्षण, परिचालन उत्कृष्टता तथा सतत विद्युत उत्पादन के प्रति एनटीपीसी की अटूट प्रतिबद्धता को पुनः सुदृढ़ करता है।

## मझौली उप निर्वाचन के लिए प्रेक्षक नियुक्त

**सीधी।**राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगर परिषद मझौली के अध्यक्ष पद के उप निर्वाचन वर्ष 2025 (उत्तरार्द्ध) के लिए अनंत नारायण अरोरा, रा.प्र.से. (सेवानिवृत्त) को प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। श्री अरोरा 15 दिसम्बर से 18 दिसम्बर तक चुवाही रेस्ट हाउस में प्रवासरत रहेंगे। प्रेक्षक से मुलाकात का समय प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक रिटर्निंग ऑफिसर कार्यालय मझौली में निर्धारित किया गया है। उक्त अवधि में नगर परिषद मझौली के अध्यक्ष पद के उप निर्वाचन से संबंधित शिकायतों या समस्याओं के लिए निर्धारित समय पर उनसे मुलाकात कर सकते हैं। प्रेक्षक के भ्रमण एवं समन्वय कार्य हेतु अमित कुमार द्विवेदी नायब तहसीलदार तहसील कुसमी को लायजनिंग अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## नगर परिषद अध्यक्ष के निर्वाचन ने बढ़ाई राजनीतिक सरगर्मियां

**सीधी।** जिले के मझौली नगर परिषद में अध्यक्ष पद को लेकर हो रहे चुनाव की राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई है। नामांकन फार्म जमा करने की आज 15 दिसंबर आखिरी तिथि है, वही पर्चा वापसी की तारीख 18 दिसंबर नियत की गई है। उल्लेखनीय हैं कि अभी तक प्रमुख राजनीतिक दलों द्वारा अपने प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की है, उम्मीद जताई जा रही है कि आज दोपहर तक सभी राजनीतिक दलों द्वारा अध्यक्ष पद के लिए अपने अपने उम्मीदवार घोषित कर देंगी। उम्मीदवारों की घोषणा के बाद चुनाव और गहरा जाएगा, हाल ही में भाजपा के खाटी नेता माने जाने वाले मार्तण्ड चतुर्वेदी ने भाजपा को झटका देकर कांग्रेस का दामन थाम लिया है, ऐसे में अब भाजपा को एक बार फिर ब्राह्मण वोटरों को साधने के लिए संघर्ष करना पड़ेगा। बताया जा रहा है कि भाजपा नेता रहे मार्तण्ड चतुर्वेदी के पिता रमेश चतुर्वेदी ने अपनी राजनीतिक बिसात प्रभावी ढंग से बिछाई है, निश्चित ही भाजपा को उनके बाहर होने से नुकसान उठाना पड़ सकता है। हालांकि उनके आने से कांग्रेस खेमे में कितना असर पड़ता है यह भी एक विचारणीय है।बॉक्स इस तरह हैं निर्वाचन की प्रक्रिया उपखण्ड अधिकारी एवं रिटर्निंग ऑफिसर नगर परिषद मझौली ने जानकारी दी कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगर परिषद मझौली के अध्यक्ष पद हेतु उप निर्वाचन वर्ष 2025 (उत्तरार्द्ध) के लिए घोषित कार्यक्रम के अनुसार नामांकन प्रक्रिया 08 दिसंबर 2025 को प्रातः 10.30 बजे से उपखण्ड अधिकारी मझौली, पुराना न्यायालय कक्ष क्रमांक-1, तहसील मझौली में प्रारंभ हो गई है। नामांकन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 15 दिसंबर 2025 को दोपहर 3 बजे निर्धारित की गई है।

# प्रतिभा द्विवेदी का सहायक प्राध्यापक पद में चयन

सीधी ब्यूरो■जबलपुर दर्पण
www.jabalpurdarpan.in



शिक्षा और शिक्षक समाज के लिए यह क्षण हर्ष, गर्व और प्रेरणा से परिपूर्ण है। पीएमश्री हायर सेकेंडरी स्कूल टिकरी में पदस्थ शिक्षक सुरसरी प्रसाद द्विवेदी की पुत्री प्रतिभा द्विवेदी का चयन मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक प्राध्यापक रसायन शास्त्र के पद पर हुआ है। चयन सूची में 36वां स्थान प्राप्त कर उन्होंने न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया है। प्रतिभा द्विवेदी की यह उपलब्धि कठिन परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। उनकी सफलता इस सत्य को रेखांकित करती है कि स्पष्ट लक्ष्य और निरंतर प्रयास से कोई भी ऊँचाई असंभव नहीं होती। उन्होंने यह सिद्ध किया है कि शिक्षा केवल ज्ञान का माध्यम नहीं, बल्कि समाज निर्माण की सशक्त आधारशिला है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि से शिक्षक समाज में विशेष उत्साह देखा गया। क्षेत्र के वरिष्ठ शिक्षकों और बुद्धिजीवियों चंदेश्वरी प्रसाद तिवारी, प्रभाकर तिवारी, शारदा प्रसाद मिश्र, रामबहार मिश्रा, कृष्ण प्रताप सिंह, शिवेंद्र प्रताप सिंह, बसंती सिंह, धीरेंद्र कुमार पाण्डेय और सुभाष चंद्र मिश्रा ने हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए इसे आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बताया। समूचा शिक्षक समाज प्रतिभा द्विवेदी और उनके परिवार को इस गौरवपूर्ण सफलता पर साधुवाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना करता है। यह उपलब्धि निश्चय ही क्षेत्र के लिए प्रेरक प्रकाश स्तंभ बनकर सदैव मार्गदर्शन करती रहेगी।

# ब्राह्मण समाज को लेकर आपत्तिजनक बयान, मचा बवाल

सीधी ब्यूरो■जबलपुर दर्पण
www.jabalpurdarpan.in

जिले के फेसबुक पेज पर किसी बीरेंद्र सिंह बघेल द्वारा ब्राह्मण समाज को लेकर दिए गए बयान ने जिले में तीव्र आक्रोश पैदा कर दिया है। बघेल ने सार्वजनिक रूप से यह लिखकर विवाद खड़ा कर दिया कि सीधी जिले में कम से कम 500 ब्राह्मण परिवार ऐसे हैं, जिनकी लड़कियों ने साकेत और बसोर जाति में विवाह किया है। इसमें माता-पिता और समाज की कोई गलती नहीं है। जिससे समाज विशेष के विरुद्ध उकसावे और अपमानजनक टिप्पणी के रूप में देखा जा रहा है। ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों और सामाजिक संगठनों का कहना है कि ब्राह्मण समाज को टारगेट कर समाज में नीचा दिखाने के प्रयास किया जा चुका है। वहीं इनके जातीय रंग में रंगे बीरेंद्र सिंह बघेल भी अजय प्रताप सिंह के इशारे पर ब्राह्मण समाज को टारगेट कर रहे हैं और बिना किसी प्रमाण के भ्रामक आंकड़े प्रस्तुत कर समाज की छवि धूमिल करने का प्रयास कर रहे हैं। अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज सीधी के जिला अध्यक्ष पंडित राकेश दुबे ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि बीरेंद्र सिंह बघेल 3 दिन के भीतर अपने 500 मामलों के दावे को ठोस प्रमाणों के साथ सिद्ध नहीं करते, तो उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही कराई जाएगी। अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज का कहना है कि किसी भी समाज के खिलाफ टीका-टिप्पणी और अपमानजनक बयान बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे और समाज की गरिमा की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष किया जाएगा। सामाजिक संगठनों ने प्रशासन से भी मांग की है



## माता मंदिर बटौली में संगीतमय श्री राम कथा का भव्य आयोजन आज से

**सीधी।** आदिशक्ति माता मंदिर बटौली में दिनांक 15 दिसंबर 2025 से 24 दिसंबर 2025 तक श्रीमद् वाल्मीकि श्री राम कथा का भव्य सामूहिक आयोजन किया गया है आप सब भक्तगण से विशेष अनुरोध है की श्रीराम कथा में पहुंचकर कथा श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित करें व इस सामूहिक श्री राम कथा में अपना सहयोग कर कार्यक्रम को सफल बनाने का कष्ट करें। कथा व्यवस्थापक पीयूष पाण्डेय ने आप सभी के सहयोग की अपील की है।

15-JD-Dec-25:29-dummy-1 12/15/2025 9:02 AM Page 8



## नया भवन मिलने से पुलिस को मिलेगा बेहतर कार्य वातावरण : श्री देवड़ा

# उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने 1.80 करोड़ रुपये से बनने वाले गोराबाजार थाना भवन का किया भूमिपूजन





नगर प्रतिनिधि ■ जबलपुर दर्पण
www ljabalpurdarpan lin

उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा ने शनिवार को जबलपुर प्रवास के दौरान 1 करोड़ 80 लाख रुपये की लागत से बनने वाले गोराबाजार पुलिस थाना के नवीन भवन का विधिवत भूमिपूजन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।भूमिपूजन कार्यक्रम में महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू', विधायक अशोक रोहाणी, विधायक डॉ. अभिलाष पांडे, विधायक संतोष वरकड़े, भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, जिला अध्यक्ष राजकुमार पटेल, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, पूर्व मंत्री शरद जैन, सुभाष तिवारी 'रानू', कलेक्टर राघवेंद्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय विशेष रूप से मौजूद थे।उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गोराबाजार थाना के नए भवन की सौगात मिलने पर क्षेत्रवासियों को बधाई दी तथा इसका श्रेय क्षेत्रीय विधायक अशोक रोहाणी को दिया। उन्होंने कहा कि नए भवन के निर्माण से पुलिस बल को बेहतर एवं सुविधाजनक कार्य वातावरण प्राप्त होगा, जिससे वे और अधिक प्रभावी ढंग से अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकेंगे। इसका सीधा लाभ क्षेत्र के नागरिकों को मिलेगा।अपने संबोधन में उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने प्रदेश में बीते दो वर्षों के दौरान हुए विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश तेजी से प्रगति के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय ईश्वरदास रोहाणी का स्मरण करते हुए कहा कि जनसेवा का जो संकल्प उन्होंने लिया था, उसे आज उनके सुपुत्र अशोक रोहाणी पूरी निष्ठा से आगे बढ़ा रहे हैं।

उप मुख्यमंत्री ने केंट विधानसभा क्षेत्र में बाजारों एवं आवासीय क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाने की पहल को रचनात्मक प्रयास बताते हुए इसकी सराहना की और कहा कि इससे अपराध नियंत्रण में निश्चित रूप से मदद मिलेगी।उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने विधायक श्री अशोक रोहाणी को पुलिस बल की कमी दूर करने की दिशा में अपने स्तर पर प्रयास करने का आश्वासन भी दिया।

## जबलपुर होकर चलने वाली पुणे-दानापुर ट्रेन का नंबर बदला

**जबलपुर दर्पण ।** पश्चिम मध्य रेलवे के इटारसी, जबलपुर, सतना होकर पुणे-दानापुर-पुणे होकर चलने वाली सबसे लोकप्रिय ट्रेनों में शामिल ट्रेन अब सुपरफास्ट नहीं रही. रेलवे ने पिछले दिनों इसका नंबर बदल दिया, जिसके बाद अब यह एक्सप्रेस ट्रेन हो गई है. जिसके बाद इस ट्रेन में यात्रा करने पर लगने वाला सुपरफास्ट चार्ज नहीं लग रहा. उल्लेखनीय है कि रेलवे ने गत 4 दिसम्बर से गाड़ी संख्या 12149/12150 का नंबर बदल कर 11401/11402 कर दिया है. जिसके बाद इस ट्रेन से सुपरफास्ट का दर्ज समाप्त हो गया है और यह ट्रेन सामान्य एक्सप्रेस ट्रेन में शामिल हो गई है. इस निर्णय से यात्रियों के किराये में भी रियायत मिल गई है, इस ट्रेन में यात्रा करने पर सुपरफास्ट का किराया अब नहीं देना पड़ रहा है. उल्लेखनीय है कि इस ट्रेन को दानापुर से बढ़ाकर सुपौल तक पूर्व में ही किया जा चुका है।

# जनेकृविवि में विश्व मृदा दिवस सप्ताह के तहत विविध कार्यक्रम




नगर प्रतिनिधि ■ जबलपुर दर्पण
www ljabalpurdarpan lin

जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर में कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की प्रेरणा से जबलपुर चेप्टर इंडियन सोसायटी ऑफ सॉइल साइंस तथा मृदा विज्ञान एवं कृषि रसायन शास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विश्व मृदा दिवस सप्ताह के अंतर्गत विविध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस वर्ष विश्व मृदा दिवस की थीम "स्वस्थ शहरों के लिये स्वस्थ मिट्टी" रखी गई है।मृदा जागरूकता सप्ताह के तहत भाषण, क्विज, तात्कालिक भाषण, ऑन द स्पॉट पोस्टर मेकिंग एवं अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने "जीवन बचाने के लिये मिट्टी अंतिम संपत्ति है" विषय पर अपने विचार व्यक्त कर मृदा स्वास्थ्य के महत्व पर जनजागरूकता का संदेश दिया। वहीं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में "स्वस्थ मृदा, स्वस्थ नागरिक" विषय पर रंगों एवं कलाकृतियों के माध्यम से जागरूकता फैलाई गई। आगामी दिनों में कोलाज एवं रंगोली प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा।

विभागाध्यक्ष एवं आचार्य डॉ. ब्रजेश दीक्षित ने अपने उद्बोधन में कहा कि शहरों में इमारतों के बढ़ते निर्माण के कारण कंक्रीट का क्षेत्र लगातार बढ़ रहा है, जिससे जल का प्राकृतिक अवशोषण प्रभावित हो रहा है और जल संकट गहराता जा रहा है। उन्होंने वर्षा जल को जमीन में समाहित करने के लिए उपयुक्त संरचनाओं के निर्माण पर जोर दिया। साथ ही खेती में रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से मृदा स्वास्थ्य में आ रही गिरावट पर चिंता व्यक्त करते हुए किसानों को कार्बनिक खाद एवं जैव उर्वरकों के अधिक उपयोग की सलाह दी।कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. बी.एस. द्विवेदी ने सप्ताह भर चलने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की तथा कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन किया।इस अवसर पर डॉ. एच.के. राय, डॉ. अमित उपाध्याय, डॉ. सोमनाथ सर्वदे, डॉ. ए.एन. गौतम, डॉ. मानस गुप्ता, डॉ. सौरभ सिंह, डॉ. अभिषेक शर्मा, डॉ. गुलाब पाठक सहित कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## टैक्स जमा न होने पर बारात की जमीन को नगर निगम ने किया अधिग्रहित

**जबलपुर दर्पण ।** रांझी के तुलसी नगर में पटेल बारात घर का टैक्स जमा न करने पर नगर निगम ने दो हजार स्क्वायर फीट की जमीन को अधिग्रहित कर लिया है. बारात घर संचालक ने पिछले कई वर्षो से नगर निगम का टैक्स जमा नहीं किया था, अब नगर निगम ने एक दिन की मोहलत दी है कि यदि समय पर टैक्स जमा कर दिया जाता है तो आगे की कार्रवाई नहीं की जाएगी. बताया गया है कि बारात घर संचालक पर करीब छह लाख रुपए का टैक्स बकाया है. निगम रिकॉर्ड के अनुसार बारात घर बनने के बाद से अब तक नियमित रूप से टैक्स जमा नहीं किया गया. बकाया टैक्स को लेकर नगर निगम की टीम मौके पर पहुंचकर अधिग्रहण की कार्रवाई की. नगर निगम द्वारा पहले भी बकायादारों को टैक्स जमा करने के लिए नोटिस जारी किए गए थे. पटेल बारात घर के संचालक को कई बार नोटिस दिए जाने के बावजूद टैक्स जमा नहीं किया गया।

## डिलीवरी बॉय' बनकर आया फोन, मोबाइल हैक होते ही रिश्तेदारों से मांगे रुपये

नगर प्रतिनिधि ■ जबलपुर दर्पण
www ljabalpurdarpan lin

साइबर अपराधियों ने एक नया और खतरनाक जाल बिछाया, लेकिन गढ़ा पुलिस की तत्परता ने एक महिला और उनके परिचितों को लाखों रुपये की ठगी का शिकार होने से बचा लिया। यह घटना बताती है कि आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करके ठग किस तरह लोगों की छोटी सी लापरवाही का फायदा उठा रहे हैं और आम जनता को ऐसे डिजिटल खतरों के प्रति अत्यधिक जागरूक रहने की जरूरत है। गढ़ा थाना क्षेत्र की निवासी रश्मि केवट सुबह 9 बजे घर पर थीं, जब उनके फोन की घंटी बजी। दूसरी ओर से आए कॉलर ने खुद को एक अधिकारी बताते हुए बेहद आश्वस्त लहजे में बात की। उसने रश्मि से कहा कि उनकी कोई डिलीवरी आई है, लेकिन डिलीवरी बॉय से उनका संपर्क नहीं हो पा रहा है। अक्सर ऑनलाइन शॉपिंग करने वाले ग्राहकों को फंसाने के लिए यह सबसे आम और सफल तरीका है, क्योंकि लोग अपनी डिलीवरी को लेकर सहज रूप से चिंतित हो जाते हैं। रश्मि केवट को भी कॉलर की बातों पर यकीन हो गया। अपनी डिलीवरी की स्थिति जानने की जिज्ञासा में, उन्होंने उसकी बात मान ली। ठग ने बात पूरी करने के बजाय, यह कहते हुए एक नंबर फॉरवर्ड किया कि इस नंबर पर तुरंत कॉल करें, ताकि डिलीवरी बॉय से उनका संपर्क स्थापित हो सके। उस ठग ने यह सुनिश्चित किया कि रश्मि उस नंबर पर कॉल करें, लेकिन रश्मि जब उस नंबर पर कॉल करने गईं तो वह नंबर लगा नहीं। यहीं पर असली खेल शुरू हुआ। दरअसल, यह एक सामान्य फोन कॉल नहीं था, बल्कि यह एक सुनियोजित सिम स्वैपिंग या स्क्रीन मिररिंग का प्रयास था, जहाँ किसी विशेष नंबर पर कॉल या मिस कॉल करने से व्यक्ति का मोबाइल डेटा या एक्सेस ठग के पास चला जाता है। नंबर न लगने के कुछ ही मिनटों बाद, रश्मि केवट का मोबाइल डिवाइस पूरी तरह से हैक हो चुका था। ठग को रश्मि के फोन का पूरा कंट्रोल मिल गया।

# जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक संपन्न




नगर प्रतिनिधि ■ जबलपुर दर्पण
www ljabalpurdarpan lin

उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा की अध्यक्षता में जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। जिसमें उन्होंने विशेष रूप से जेडीए व नगर निगम के कार्यों की समीक्षा के दौरान शहर के सुनियोजित बसाहट व विकास को लेकर चर्चा की तथा आवश यक निर्देश दिये। लोक निर्माण विभाग, एमपीआईडीसी एवं एनएचएआई की सड़कों का निर्माण व भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की। एमपीआईडीसी, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र की समीक्षा के दौरान उद्योग एवं रोजगार सृजन की समीक्षा में विस तार से चर्चा की गई। कृषि पर मुख य रूप से उर्वरक वितरण में ई-टोकन व यवस था एवं पराली प्रबंधन तथा धान उपार्जन की समीक्षा की गई। उप मुख यमंत्री श्री देवड़ा ने राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर बधाई व शुभकामनाएं दी। साथ ही नव वर्ष की अग्रिम शुभकामनाएं भी दी। उन होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत व में विकास के पथ पर अग्रसर हो रहे हैं। प्रदेश वासियों को इसके लिए भी उन होंने शुभकामनाएं दी। उन होंने कहा कि बैठक में जितने भी विषयों पर चर्चा हुई हैं, उनके निराकरण को प्राथमिकता के साथ करें। साथ ही कहा कि प्रगति की जानकारी उन्हें भी दें। बैठक के दौरान महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक अजय विश नोई, अशोक रोहाणी, सुशील तिवारी इंदु, संतोष बरकड़े, डॉ. अभिलाष पांडे, नीरज सिंह, जिला पंचायत के अध यक्ष श्रीमती आशा मुकेश गोटिया, भाजपा नगर अध यक्ष रत्नेश सोनकर, ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, भाजपा प्रदेश कोषाध यक्ष अखिलेश जैन, कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक संपत उपाध याय सहित समिति के सदस य मौजूद थे। सलाहकार समिति की बैठक में विधायक विश्नोई ने कहा कि शहर में ट्रांसपोर्ट एक महत वपूर्ण विषय है, अतः जेडीए ट्रांसपोर्ट नगर को शामिल करने पर विचार करें। इसी के साथ उन्होंने गुलौआ ताल की स्थिति सुधारने, गंदे नालों को तालाब में नहीं मिलाने के साथ-साथ, नल-जल योजना के कार्यों के दौरान सीमेंट सड़कों को अनियंत्रित रूप से न तोड़कर कटर से व्यवस्थित रूप से काटने और पाईप डालने के बाद पुनः उसे यथा स्थिति में बनाने के लिए कहा। इसके अलावा उन होंने ग्रामीण विकास व नहरों की स्थिति ठीक कराने का सुझाव दिया। विधायक सुशील तिवारी इंदु ने धान खरीदी व्यवस्था को पारदर्शी और व्यवस्थित करने के लिए सुझाव दिया कि जितने भी गोदाम में जगह है उतने ही स्लॉट की बुकिंग हो। विधायक अशोक रोहाणी ने सीवर लाईन को व्यवस्थित करने तथा रोड़ रेस्टोरेशन पर बल दिया।

# श्रीगणेश वंदना एवं हनुमान चालीसा का भी आयोजन



नगर प्रतिनिधि ■ जबलपुर दर्पण
www ljabalpurdarpan lin

सिहोरा जिला आमरण अशन एवं पूर्व प्रचारक प्रमोद साहू के अन्न जल त्याग कर कठिन निर्णय लेने से एक सप्ताह तक सिहोरा खितौला जहां पूर्ण रूप से बन्द रहा। वहीं बीते दो वर्ष पहले चुनाव अभियान के माध्यम से खुले मंच से घोषणा करने पर सिहोरा जिला बनाना हैं, स्मृति रानी दीदी का वादा निभाना हैं इसी क्रम में शुक्रवार और शनिवार को पुराने बस स्टैंड में भक्ति का स्मरण करते हुए उनका भी आवाहन किया गया। मंच पर बैठे सभी अनशनकारी ने भी हनुमान चालीसा का पाठ किया और वर्तमान सरकार को सद्बुद्धि दे को लेकर भक्ति गीत के साथ जिला सिहोरा बनाने की मांग भक्ति के माध्यम से रखी गई।इस दौरान नन्हे बब्बू पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष, अमोल चौरसिया, नीरज पाण्डे, अनिल जैन, प्रमोद चौधरी, के के कुररिया, मनोज सोनी,प्रदीप दुबे, आशीष साहू के साथ साथ पवन पुत्र म्यूजिकल ग्रुप संचालक - आशीष यादव साथी गण = अमित परोहा, सत्यम पटेल,राज यादव, अनुराग कुशवाहा, मिथुन विश्वकर्मा, राहुल कुशवाहा, संजय बर्मन अन्य साथीगण की मौजूदगी में देर रात्रि तक चला आयोजन।

# 'गीता और रामायण वैश्विक ग्रंथ, जीवन जीने की देती हैं शिक्षा : मोरारी बापू



नगर प्रतिनिधि ■ जबलपुर दर्पण
www ljabalpurdarpan lin

प्रसिद्ध कथावाचक मोरारी बापू ने जबलपुर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए गीता और रामायण को लेकर महत्वपूर्ण बयान दिया। उन्होंने कहा कि गीता और रामायण किसी एक संप्रदाय के नहीं, बल्कि वैश्विक ग्रंथ हैं, जो मनुष्य को जीवन जीने की सच्ची शिक्षा देते हैं। उन्होंने इन दोनों ग्रंथों को शिक्षा पाठ्यक्रम में शामिल किए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया।मोरारी बापू ने कहा कि गीता और रामायण को केवल धार्मिक दृष्टि से नहीं, बल्कि जीवन मूल्यों, नैतिकता और मानवीय चेतना के रूप में देखा जाना चाहिए। ये ग्रंथ व्यक्ति को सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैंधर्मांतरण के विषय पर बोलते हुए मोरारी बापू ने कहा कि देश में बढ़ते धर्मांतरण चिंता का विषय हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि लालच देकर धर्मांतरण के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। इसी कारण गुजरात के आदिवासी क्षेत्रों में हर माह रामकथा का आयोजन किया जाता है, ताकि लोग अपने स्वधर्म की महिमा को समझ सकें।उन्होंने मिशनरियों की ओर संकेत करते हुए कहा कि जब सेवा को उद्देश्य बताया जाता है, तो उसके बाद धर्मांतरण क्यों होता है, यह एक विचारणीय प्रश्न है। उन्होंने श्रीकृष्ण के उपदेश का उल्लेख करते हुए कहा कि स्वधर्म सर्वोपरि है।भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने की मांगों पर मोरारी बापू ने कहा कि देश के चारों शंकराचार्य जो भी निर्णय लेंगे, वे उसके साथ खड़े रहेंगे। उन्होंने कहा कि हिंदुत्व का दायरा अत्यंत व्यापक है, जो सभी को अपने में समाहित करता है।देश में बढ़ते सामाजिक विवादों और सांप्रदायिक तनाव पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि भारत विवाद नहीं, संवाद का देश है और संवाद से ही समन्वय संभव है। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में द्वेष और ईर्ष्या की भावना बढ़ी है, जो देश के लिए शुभ संकेत नहीं है। उनका उद्देश्य केवल देश में एकता और सद्भाव देखना है।मोरारी बापू ने कहा कि जिस प्रकार 500 वर्षों के बाद अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ, उसी प्रकार यदि राम की इच्छा होगी तो काशी और मथुरा में भी भव्य मंदिर बनेंगे।

# रेत कारोबारी की हत्या

नगर प्रतिनिधि ■ जबलपुर दर्पण
www ljabalpurdarpan lin



जबलपुर जिले के खितौला थाना क्षेत्र अंतर्गत सिहोरा के पास दिनदहाड़े रेत कारोबारी चिंटू उर्फ धर्मेंद्र ठाकुर की गोली मारकर हत्या करने वाले दोनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी हत्या के बाद दर्शनी गांव के बाहर सुनसान इलाके में छिपे हुए थे और शाम को शहर छोड़ने की फिराक में थे। इसी दौरान पुलिस ने घेराबंदी कर उन्हें दबोच लिया।पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी लवी उर्फ सोम तिवारी और शेखर बर्मन हैं, जो रीवा और सिहोरा के निवासी बताए जा रहे हैं। दोनों कुख्यात बदमाश अस्सू विश्वकर्मा के करीबी बताए जा रहे हैं। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि अस्सू विश्वकर्मा के कहने पर ही इस हत्या को अंजाम दिया गया।खितौला पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर तीन दिन की पुलिस रिमांड प्राप्त की है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मृतक चिंटू ठाकुर हाल के दिनों में सिहोरा को जिला बनाए जाने को लेकर चल रहे कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभा रहा था और रोजाना लोगों के साथ बैठकर चर्चा करता था।घटना दो दिन पूर्व की है। चिंटू ठाकुर रोज की तरह सिहोरा जाने के लिए घर से निकला था। करीब 200 मीटर आगे बढ़ते ही बाइक पर सवार होकर पहुंचे सोम तिवारी और शेखर बर्मन ने उसे रोक लिया और पिस्टल तान दी। बचने के प्रयास में चिंटू ने संघर्ष किया, लेकिन बदमाशों ने उसे पकड़कर सड़क पर पटक दिया। इसके बाद एक आरोपी ने उसके सिर से सटाकर लगातार तीन गोलियां चला दीं।

# कलेक्टर ने सैकड़ो गांव के किसानों की परेशानी देखी तो, अतिरिक्त खरीदी केंद्रों की मिली स्वीकृति

नगर प्रतिनिधि ■ जबलपुर दर्पण
www ljabalpurdarpan lin




भारतीय किसान संघ की परेशानी को समझते हुए 13 दिसंबर को कृषि उपसंचालक एसके निगम, फूड कंट्रोलर प्रमोद मिश्रा और भारतीय किसान संघ महाकौशल प्रांत जिला जबलपुर के किसान पदाधिकारियों के बीच बैठक सम्पन्न हुई । किसानों की धान खरीदी केंद्रों की समस्याओं पर जानकारी देते हुए बताया कि 50 गांव के किसान मझगवॉ खरीदी केंद्र आते थे वर्तमान में खरीदी केंद्र को 40 से 50 किलोमीटर दूर खरीदी केंद्र बना दिया गया है। जिसे किसानों को परेशानी के साथ परिवहन भाड़ा अधिक लग राहा है। किसानों की मांग है कि द्वारकाधीश एवं रिद्धि सिद्धि वेयरहाउस को खरीदी केंद्र बनाया जावे। दैनिक तुलाई क्षमता 1500 से बढ़ाकर 5000 प्रतिदिन किया जावे । शिकमीनामा समस्या का समाधान किया जावे । मुख्यमंत्री घोषणा के अनुसार दिन में 10 घंटे किसानों को बिजली दी जावे। बुढ़े, बुजुर्ग, बीमार, लोगों के घिसे-पिटे थम्मस स्कैन नहीं हो रहे हैं। इसीलिए कृषि व्यवस्था को देखते हुए परिवार के किसी एक की ओटीपी के माध्यम से धान उपार्जन फीडिंग को सरल किया जावे। भारतीय किसान संघ के उपरोक्त मांग को देखते हुए जबलपुर कलेक्टर राघवेंद्र सिंह द्वारा तुरन्त 24 घंटे के अंदर कार्यवाही कर सिहोरा के ग्राम बुढ़रा द्वारकाधीश, ग्राम बुढ़री रिद्धि सिद्धि वेयरहाउस । पनागर शुभी अक्षय वेयरहाउस। कुण्डम गुरु नानक वेयरहाउस को अतिरिक्त खरीदी केंद्र शुरू करने के निर्देश दिए। खरीदी केदो में संकुल स्तरीय एवं ग्राम संगठन के माध्यम से खरीदी किया जाना है। बैठक में भारतीय किसान संघ के पदाधिकारी प्रांत उपाध्यक्ष मोहन तिवारी, प्रांत कोषाध्यक्ष आलोक पटेल, जिला अध्यक्ष रामदास पटेल, जिला महामंत्री धनंजय पटेल, जिला उपाध्यक्ष सुरेश पटेल, कृषि उपसंचालक एस के निगम, फूड कंट्रोलर प्रमोद मिश्रा, तहसील अध्यक्ष बृजेश पटेल, सहित सभी भा.कि. संघ के तहसील अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महामंत्री बैठक में उपस्थित रहे।

## वायएमसीए जबलपुर द्वारा ख्रीस्त जयंती पर कैरोल सिंगिंग का आयोजन

नगर प्रतिनिधि ■ जबलपुर दर्पण
www ljabalpurdarpan lin




वॉय.एम.सी.ए. (यंग मेन क्रिस्टियन एसोसिएशन) जबलपुर द्वारा ख्रीस्त जयंती के पावन अवसर पर कैरोल सिंगिंग कार्यक्रम का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस कार्यक्रम में शहर के विभिन्न चर्चों ने सहभागिता कर प्रभु यीशु के जन्म का संदेश गीतों के माध्यम से प्रस्तुत किया।कार्यक्रम मेंक्राइस्ट चर्च केथेड्रल,सेंट जूड चर्च, सगड़ा,मारथोमा चर्चद्वारा मनमोहक कैरोल प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्हें उपस्थित जनसमुदाय ने सराहा।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. रेव. फादर बैन एंटोन रोज़ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ रेव. शुभा वेंकटरम (क्राइस्ट चर्च केथेड्रल) के प्रेरणादायक उद्बोधन से हुआ। उनका स्वागत वायएमसीए के अध्यक्ष ब्रूस थंगाडुआरी द्वारा किया गया।रमेश पॉल (जनरल सेक्रेटरी, वायएमसीए) ने मुख्य अतिथि को गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया।कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन वायएमसीए के उपाध्यक्ष श्री डेविड फ्रांसिस द्वारा किया गया। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. रेव. फादर बैन एंटोन रोज़ ने प्रभु यीशु मसीह के जीवन, उनके द्वारा किए गए कार्यों एवं उनके उपदेशों को आत्मसात करने का संदेश दिया।पूरे आयोजन के दौरान आध्यात्मिक उल्लास, शांति और भाईचारे का वातावरण बना रहा।

## अखिल भारतीय सर्वभाषा संस्कृति समन्वय समिति

# आचार्य विजय तिवारी 'किसलय' एवं संतोष नेमा 'संतोष' होंगे सम्मानित

नगर प्रतिनिधि ■ जबलपुर दर्पण
www ljabalpurdarpan lin





देश की प्रतिष्ठित वैश्विक साहित्यिक संस्था अखिल भारतीय सर्वभाषा संस्कृति समन्वय समिति आगामी 23/24/25 दिसम्बर, 2025 को अपना 23 वाँ तीन दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन उत्तराखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केन्द्रीय शिक्षामंत्री भारत सरकार डॉ. रमेश पोखरियाल 'निशंक' द्वारा शिवालिक पर्वत श्रृंखला की सुरम्य वादियों में स्थापित लेखक गाँव में आयोजित करने जा रही है, जिसमें जबलपुर म. प्र. के आचार्य विजय तिवारी 'किसलय' एवं संतोष नेमा 'संतोष' सहित देश भर से साहित्यकार इस देहरादून साहित्यकार महोत्सव में शामिल हो रहे हैं। महोत्सव के संयोजक सुभाषचंद सैनी के मुताबिक अभी तक जिन साहित्यकारों की अभी तक स्वीकृतियाँ मिल चुकी हैं, उनमें मध्य प्रदेश के ग्वालियर से सेठ सोहनलाल खंडेलवाल, जावरा रतलाम से डॉ प्रकाश उपाध्याय, नरसिंहपुर से डॉ शंकर 'सहर्ष', जबलपुर से आचार्य विजय तिवारी 'किसलय', श्रीमती सुमन तिवारी, संतोष नेमा 'संतोष', सरिता संतोष नेमा, दिल्ली से डॉ सविता चड्डा, ब्रह्मदेव शर्मा, प्रभा सारस्वत, उमंग सरीन, रंजना मजूमदार, मोहिनी पांडेय, बिहार से श्रीमती अनीता प्रसाद, राश दा राश, डॉ. अमरकांत कुमर, कर्नाटक से ज्ञानचंद मर्मज्ञ, साधना सिंह, मुंबई से यशपाल सिंह यश, गुजरात से डॉ राखी सिंह कटियार, जयपुर राजस्थान से कन्हैयालाल 'भ्रमर', हरियाणा से मदन साहनी, विनय कुमार, सरोजिनी चौधरी, वीणा अग्रवाल, डॉ प्रवीण शर्मा, सुधीर शर्मा, रेणु मिश्रा, उत्तर प्रदेश से विनोद भृंग, श्रीमती मधु मिश्रा, डॉ रश्मि कुलश्रेष्ठ, डॉ राधा बिष्ट, प्रकाश गुप्ता, इटावा टाइम्स के संपादक अतुल वीएन चतुर्वेदी, श्रीमती विनीता चतुर्वेदी, डॉ. दयावती शर्मा, लक्ष्मीकांत शर्मा, श्रीमती स्मृति श्रीवास्तव, विष्णु श्रीवास्तव, उत्तराखंड से विमल बहुगुणा, सुभाषचंद सैनी, राकेश जुगरान, सुरेन्द्र कुमार सैनी, नवीन शरण, और श्रीगोपाल नारसन के नाम उल्लेखनीय हैं। देहरादून साहित्य महोत्सव के अंतर्गत 23 दिसंबर को सायं 4 बजे अखिल भारतीय सर्वभाषा कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस कवि सम्मेलन में देश की विभिन्न भाषाओं संस्कृत,पंजाबी, अंग्रेजी, उर्दू, भोजपुरी, गढ़वाली, बुंदेली, ब्रज, अवधी, मैथिली, बांग्ला, गुजराती, राजस्थानी के प्रतिष्ठित रचनाकार अपनी-अपनी भाषाओं में काव्य-पाठ करेंगे। 24 दिसम्बर 25 को ए.बी.एस.4 का भव्य अलंकरण समारोह आयोजित है जिसमें देशभर से आमंत्रित साहित्यकारों को सम्मानित किया जाएगा। तृतीय दिवस 25 दिसम्बर 25 को विविधा कार्यक्रम आयोजित है, जिसमें इच्छुक प्रतिभागी अपनी भाषा अथवा बोलियों में गीत व लोक गीत गायेंगे। साथ ही नृत्य व एकल प्रस्तुतियाँ भी आयोजित हैं। भव्य अलंकरण समारोह के मुख्य अतिथि उत्तराखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केन्द्रीय शिक्षामंत्री भारत सरकार डॉ. रमेश पोखरियाल 'निशंक' तथा अध्यक्ष प्रज्ञान पुरुष पं सुरेश नीरव होंगे। इस अवसर पर उल्लेखनीय साहित्यिक सेवाओं के लिए साहित्यकारों को संस्था द्वारा सम्मानित भी किया जाएगा।



# जबलपुर में किसान पर तेंदुए का हमला

नगर प्रतिनिधि ■ जबलपुर दर्पण
www ljabalpurdarpan lin

जिले के ग्रामीण क्षेत्र में एक किसान पर तेंदुए द्वारा किए गए हमले से गांव में दहशत का माहौल बन गया है। घटना के बाद ग्रामीणों में भय व्याप्त है और लोग खेतों तथा घरों से बाहर निकलने में भी संकोच कर रहे हैं।प्राप्त जानकारी के अनुसार किसान अपने खेत की ओर जा रहा था, तभी अचानक झाड़ियों से निकले तेंदुए ने उस पर हमला कर दिया। किसान के शोर मचाने पर आसपास मौजूद लोगों के पहुंचने से तेंदुआ मौके से जंगल की ओर भाग गया। हमले में किसान घायल हुआ है, जिसे उपचार के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आसपास के क्षेत्र का निरीक्षण किया। वन विभाग द्वारा तेंदुए की मौजूदगी की पुष्टि करते हुए ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।घटना के बाद गांव में भय का वातावरण है। ग्रामीणों का कहना है कि बीते कुछ दिनों से क्षेत्र में तेंदुए की आवाजाही देखी जा रही थी, लेकिन समय रहते ठोस कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों ने वन विभाग से तेंदुए को शीघ्र पकड़ने, पिंजरा लगाने और गश्त बढ़ाने की मांग की है।

स्वात्वाधिकारी एवं प्रकाशक, मुद्रक अनिल सेन द्वारा राज आफसेट मकान नं. 6 पुरानी नवीन दुनिया प्रेस गली बल्देवबाग जबलपुर-482002 (म.प्र.) से मुद्रित एवं म.नं. 502, वार्ड सरदार वल्लभ भाई शिवा नगर रामपुर छापर नयागांव, जबलपुर-482008 (म.प्र.) से प्रकाशित।
**प्रधान संपादक**-अनिल सेन*, **प्रबंध संपादक**-विनम्र ब्रजेश श्रीवास* **सह संपादक**-विजय तिवारी 'किसलय', **समूह संपादक**-राजेन्द्र त्रिवेदी* एमपीएचआईएन/2015/64079 *(समस्त विवाद का न्यायिक क्षेत्र जिला न्यायालय जबलपुर रहेगा)। फोन नं। 9425829211/7974653740